3 राजधानी
मैथिली को रोजी-रोटी की भाषा बनाएं

6 अभिमत
सैन्य उद्योगों से जलवायु परिवर्तन

9 राष्ट्रीय
हिमाचल प्रदेश में 75.6 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान

10 विदेश
जयशंकर ने ब्लिंकन से मुलाकात की

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 12
नई दिल्ली, सोमवार, 14 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सिंधू विश्व टूर फाइनल से हटी
स्पोर्ट्स-12

### सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित की राय

# पूर्व सीजेआई का रास सदस्य या राज्यपाल बनना सही नहीं

- कहा- यह डिमोशन नहीं है, लेकिन प्रधान न्यायाधीश के स्तर के अनुरूप नहीं है
- पूर्व सीजेआई ने कहा कि ये उनका निजी विचार है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में रविवार को अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित करते भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित। साथ में उनकी पत्नी अमिता ललित

**भारत के पूर्व** प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित ने रविवार को कहा कि राज्यसभा के लिये नामित किया जाना या राज्यपाल नियुक्त किया जाना भारत के प्रधान न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त होने वाले व्यक्ति के लिए उचित नहीं है। हालांकि जस्टिस ललित ने साफ कर दिया कि यह उनका व्यक्तिगत दृष्टिकोण है। लेकिन उनकी इस टिप्पणी से 2019 नवंबर में सीजेआई के पद से रिटायर होने के छह महीने के अंदर जस्टिस रंजन गोगोई को संसद के ऊपरी सदन के लिए नामित किए जाने को लेकर उठा विवाद फिर जोर पकड़ लेगा। एनडीटीवी से बातचीत में भारत के सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) उदय उमेश (यूयू) ललित ने कहा कि वह रिटायर होने के बाद सरकारी नियुक्ति को स्वीकार करने के खिलाफ नहीं हैं, मगर वह खुद राज्यसभा सदस्य या किसी राज्य का राज्यपाल बनने के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करेंगे। उदय उमेश ललित ने कहा, ऐसा नहीं है कि मैं इन पदों को पदावनति (डिमोशन) के रूप में देखता हूं लेकिन प्रधान न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त होने वाले व्यक्ति के लिए यह उचित नहीं है। राज्यसभा का सदस्य या राज्यपाल बनना सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश के लिए सही विचार नहीं है। उदय उमेश ललित ने यह जवाब पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई जैसे न्यायाधीशों के सेवानिवृत्ति के बाद सरकारी पद स्वीकार करने के एक सवाल पर दिया। उदय उमेश ललित ने कहा कि यह मेरा निजी विचार है। मैं यह सुझाव नहीं दे रहा हूं कि वे लोग गलत हैं। न्यायमूर्ति ललित ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के प्रमुख, लोकपाल और विधि आयोग के प्रमुख को नौकरी के रूप में उल्लेख करते हुए कहा कि अगर उनसे इसके बारे में पूछा जाए तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। उदय उमेश ललित ने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्यसभा एक पूरी तरह से अलग चीज है। मेरे कहने का मतलब यह है कि एनएचआरसी के अध्यक्ष जैसे पदों ... पर कानून के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट के जज, पूर्व मुख्य न्यायाधीशों को नियुक्ति लेने का अधिकार है। इन्हें संसद ने पारित किया है और संसद ने निर्धारित किया है कि इन पदों पर सुप्रीम कोर्ट के जज, पूर्व प्रधान न्यायाधीश आदि काम कर सकते हैं। हम संसद के विवेक से चलते हैं। पूर्व प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वह शिक्षण संस्थानों में कानून पढ़ाना पसंद करेंगे। 'शायद राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में या अतिथि प्रोफेसर के रूप में कुछ लॉ स्कूलों में काम करूं।' जस्टिस ललित ने कॉलेजियम के जरिये जजों की नियुक्ति का बचाव किया और कहा कि यह 'बिलकुल सही और संतुलित' रास्ता है।

# आदिवासी छात्रों के लिए 2025 तक चालू हो जाएंगे 740 एकलव्य स्कूल

- इन मॉडल आवासीय विद्यालयों में 2026 तक पढ़ने लगेंगे साढ़े तीन लाख छात्र, 36,000 शिक्षक होंगे भर्ती

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**आदिवासियों** को आधुनिक परिवेश से जोड़ने एवं बेहतर शिक्षा देने की कोशिशों के तहत एकलव्य स्कूलों के रूप में केंद्र सरकार ने नई पहल की है। केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय को उम्मीद है कि देश भर में आदिवासी छात्रों के लिए बनाए गए 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआर) में 2026 तक 3.5 लाख छात्रों का दाखिला हो जाएगा और इनके लिए 36,000 शिक्षक भर्ती कर लिए जाएंगे।

ये स्कूल 2022 तक चालू हो जाने थे, लेकिन अब 2025 का लक्ष्य दिया गया है। वर्तमान में ये स्कूल शिक्षकों की भारी कमी का सामना कर रहे हैं, जबकि कई स्कूलों में अभी भी निर्माण कार्य चल रहा है। इस समय एकलव्य स्कूलों में सिर्फ 5,000 शिक्षक कार्यरत हैं। नवंबर तक, कुल 688 एकलव्य स्कूल स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 392 में पढ़ाई चल रही है और लगभग 105463 छात्र यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। शिक्षकों की भर्ती के लिए मंत्रालय नेशनल एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स (एनईएसटी) के पुनर्गठन की उम्मीद जता रहा है। सरकार ने केंद्रीय कोष से संचालित होने वाले इन स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने का फैसला किया है। केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने हाल ही में कहा कि एनईएसटी के प्रशासनिक कायापलट को बहुत जल्द मंजूरी मिल जाएगी। मंत्रालय के संयुक्त सचिव नवल जीत कपूर ने द पायनियर को बताया कि शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया व्यय विभाग के साथ जोरों पर चल रही है। एक बार इसके पूरा होने के बाद शिक्षक भर्ती प्रक्रिया बिना किसी समस्या के सुचारू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रस्तावित सभी 740 स्कूलों के लिए अनुशंसित आंकड़ों के अनुसार 36,000 शिक्षकों की भर्ती होगी। कपूर ने कहा कि 2026 तक 3.5 लाख छात्रों को शैक्षिक लाभ प्रदान करने वाले सभी स्कूल चालू हो जाएंगे, जिनमें से 50 प्रतिशत लड़कियां होंगी। उन्होंने स्कूलों के निर्माण की स्थिति का विवरण देते हुए कहा कि कम से कम 62 स्कूल जमीन और अन्य मंजूरी संबंधी अड़चनों में उलझे हैं। पिछले साल 32 स्कूल स्थापित किए गए हैं। इनमें से आठ स्कूल उद्घाटन के लिए तैयार हैं और 230 स्कूलों में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। कपूर ने यह भी कहा कि 12 एकलव्य मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल (ईएमडीबीएस) को जल्द ही संबंधित राज्यों द्वारा वांछित आवासीय विद्यालयों में परिवर्तित कर दिया जाएगा। ईएमआर चलाने के इच्छुक राज्यों को ऐसा करने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन केंद्र पुरानी योजना के तहत संचालित स्कूलों को भी अपने अधीन ले रहा है।

वर्ष 2022 तक 452 एकलव्य विद्यालयों का निर्माण पूरा हो जाना था, लेकिन लक्ष्य पूरा नहीं होने के कारण एक संसदीय पैनल ने मंत्रालय की आलोचना की है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता पर पैनल ने अप्रैल में लोकसभा में पेश की गई अपनी रिपोर्ट में कहा था कि मंजूर किए जाने वाले प्रस्तावित स्कूलों की संख्या और वास्तविक मंजूरी के बीच काफी अंतर है। इसने यह भी कहा कि 2018-19 में योजना में सुधार से पहले 1997-98 में स्वीकृत 288 स्कूलों में से केवल 244 स्कूलों को संचालित किया जा सका है। वर्ष 2022 तक शेष 462 उप-जिलों में 12 एकलव्य मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल सहित 452 नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित करने का लक्ष्य था, लेकिन यह अभी हाल फिलहाल पूरा होता नहीं दिख रहा है। अब इन्हें 2025 तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है।

# पिता की हत्या के बारे में पूछा और फिर रो पड़ी थीं प्रियंका

- राजीव गांधी हत्याकांड की दोषी नलिनि श्रीहरन से 2008 में जेल में की थी मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई



चेन्नई में पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देती नलिनी श्रीहरन

**पूर्व** प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में रिहा हुए दोषियों में से एक नलिनी श्रीहरन ने रविवार को यहां कहा कि प्रियंका गांधी ने वर्ष 2008 में जेल में उससे मुलाकात के दौरान अपने पिता की हत्या के बारे में पूछा था। नलिनी ने अब तक के अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में संबंधित मुलाकात के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए यहां कहा कि वह जो कुछ भी जानती थी, उसके बारे में प्रियंका को बता दिया।

यह पूछे जाने पर कि 2008 में तमिलनाडु के वेल्लोर केंद्रीय कारागार में मुलाकात के दौरान प्रियंका मजबूत दिखी थीं या भावुक होकर रो पड़ी थीं, नलिनी ने कहा, हां वह बहुत भावुक हो गई थीं। नलिनी ने कहा कि समय बीतने के बावजूद, अपने पिता की हत्या के कारण प्रियंका को मिले घाव उस मुलाकात में भी ठीक नहीं हुए थे।

दोबारा यह पूछे जाने पर कि क्या प्रियंका रो पड़ी थीं, नलिनी ने कहा, हां। राजीव गांधी की 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक आत्मघाती विस्फोट में हत्या कर दी गई थी। नलिनी ने कहा कि मुलाकात में हुई अन्य बातों का खुलासा नहीं किया जा सकता क्योंकि यह प्रियंका के निजी विचारों से संबंधित है।

नलिनी को 12 नवंबर को उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद रिहा कर दिया गया था। यह पूछे जाने पर कि क्या उसे गांधी परिवार के सदस्यों से मिलने में कोई झिझक रही है, नलिनी (शेष पेज 8)

# पंजाब में लगी बंदूक संस्कृति को बढ़ावा देने वाले गीतों पर पाबंदी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

- राज्य सरकार ने नियमों को किया कड़ा, हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर भी रोक

**पंजाब** सरकार ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर विपक्षी दलों की ओर से हो रही आलोचनाओं के बीच रविवार को नियमों को कड़ा करते हुए हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन (सोशल मीडिया समेत) और बंदूक संस्कृति तथा हिंसा को बढ़ावा देने वाले गीतों पर प्रतिबंध लगा दिया।

इस संबंध में जारी एक आदेश के अनुसार, राज्य सरकार ने अगले तीन महीने में शस्त्रों के लाइसेंस की समीक्षा करने का निर्देश दिया है और इस अवधि में कोई नया लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि सार्वजनिक सभाओं, धार्मिक स्थलों, शादी समारोहों और अन्य कार्यक्रमों में हथियार ले जाने तथा इनके प्रदर्शन पर पूरी तरह पाबंदी लगनी चाहिए।

इस आदेश में कहा गया है कि किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत संबंधी बयानबाजी में लिप्त लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। राज्य में कथित रूप से बिगड़ती कानून व्यवस्था और कई सनसनीखेज हत्याकांड को लेकर भगवंत मान सरकार को शिरोमणि अकाली दल, भाजपा और कांग्रेस की ओर से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

पंजाब में हाल ही में दो बड़ी घटनाएं हुई हैं। चार नवंबर को शिवसेना (टकसाली) के नेता सुधीर सूरी और 10 नवंबर को डेरा सच्चा सौदा के अनुयाई प्रदीप सिंह की हत्या कर दी गई। इसके पहले जालंधर में मार्च महीने के दौरान अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी संदीप नंगल अंबियन और मई में गायक सिद्धू (शेष पेज 8)

# पालतू कुत्ते ने काटा तो मालिक पर लगेगा दस हजार रुपये जुर्माना

**रिंकू यादव।** नोएडा

- नोएडा में कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए लाई गई नई नीति, व्यापक विमर्श के बाद होगी लागू
- पालतू कुत्तों और बिल्लियों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया, ऐसा न करने पर 2000 रुपये जुर्माना लगेगा

**एनसीआर** के महत्वपूर्ण शहर नोएडा में पालतू एवं आवारा कुत्तों के आतंक से निजात पाने के लिए शहर की व्यवस्था संभालने वाले प्राधिकरण ने नई नीति लागू की है। इसके तहत यदि कोई पालतू कुत्ता किसी को काट लेता है तो इलाज का पूरा खर्च उसका मालिक उठाएगा अथवा जुर्माने के तौर दस हजार रुपये देगा। यही नहीं, आवारा कुत्तों को लेकर अथॉरिटी ने कड़े नियम बनाए हैं। अब इन कुत्तों को चाहने वाले लोग जहां-तहां खाना नहीं डाल पाएंगे। पालतू और आवारा कुत्तों को लेकर नोएडा शहर में लगातार विवाद बढ़ रहे हैं।

पिछले करीब एक साल के दौरान आवारा कुत्तों को लेकर मारपीट, झगड़े.फ साद और मुकदमेबाजी बढ़ी हैं। इतना ही नहीं, कुत्तों के हमले में एक मासूम बच्चे समेत कई लोगों की जान जा चुकी हैं। इसी के मद्देनजर नई नीति को बोर्ड बैठक में मंजूरी दे दी गई है। नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी ने कहा कि कुत्तों के आतंक एवं इन्हें लेकर पड़ोसियों, सोसाइटियों में आए दिन होने वाले विवादों से छुटकारा पाने के लिए एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया की गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए प्राधिकरण ने नीति निर्धारित की है। अब नोएडा शहर में इस नीति के मुताबिक लोग पालतू पशु रख सकेंगे। इनमें कुत्ता और बिल्ली भी शामिल हैं। रितु महेश्वरी ने बताया कि आवारा कुत्तों को खुले में खाना खिलाने की पाबंदी रहेगी। डॉग लवर निर्धारित जगहों पर ही कुत्तों को खाना खिला सकते हैं।

सीईओ ने बताया कि पालतू कुत्तों और बिल्लियों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए 31 जनवरी 2023 अंतिम तारीख निर्धारित की गई है। इनके मालिकों को नोएडा अथॉरिटी पैड रजिस्ट्रेशन ऐप पर जाकर पंजीकरण करना होगा। निर्धारित शुल्क जमा करके रजिस्ट्रेशन हासिल करना होगा। जो लोग 31 जनवरी 2023 तक पंजीकरण नहीं करेंगे उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। पालतू कुत्तों के स्टेरलाइजेशन और एंटी रेबीज वैक्सीनेशन की अनिवार्यता रहेगी। अगर कुत्तों के मालिक इसका उल्लंघन करते हैं तो 1 मार्च 2023 से हर महीने 2000 रुपये का जुर्माना (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,795 | |
| निफ्टी | 18,349 | |
| सोना | 52,669 | /10g |
| चांदी | 62,858 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रामदेव की फर्म के पांच उत्पादों पर लगा प्रतिबंध रद्द हुआ

**देहरादून।** योग गुरु बाबा रामदेव की दिव्य फार्मेसी की मधुमेह, उच्च रक्तचाप, काला मोतिया, घेघा और अधिक कोलेस्ट्राल के उपचार की पांच औषधियों के उत्पादन पर रोक लगाने संबंधी आदेश को उत्तराखंड आयुर्वेद एवं यूनानी लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने रद्द कर दिया है। पूर्व में जारी अपने आदेश में सुधार करते हुए प्राधिकरण ने शनिवार को एक नया आदेश जारी किया जिसमें कंपनी को इन औषधियों का उत्पादन जारी रखने की अनुमति दी गई है। नौ नवंबर के पिछले आदेश का हवाला देते हुए राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के औषधि नियंत्रक जीसीएन जंगपांगी ने कहा कि यह जल्दबाजी में जारी कर दिया गया था। आदेश जारी करने से पहले हमें कंपनी को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने के लिए समय देना चाहिए था।

# लिवरपूल एफसी खरीदने की दौड़ में मुकेश अंबानी

- इंग्लैंड के समाचार पत्र द मिरर में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार फुटबाल क्लब का मालिक एफएसजी इसे बेचना चाहता है

**भाषा।** लंदन



**भारतीय** अरबपति मुकेश अंबानी दुनिया के मशहूर इंग्लिश फुटबॉल क्लब लिवरपूल एफसी को खरीदने की दौड़ में शामिल हो गए हैं। यह रिपोर्ट इंग्लैंड के दैनिक समाचार पत्र द मिरर की है।

इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) क्लब का मौजूदा मालिक फेनवे स्पोर्ट्स ग्रुप (एफएसजी) इसे बेचना चाहता है जिसने अक्टूबर 2010 में मर्सीसाइड क्लब खरीदा था। द मिरर की खबर के अनुसार एफएसजी अपने क्लब को चार अरब ब्रिटिश पाउंड में बेचने का इच्छुक है। रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अंबानी ने क्लब के बारे में जानकारी ली है।

फोर्ब्स की रेटिंग में दुनिया के आठवें सबसे रईस अंबानी के मुंबई मुख्यालय और (शेष पेज 8)

# इंग्लैंड फिर बना टी-20 का बादशाह, पाक हुआ पस्त

- पाकिस्तान के 137 रन के लक्ष्य को इंग्लैंड ने 19वें ओवर में पांच विकेट खोकर प्राप्त कर लिया

**भाषा।** मेलबर्न




मेलबर्न में टी-20 विश्वकप जीतने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी

**सैम** करन की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी के बाद बेन स्टोक्स (नाबाद 52 रन) के अर्धशतक से इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप 2022 के रोमांचक फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर दूसरी बार चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया।

इंग्लैंड ने 2010 में वेस्टइंडीज में पॉल कोलिंगवुड की कप्तानी में पहला टी20 विश्व कप खिताब जीता था। इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सैम करन और लेग स्पिनर आदिल राशिद ने पाकिस्तानी बल्लेबाजी लाइनअप को इतने दबाव में ला दिया था कि प्रतिद्वंद्वी टीम आठ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की कमाल की गेंदबाजी के सामने इंग्लैंड की टीम दबाव में आ गई थी लेकिन शाहीन शाह अफरीदी (2.1 ओवर में 13 रन देकर एक विकेट) के चोटिल होकर मैदान से बाहर जाने के बाद मैच का रुख बदल गया। स्टोक्स की 49 गेंद (पांच चौके, एक छक्का) की पारी से इंग्लैंड 19 ओवर में पांच विकेट पर 138 रन बनाकर चैम्पियन बना। स्टोक्स ने 2019 वनडे विश्व कप में भी अपनी टीम को चैम्पियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम की इसी मैदान पर अपने देश के महान क्रिकेटर इमरान खान की उपलब्धि (1992 की 50 ओवर की विश्व कप विजेता टीम) की बराबरी करने की तमन्ना पूरी नहीं हो सकी। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही, उसने पावरप्ले में 49 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे जबकि इस समय पाकिस्तान का स्कोर एक विकेट पर 39 रन था।

पाकिस्तान को पहली सफलता अफरीदी ने दिलाई जिन्होंने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स (01) को बोल्ड कर दिया। हेल्स ने भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 86 रन बनाए थे। इस झटके के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर (17 गेंद में 26 रन) और फिल सॉल्ट (10) संभलकर खेलते हुए 25 रन ही जोड़ सके थे। तभी चौथे ओवर में दो गेंद डालने के बाद हारिस रऊफ़ (23 रन देकर दो विकेट) ने गुडलेंथ गेंद पर सॉल्ट को आउट किया जो लेग साइड में पुल करने के प्रयास में मिडविकेट पर इफ्तिखार अहमद को आसान कैच दे बैठे। रऊफ ने अपने दूसरे ही ओवर में खतरनाक (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 14 नवंबर, 2022



# ई-नीलामी को लेकर प्राधिकरण ने बनाये सख्त नियम

## बड़ी-बड़ी बोली लगाने के बाद तकनीकी आधार का बहाना बनाकर पीछे हट गए थे आवेदक


ऋतु माहेश्वरी




पायोनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा अथॉरिटी ने भूखंडों का आवंटन नीलामी के जरिए करना शुरू कर दिया है। पिछले दिनों शहर में आवासीय भूखंडों की नीलामी की गई। जिसमें कई लोगों ने अप्रत्याशित रूप से बड़ी-बड़ी बोलिया लगाई हैं।

मसलन, एक 450 वर्गमीटर के भूखंड के लिए तो 100 करोड़ रुपए से ज्यादा बड़ी बोली लगाई। बाद में तकनीकी गलती का बहाना बनाकर प्लॉट खरीदने से इंकार कर दिया। अब ऐसे मामलों में ई-नीलामी की व्यवस्था को और कड़ा कर दिया है। इससे जुड़े प्रस्ताव शनिवार को नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में पास किए गए हैं। नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने कहा अब नोएडा प्राधिकरण अपनी परिसंपत्तियों का आवंटन ई.नीलामी के माध्यम से कर रहा है। जिसमें जनसामान्य उत्साहजनक रूप से भाग ले रहा है। परंतु ऐसे प्रकरण भी सामने आए हैं, जिनमें भूखंडों के सापेक्ष बोली लगाने वालों ने अप्रत्याशित रूप से अधिक और अव्यवहारिक धनराशि की बोलियां लगाई हैं।

बाद में धनराशि जमा करने से इंकार कर दिया। इन अप्रासंगिक, तर्कहीन, शरारतपूर्ण और दूषित मानसिकता से लगाई गई बोलियों से अन्य आवेदकों के अवसर समाप्त हुए हैं। रितु महेश्वरी ने आगे कहा भविष्य की योजनाओं में इस तरह की अव्यवहारिक और अप्रत्याशित ऊंची बोलियों को हतोत्साहित किया जाएगा।

गंभीर आवेदकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस तरह के आवेदकों की धरोहर या पंजीकरण राशि को 100: जब्त कर लिया जाएगा। इसके अलावा और कई बदलाव किए गए हैं। मतलब, परिसंपत्ति में आवेदक जो पेमेंट प्लान चयनित करेगा, उसके अनुसार निर्धारित समयावधि में भूखंड समर्पण का आवेदन कर सकता है। सीईओ ने कहा कि समय सीमा बीतने के बाद सरेंडर एप्लीकेशन स्वीकार नहीं की जाएंगी। ऐसे प्रत्येक मामले में न्यूनतम 30: धनराशि की कटौती की जाएगी। आवंटित भूखंड के सापेक्ष पूर्ण धनराशि जमा करने के बाद प्लॉट का सरेंडर एप्लीकेशन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### नवजात को बिना पास के अस्पताल से ले जा रही महिला को सुरक्षाकर्मी ने पकड़ा

**गाजियाबाद।** जिला महिला अस्पताल से बिना पास के नवजात बच्चे को ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला बच्चे को कपड़े में लपेट कर स्टाफ नर्स को बिना बताए जा रही थी, लेकिन अस्पताल के सुरक्षाकर्मी ने उसे पकड़ लिया और अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार सराय नजर अली मोहल्ले में रहने वाले सरवर की पत्नी शाहजहां को रविवार को सुबह महिला अस्पताल प्रसव पीड़ा के बाद भर्ती कराया गया था। महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया। सामान्य डिलीवरी होने की वजह से जच्चा और बच्चा को वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया था। दो बजे के करीब प्रसूता की एक रिश्तेदार महिला मिलने के लिए वार्ड में प्रथम तल पर पहुंची और एक बच्चे को खिलाने के लिए गोद में ले लिया। महिला ने नवजात को एक कपड़े में लपेट लिया और स्टाफको बिना बताए ही नवजात को लेकर नीचे आ गई और गेट से बाहर निकलने लगी।

## संक्षिप्त समाचार


बुलंदशहर जा रहे सांसद संजय सिंह का दादरी में स्वागत करते आप कार्यकर्ता

### घर में घुसकर कारोबारी युवती के सिर पर तमंचा ताना

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थानाक्षेत्र की एक कालोनी में कारोबारी युवती के घर में घुसकर बीएसएफ जवान द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने युवती के साथ मारपीट करते हुए सिर पर तमंचा तान दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, कपड़े की दुकान चलाने वाली पीड़िता युवती ने शिकायत दी है कि क्षेत्र में रहने वाला एक युवक विकास त्यागी अपने को बीएसएफ का जवान बताता है। आए दिन आरोपी उनके घर के आसपास घूमता है। आरोप है कि विकास उनकी दुकान पर पहुंचा और उनके साथ बदतमीजी करने लगा। फिर घर पर भी इनके साथ आरोपी ने छेड़छाड़ और मारपीट की।

### गांव के युवक ने मकान में हजारों की चोरी

**गाजियाबाद।** सदरपुर गांव के एक घर में ग्राम के युवक ने ही घुसकर हजारों के सामान पर हाथ साफकर दिया। शोर होने पर मकान मालिक की आंख खुल गई और उन्होंने युवक को पहचान लिया। पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, सदरपुर गांव में लोकदीप वत्स परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने शिकायत दी है कि 11 नवंबर की रात उनके घर में एक युवक घुस आया। शोर सुनकर वह उठ गए और देखा कि गांव का ही एक युवक रितिक उनकी दीवार कूदकर भाग रहा है। उन्होंने भागते हुए आरोपी को पहचान लिया। उन्होंने घर में आकर देखा तो सोने.चांदी के गहने व 22 सौ रुपये चोरी हो चुके थे। उन्होंने लोगों की मदद से गांव में आरोपी की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। थाना प्रभारी का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### चोरी की बाइक पर घूम रहे दो बदमाश पकड़े गए

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना पुलिस ने शनिवार रात को सेक्टर 54 से दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाश चोरी की बाइक पर घूम रहे थे। पुलिस ने उनसे लूट के मोबाइल बरामद किए हैं। थाना पुलिस रात को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि दो बदमाश सेक्टर 54 के पास किसी वारदात को अंजाम देने वाले हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में बदमाशों की पहचान दिल्ली के दल्लुपुरा गांव निवासी कन्हैया कुमार झा और अजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की बाइक, लूट के तीन मोबाइल बरामद किए हैं। आरोपी चोरी की बाइक पर ही घूम रहे थे।

### दुष्कर्म करने का आरोपी पकड़ा

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने पुलिस को शिकायत दी थी कि विशाल नाम के युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब युवती ने उससे शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने इनकार कर दिया। इसके अलावा पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफकेस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# सांसद महेश शर्मा के करीबी की दोनों टांगें तोड़ने वाले बदमाश उत्तराखंड में गिरफ्तार

- तीन आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल और तमंचा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


घायल पीड़ित

गौतमबुद्ध नगर के भाजपा सांसद महेश शर्मा के करीबी भाजपा कार्यकर्ता सिंगा पंडित उर्फ संचित शर्मा की दोनों टांग तोड़ने वाले बदमाशों को उत्तराखंड एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। सूत्रों का दावा है कि बदमाशों ने उत्तराखंड में समर्पण किया है। इसमें एक पुलिसकर्मी ने अहम भूमिका निभाई है।

तीन नवंबर को केंद्रीय विद्यालय के समीप दो स्कार्पियो सवार 7 से 8 बदमाशों ने भाजपा कार्यकर्ता सिंगा पर हमला किया था। आरोपियों ने सिंगा के दोनों पैर तोड़ दिए थे। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पिछले 10 दिनों में पुलिस और प्रशासन के अलग-अलग अधिकारियों को 5 से अधिक ज्ञापन सौपे थे। पकड़े गए तीनों बदमाशों की पहचान हरिपाल, गौरव चंदेल और गौरव बैंसला के रूप में हुई है। हरिपाल हरियाणा के रेवाड़ी का रहने वाला है। गौरव चंदेल हरियाणा के फरीदाबाद, गौरव बैंसला उत्तर प्रदेश के बागपत का रहने वाला है।

तीनों के कब्जे से दो पिस्टल एक तमंचा व घटना में इस्तेमाल स्कार्पियो बरामद की गई है।

### जमीन का अनुबंध कर 7.50 लाख हड़पे, दूसरे के नाम किया बैनामा

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थानाक्षेत्र में जमीन का अनुबंध होने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं करने और 7.50 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी ने जमीन का बैनामा किसी दूसरे व्यक्ति के नाम कर दिया है। इसके बाद रकम वापस मांगने पर आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है।

पीड़ित ने आरोपी प्रवीण, शैलेंद्र, कमलेश और अनिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, नंदग्राम में रहने वाले ओमप्रकाश ने शिकायत दी है कि 2018 में उन्होंने देवेंद्र और उनके बेटे प्रवीण और शैलेंद्र से चंपतनगर जलालाबाद में आठ लाख में जमीन का अनुबंध किया था। यह अनुबंध रजिस्ट्री कार्यालय में हुआ। इसकी एवज में उन्होंने प्रवीण और शैलेंद्र को 7.50 लाख दिए जबकि 50 हजार रुपये रजिस्ट्री के दौरान देने थे, लेकिन आरोपियों ने काफी समय तक बैनामा नहीं किया। इसी बीच देवेंद्र की मृत्यु हो गई।

# सोसाइटी के बाहर सांडों का तांडव, बच्ची समेत 3 घायल



- प्राधिकरण के खिलाफ लोगों में रोष

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर में आवारा कुत्तों के साथ साथ आवारा पशुओं भी चिंता का विषय बन गया है। आए दिन सड़कों पर आवारा पशुओं के वजह से वाहनों की दुर्घटना आम हो गया है। शनिवार को फ्यूजन होम्स सोसायटी स्थित सोसायटी के बाहर दो सांडों की लड़ाई में दो महिलाएं और चार साल की बच्ची घायल हो गई हैं। महिलाएं सुबह अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने के लिए बस स्टॉप पर आए हुए थे।

फ्यूजन होम्स सोसायटी के टावर ए निवासी गुड़िया कुमारी शनिवार सुबह करीब 8 बजे अपने बच्चे को स्कूल बस पर छोड़ने आई हुई थी। कुछ देर बाद फ्यूजन होम्स गेट पर हुई घटना टावर आई निवासी विजय भास्कर की पत्नी अपने बेटे को स्कूल बस में बैठाने के लिए आईं। उनके साथ बेटा और चार साल की बेटी ईशानी भी थे।

गुड़िया ने अपनी बेटी और विजय की पत्नी ने अपने बेटे को बस में बैठाकर स्कूल भेज दिया। इसके बाद ईशानी 4 के साथ सोसायटी के गेट की तरफ लौट रही थीं तभी यह लोग हादसे का शिकार हो गए। दो सांड की चपेट में गुड़िया, विजय की पत्नी और ईशानी आ गए। तीनों को चोट आई है। इस घटना के बाद सोसायटी के लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि आए दिन आवारा पशुओं के वजह से दुर्घटना होती रहती हैं लेकिन उसके बावजूद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एक्शन नहीं ले रहा है।


**सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड**
सीआईएन : L74899DL1994PLC061995
पंजीकृत कार्यालय : एनएस-92, खसरा सं.-33/21, राणाजी एन्क्लेव, नजफगढ़, अर्जुन पार्क बस स्टैंड के समीप, नई दिल्ली-110043
ईमेल : superiorfinlease@gmail.com वेबसाइट : www.superiorfinlease.com
30 सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सारांश
(रुपये लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30-09-22 (अलेखापरीक्षित) | 30-06-22 (अलेखापरीक्षित) | 30-09-21 (अलेखापरीक्षित) | 30-09-22 (अलेखापरीक्षित) | 30-09-21 (अलेखापरीक्षित) | 31-03-22 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 51.51 | 50.17 | 32.12 | 101.69 | 49.28 | 140.30 |
| 2 | अवधि हेतु निवल लाभ (कर, आपवादिक एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 25.52 | 12.29 | 25.75 | 37.81 | 36.88 | 25.40 |
| 3 | कर पूर्व अवधि हेतु निवल लाभ (आपवादिक एवं/अथवा असाधारण मदों के उपरांत) | 25.52 | 12.29 | 25.75 | 37.81 | 36.88 | 25.40 |
| 4 | कर उपरांत अवधि हेतु निवल लाभ (आपवादिक एवं/अथवा असाधारण मदों के उपरांत) | 25.75 | 12.29 | 25.75 | 37.81 | 36.88 | 18.77 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ (कर उपरांत) तथा अन्य व्यापक आय (कर उपरांत) से समाविष्ट] | 25.52 | 12.29 | 25.75 | 37.81 | 36.88 | 18.77 |
| 6 | समता अंश पूंजी | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 |
| 7 | आरक्षितियां (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों को छोड़कर), पूर्ववर्ती वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र में निदर्शितानुसार | 3.31 | 3.31 | 3.31 | 3.31 | 3.31 | 3.31 |
| 8 | आय प्रति अंश (रु. 10/- प्रत्येक का) (परिचालनरत् एवं अपरिचालित परिचालनों के लिये) (क) मूल (रु. में) | 0.09 | 0.04 | 0.09 | 0.13 | 0.12 | 0.06 |
| | (ख) तरलीकृत (रु. में) | 0.09 | 0.04 | 0.09 | 0.13 | 0.12 | 0.06 |

टिप्पणियां:
- उपरोक्त सारांश, सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास फाइलबद्ध त्रैमासिक एवं अर्द्धवार्षिक परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सारांश हैं। त्रैमासिक परिणामों का पूर्ण प्रारूप, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.msei.in एवं www.bseindia.com) पर तथा कंपनी की वेबसाइट (www.superiorfinlease.com) पर उपलब्ध है।

कृते सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
हस्ता./-
रजनीश कुमार
निदेशक
डीआईएन : 02463693

दिनांक : 12.11. 2022
स्थान : नई दिल्ली


### टोल टैक्स बचाने के लिए बनाया नोएडा पुलिस का फर्जी आईकार्ड

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना पुलिस ने पुलिस के फर्जी आईकार्ड के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से होमगार्ड पुलिस के 3 फर्जी आईकार्ड, 2 अलग-अलग पते के आधार कार्ड और 1 गाड़ी बरामद की है। बता दें, सूरजपुर थाना पुलिस तिलपता चौक के पास चेकिंग कर रही थी। तभी स्विफ्ट गाड़ी से एक युवक आया।

पुलिस ने उसकी गाड़ी को चेक करना चाहा तो उसने स्टाफ का बताते हुए मना कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उससे आई कार्ड मांगा तो उसने पुलिस को होमगार्ड का आई कार्ड दिखा दिया। जब पुलिस ने बताया कि यह होमगार्ड का आई कार्ड है तो उसने दूसरा आई कार्ड भी दिखा दिया जो कि यूपी पुलिस का था। इसके बाद पुलिस ने उससे गहनता से पूछताछ की और उससे फर्जी आई कार्ड के बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसका नाम शनि है वह पुलिस में नहीं है। उसने यह दोनों ही आई कार्ड फर्जी बना रखे हैं। टोल टैक्स बचाने के लिए इन फर्जी आई कार्ड का इस्तेमाल करता है। जिसके बाद पुलिस पकड़ कर उसे सुरजपुर थाने ले आई। उसके खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और उसे जेल भेज दिया।

### प्लॉट के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण की फर्जी साइट बनाकर लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले आरोपी को बिसरख पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने यमुना प्राधिकरण से मिलती-जुलती वेबसाइट बनाई और उस पर आवासीय योजनाओं के लिए स्कीम निकाली।

इस स्कीम के साथ ही साइड पर बुकिंग करने के लिए कई प्रकार के ड्रॉ चलाए। जिसमें लोगों को फंसा कर करोड़ों की ठगी की। मधुर सहगल को पुलिस ने यमुना विकास प्राधिकरण की नकली वेबसाइट बनाकर लोगों से ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वेबसाइट बनाई। यह वेबसाइट यमुना प्राधिकरण की वेबसाइट से मिलती जुलती थी। इसके बाद यमुना विकास प्राधिकरण से मिलते जुलते कागज इस वेबसाइट पर अपलोड किए।

# अंतरराज्यीय वाहन लुटेरे से पुलिस की मुठभेड़

- एक दर्ज से अधिक मुकदमें थे दर्ज, पैर में लगी गोली-गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा पुलिस की रविवार को शातिर लुटेरे से दिनदहाड़े मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल अवस्था में बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। यह बदमाश बड़े ही शातिर किस्म का वाहन लुटेरा है। इस पर एक दर्जन से ज्यादा लूट के मुकदमे दर्ज हैं। यह हिस्ट्रीशीटर भी रह चुका है।

नोएडा की थाना सेक्टर 126 पुलिस रविवार को सेक्टर 132 के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की, जवाबी फायरिंग में बदामश के पैर में गोली लग गई।

इस दौरान पुलिस ने उसको पकड़ लिया। बदमाश की पहचान मोहित उर्फ डिग्गा के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि यह अंतरराज्यीय वाहन लुटेरा है, जो अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की घटनाओं को अंजाम दिया करता था। इसके कई साथी पहले ही जेल जा चुके हैं। पुलिस को लंबे समय से इसकी तलाश थी। इस पर ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद, बरेली, बदायूं व उसके अलावा गुरुग्राम और दिल्ली में एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। नोएडा के एडिशनल डीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि सेक्टर 132 के पुस्ता रोड के पास पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है।


**ICICI Bank**
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है", के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | पूजा तिवारी (कर्जदार), शिवम तिवारी (सह कर्जदार) LBGHZ00005051413 | फ्लैट नंबर 1093, तीसरी मंज़िल, न्यू एलआईजी फ्लैट्स, कोंडली घरोली, मयूर विहार फेज 3, दिल्ली. क्षेत्रफल 301.38 वर्ग फीट | रु. 25,18, 114.1 (नवम्बर 07, 2022 तक) | रु. 20,50, 000/- / रु. 2,05,000/- | नवम्बर 23, 2022 को सु. 10:00 बजे से सु. 11:30 बजे तक | दिसम्बर 06, 2022 सु. 10:00 बजे से सु. 11:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसम्बर 05, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अतिम अवसर दिया जाता है, जिसमे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में दिनांक- **दिसम्बर 05, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक **दिसम्बर 05, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **दिसम्बर 05, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/ 7304914763** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड**, इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

**तिथि : नवम्बर 14, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**


# रन फॉर योर हार्ट: बेहतर सेहत के लिए दौड़ा गाजियाबाद

## देश के सबसे लंबे एलिवेटेड रोड पर हुई उत्तर प्रदेश की दूसरी 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



दौड़ को झंडी दिखाते केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, सांसद वीके सिंह व अन्य

वार्षिक यशोदा हाफ मैराथन के द्वितीय एडिशन के अवसर पर रविवार को 21 किलोमीटर लंबी हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर दौड़ एवं 5 किलोमीटर वॉकाथान का आयोजन हुआ। यह हाफ मैराथन यशोदा हॉस्पिटल कौशाम्बी से शुरू होकर हिंडन एलिवेटेड रोड तक गयी और यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी में खत्म हुई।

इस मैराथन में 2300 से भी ज्यादा लोगों ने भाग लिया। यह हाफ मैराथन प्रधानमंत्री मोदी के फिट इंडिया हिट इंडिया अभियान से भी प्रेरित थी तथा इस यशोदा हाफ मैराथन में आवासन और शहरी मामलों के एवं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी मुख्य अतिथि रहे। सड़क, परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग केंद्रीय राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद जनरल वी के सिंह एवं राज्य सभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे।

रविवार प्रातः 6 बजे हरदीप सिंह पुरी एवं जनरल वीके सिंह ने मैराथन को झंडी दिखा कर प्रारम्भ किया। फ्लैग ऑफ के दौरान यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ पी एन अरोड़ा जी एवं डायरेक्टर श्रीमती उपासना अरोड़ा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर शुभांग अरोड़ा, जिलाधिकारी गाज़ियाबाद राकेश कुमार सिंह, एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद मुनिराज विशेष रूप से मौजूद थे, सभी ने संयुक्त रूप से झंडी दिखा कर हाफ मैराथन को रवाना किया।

जनरल वी के सिंह ने कहा कि यशोदा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि लोग वॉक एवं रन के लिए प्रेरित हों जिससे कि वो अपने ह्रदय को स्वस्थ रख सकें और हार्ट की पम्पिंग को दुरुस्त कर सकें। डॉ पीएन अरोड़ा जो कि उत्तर प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष भी हैं उन्होंने कहा कि गाजियाबाद ही नहीं उत्तर प्रदेश में इस प्रकार की बड़े लेवल की 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन दूसरी बार आयोजित की गई है और उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली के अलावा राजस्थान, गुजरात एवं महाराष्ट्र से भी धावक आये हैं। दिल्ली पैरालम्पिक एसोसिएशन की अध्यक्षा डॉ उपासना अरोड़ा ने कहा कि इस दौड़ में विभिन्न प्रकार कि विकलांगता से ग्रस्त बच्चों ने भी हिस्सा लिया और उनमें से कुछ बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय पदक भी जीते हैं। मैराथन के सफल होने पर डायरेक्टर उपासना अरोड़ा ने कहा 2019 से प्रारम्भ हुई इस हाफ मैराथन को हर साल आयोजित किया जाएगा। दौड़ के दौरान मेडिकल पॉइंट, पब्लिक मोबाइल टॉयलेट, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट की व्यवस्था, पानी एवं एनर्जी ड्रिंक की उपलब्धता भी जगह जगह पर रही।

### डॉक्टरों ने खूब लगाई दौड़



मैराथन में कौशांबी रनर्स क्लब, एक्सप्रेसवे रनर्स, क्रॉसिंग रनर्स क्लब एवं इंदिरापुरम रनर्स क्लब के धावकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। दूसरों को फिट रहने के लिए एक्सरसाइज, प्रतिदिन दौड़ एवं वॉक की नसीहत देने वाले डॉक्टरों ने भी जब सामान्य लोगों के साथ दौड़ लगाई तो लोगों ने इसका विशेष आनंद लिया तथा डॉक्टरों को वादा किया की वे उन्हें दौड़ता देख काफी प्रेरित हुए हैं और अब नियमित रूप से सैर एवं दौड़ को चालू रखेंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# एमसीडी चुनावः 13,649 मतदान बूथों पर वोट देखने, बनवाने, कटवाने की व्यवस्था

## बीएलओ कर रहे युवाओं की मदद, मतदान से जुड़ी हर समस्या का होगा समाधान

## 'कोई मतदाता पीछे न छूटे' के विजन को बढ़ावा देने का किया जा रहा प्रयास





**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आगामी नगर निगम चुनाव में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिल्ली चुनाव आयोग विशेष अभियान चला रहा है। इसके तहत मतदाताओं की सहूलियत के लिए सभी 13649 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची में नागरिक अपना नाम देखने के साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार करने या हटाने के लिए आवेदन मौके पर ही जमा करा सकते हैं।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) डॉ. रणबीर सिंह ने रविवार को बताया कि 13000 से अधिक बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के मतदाताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं और युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। सीईओ ने बताया कि आम जनता विशेषकर युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दिल्ली के सभी बूथ केंद्रों पर 12 और 13 नवंबर को विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करने के साथ ही सभी आवश्यक सहायता प्राप्त करने में मदद करना है। विशेषकर %कोई मतदाता पीछे न छूटे% के दृष्टिकोण को भी पंख देना भी विशेष उद्देश्य है।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य आम जनता को मतदाता सूची में नाम खोजना, मतदाता पहचान पत्र के लिए नामांकन, मतदाता पहचान पत्र में सुधार, नाम हटाना आदि जैसी हर संभव सहायता प्रदान करना है। राष्ट्रीय राजधानी में कुल 13,649 मतदान केंद्रों पर शिविर लगाए गए थे। डॉ. सिंह ने आगे कहा कि विशेष सारांश संशोधन - 2023 का प्राथमिक उद्देश्य दिनांक 1 जनवरी 2023 के संबंध में नए पात्र और छूटे हुए मतदाताओं को शामिल करना है। जिन्होंने दिनांक 1 जनवरी 2023 को या उससे पहले 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है या प्राप्त करने जा रहा है। विशेष सारांश संशोधन-2023 का एक अन्य उद्देश्य मतदाताओं के विवरण में सुधार के अवसर देना और मतदाता सूची में किसी भी गलत समावेश के खिलाफ आपत्तियां आमंत्रित करना भी है।

एक अन्य प्रावधान विशेष सारांश संशोधन - 2023 से किया गया है। एक योग्य नागरिक, जो वर्ष 2023 में बाद की किसी भी योग्यता तिथि पर 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने जा रहा है। यानी 1 अप्रैल, 2023, 1 जुलाई 2023 या 1 अक्टूबर, 2023, नोटिस की तारीख से शुरू होकर, अग्रिम रूप से, फॉर्म -6 में, रोल में अपना नाम शामिल करने के लिए अपना दावा दर्ज कर सकते हैं। सीईओ ने चुनावी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन मोड अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। सभी मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप और दिव्यांग नागरिक ईसीआइ का पीडब्ल्यूडी ऐप का चुनाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अवकाश को छोड़कर सभी दिनों में सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक चुनाव हेल्प लाइन नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं। सीईओ दिल्ली ने मतदाताओं के रूप में नामांकन के लिए आवेदन करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाने के लिए सभी नए (18 वर्ष 1.1.23) और भावी (18 वर्ष) को प्रोत्साहित किया। उन्होंने उन लोगों से आह्वान किया जिनके पास पहले से ही मतदाता पहचान पत्र है, वे मतदाता सूची में अपना नाम जांचें और अपने आधार नंबर (फॉर्म -6 बी) और मोबाइल नंबर फॉर्म -8) को अपने वोटर आईडी से लिंक करें।

### प्रदेश कांग्रेस ने जारी की 250 उम्मीदवारों की सूची

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कांग्रेस ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के लिए रविवार को 250 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। एमसीडी के 250 वार्ड के लिए चार दिसंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती सात दिसंबर को होगी। पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अनिल चौधरी ने उम्मीदवारों की सूची संलग्न करते हुए ट्विटर पर कहा कि एमसीडी चुनाव 2022 के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की अनुमोदित सूची की घोषणा करते हुए मुझे खुशी हो रही है। सभी योद्धाओं को शुभकामनाएं।

### टूटी सड़कें, जलजमाव और कचरा मुख्य मुद्देः आरडब्ल्यूए

● चुनाव पर बोले दिल्ली रेजिडेंट वेलफेयर के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के मुख्य मुद्दों में टूटी सड़कें, जलजमाव और कचरा प्रबंधन के मामले शामिल हैं, जिनका सामना राष्ट्रीय राजधानी के लोग वर्षों से कर रहे हैं। उत्तरी, पूर्वी और दक्षिणी दिल्ली की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने यह बात कही। उत्तरी दिल्ली (आरडब्ल्यूए) के अध्यक्ष अशोक भसीन ने कहा कि इस इलाके की 80 फीसदी सडकें टूटी हैं और मलिन बस्तियों के आसपास की सीवर लाइन ठीक कराने की जरूरत है। भसीन ने कहा कि सबसे बड़ा मुद्दा जिसका हम पिछले तीन-चार साल से सामना कर रहे हैं वह टूटी सडकों का है। सडक और गलियों की स्थिति दयनीय है तथा 80 फीसदी सड़कों की मरम्मत की जरूत है। मलिन बस्तियों के आसपास की सीवर लाइन की भी यही दशा है। उन्होंने कहा कि संपत्ति कर और साफ-सफाई के लिए उपयोगकर्ता शुल्क में बढ़ोतरी एवं सोसाइटी की ओर से उठाई गईं समस्याओं की दिशा में अक्षम प्रबंधन समेत अन्य मुद्दों को लेकर भी लोग चिंतित हैं। पूर्वी दिल्ली आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष बीएस वोहरा ने कहा कि नगर निकाय को मुख्य रूप से नागरिक आधारभूत संरचनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जल निकासी प्रणाली ठीक नहीं होने से लोगों को बरसात में जलजमाव जैसी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है तथा गड्ढा युक्त सडकों की वजह से यह समस्या और बढ़ जाती है।

# मुस्लिम इलाकों में कूड़े से ज्यादा दंगे का दर्द हावी

● मरकज प्रकरण पर भी आप से नाराज नजर आ रहे हैं अल्पसंख्यक

**ज़ाहिद अली।** नई दिल्ली

जहां आम आदमी पार्टी (आप) कूड़े को लेकर भाजपा को घेर रही है वहीं उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में दिल्ली दंगा बड़ा मुद्दा बना हुआ है। विधानसभा 2020 चुनाव में आप ने इन इलाकों में कांग्रेस पार्टी को चारों खाने चित्त कर दिया हो लेकिन दिल्ली दंगों और निजामुद्दीन मरकज प्रकरण में केजरीवाल के रवैयों के बाद मुस्लिम समाज में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है।

आप इन इलाकों के लिए नई रणनीति पर मंथन कर रही है क्योंकि पूवी दिल्ली के सौ वार्डों में लगभग तीस वार्ड मुस्लिम बाहुल्य है। इस समुदाय के लोग किसी भी पार्टी की हार जीत का फैसला करते है। सीलमपुर विधानसभा स्थित चौहान बांगर वार्ड में निगम उपचुनाव के दौरान जिस तरह आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों का सूपड़ा साफ हुआ था उससे कांग्रेसियों को मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में जीत की रोशनी नजर आ रही है। नगर निगम में सत्ता से बीस साल दूर रही कांग्रेस का मुस्लिम कॉडर वोट आज भी खासी तादाद में है। दिल्ली दंगों के बाद उत्तरी-पूर्वी दिल्ली की सियासत बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदाय में बंटी नजर आ रही है।

आचार संहिता लागू होने से पहले सीलमपुर, मुस्तफाबाद, बाबरपुर, सुंदरनगरी जैसे विधानसभा के निगम वार्डों में पोस्टर वार के जरिये कांग्रेसी नेता दिल्ली दंगों पर केजरीवाल को रवैयों को याद दिला रहे है। कई पोस्टरों में लोगों को बताया जा रहा है कि जब देश में कोरोना फैल रहा था तब केजरीवाल के स्वस्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन निजामुद्दीन मरकज के आंकड़ों को लेकर प्रेस वार्ता कर एक समुदाय को महामारी को दोष दे रहे थे। वहीं दिल्ली दंगों के लिए दी जा रहे पीड़ित परिवारों के मुआवजों को लेकर भी कई स्थानों पर पोस्टरबाजी देखी गई।

पार्षद रहमान के विधायक बनने के बाद चौहान बांगर सीट पर पिछले साल उपचुनाव हुआ था। आम आदमी पार्टी ने जहां अपने पूर्व विधायक हाजी भूरे को चुनाव में उतरा, वहीं कांग्रेस के पूर्व विधायक के बेटा आमने-सामने थे। इस चुनाव में दिल्ली दंगा, मरकज के नमाजियों के दुर्व्यहार को लेकर कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला। नए राजनीति रंग के चलते इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ने आप प्रत्याशी को लगभग 11 हजार वोटों से हराया। आम आदमी पार्टी के नेता इस हार को अभी तक पचा नहीं पाये है। आप ने इन इलाकों में यह कहकर प्रचार शुरू कर दिया है कि दिल्ली और नगर निगम में एक ही पार्टी की सरकार होगी तो दिल्ली को कूड़ेदान नहीं बनने दिया जाएगा।




"दिल्ली दंगों में आम आदमी पार्टी की चुप्पी चुभती है। जब इलाका दंगों में जल रहा था तो सीलमपुर के विधायक गायब रहे। महामारी के दौरान जब लोगों की मदद की जरूरत तो निजामुद्दीन मरकज लेकर बैठ गए। जहां तक कूड़े का सवाल है तो मौजपुर वार्ड में पहले से ही आप का पार्षद थी, पहले जहां इलाके में कई गाड़ियां कूड़ा उठाती थी वो कुछ दिनों बाद गायब हो गई।"

**-शाहनवाज शेरवानी निवासी सीलमपुर**



"जनता कॉलानी में पिछले दिनों अवैध निर्माण के नाम सड़क किनारे कुछ घरों और दुकानों को तोड़ा गया, ये दुकानों एक ही समुदाया की थी। वहीं दो साल बाद भी आज ये लोग दर-दर भटक रहे है कोई सुनने वाला नहीं। लोगों को पता है कि आप ने दिल्ली दंगों में कुछ नहीं किया। आप और बीजेपी एक दूसरे से मिले हुए है।"

**मो. हारून निवासी, जनता कॉलोनी**



"लोगों के दिमाग को दिल्ली दंगा झकझोरता तो है, लेकिन निगम चुनाव में खास मुद्दा नहीं बन पाएगा। मुसलमानों के पास कोई विकल्प नहीं है। कांग्रेस लगातार कमजोर हो रही है। चाहे कुछ भी तो अंतिम में अल्पसंख्यक समुदाय को आप के पास ही जाना पड़ेगा।"

**-इमरान, निवासी चौहान बांगर**

# सीआईसी ने एलजी-सीएम कार्यालय के अधिकारियों को किया तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने दिल्ली में मस्जिदों के इमामों को दिए जाने वाले वेतन की सूचना का खुलासा नहीं करने को लेकर उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के कार्यालयों के अधिकारियों को तलब किया है।

कार्यकर्ता सुभाष अग्रवाल की याचिका पर सूचना आयुक्त उदय माहुरकर ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अधिकारियों को भी नोटिस जारी किया है। अग्रवाल सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत अपने आवेदन के माध्यम से दिल्ली की मस्जिदों में इमामों को वेतन देने के फैसले पर पूरी जानकारी चाहते थे। अपने आरटीआई आवेदन के माध्यम से यह भी पूछा था कि क्या हिंदू मंदिरों के पुजारियों को भी इस तरह का वेतन दिया जा रहा है। एलजी और सीएम के कार्यालयों ने आरटीआई आवेदन का जवाब नहीं दिया, लेकिन मुख्य सचिव के कार्यालय ने इसे राजस्व विभाग और दिल्ली वक्फ बोर्ड को स्थानांतरित कर दिया। वक्फ बोर्ड ने अग्रवाल से कहा कि इस संबंध में कोई जवाब नहीं हैं। आयुक्त ने इन दोनों विभागों के जन सूचना अधिकारियों को18 नवंबर को सुनवाई के लिए पेश होने को कहा है।

### गैर-न्यायिक पदों की भर्ती कराएगा डीएसएसएसबी बोर्ड

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पहली बार दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) को दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए समूह बी और सी के गैर-न्यायिक अधीनस्थ कर्मचारियों की भर्ती के लिए अधिकृत किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि सक्सेना ने डीएसएसएसबी को केवल दिल्ली सरकार और उसके उपक्रमों, दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के वास्ते भर्ती करने तक सीमित करने वाली बाधाओं को दूर किया है। सूत्रों ने दावा किया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भी इस बात के इच्छुक थे।

# टिकट नहीं मिला तो पूर्व पार्षद टावर पर चढ़ा

● एमसीडी चुनाव में आप पर लगाया टिकट बेचने का आरोप



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद हसीब-उल-हसन दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आगामी चुनाव के लिए टिकट नहीं दिए जाने से कथित तौर पर नाराज होकर रविवार को पूर्वी दिल्ली में एक बिजली के टावर पर चढ़ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी नेताओं ने दो से तीन करोड़ रुपए में टिकट बेची हैं।

हसीब-उल-हसन ने आप नेता आतिशी, दुर्गेश पाठक और संजय सिंह का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें चुनाव में उतारने के बहाने उनके मूल दस्तावेज ले लिए और उन्हें लौटाने से इनकार कर दिया। हसन ने गांधीनगर में एक टावर के ऊपर से सोशल मीडिया पर एक लाइव वीडियो में कहा, आप नेताओं ने मुझे टिकट देने के बहाने बैंक पासबुक सहित मेरे मूल दस्तावेज ले लिए हैं, लेकिन वे दस्तावेज वापस नहीं कर रहे हैं। कल नामांकन पत्र दाखिल करने का आखिरी दिन है। अगर मुझे कुछ होता है या मेरी मृत्यु हो जाती है, तो दुर्गेश पाठक और आतिशी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने टावर से उतरने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया, आतिशी, दुर्गेश पाठक और संजय सिंह ने दो से तीन करोड़ रुपए में टिकट बेचे। ए सब भ्रष्ट नेता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मशहूर उर्दू शायर राजेंद्रनाथ रहबर का देहांत



**नई दिल्ली।** वर्ष 2010 में पंजाब सरकार द्वारा रहबर साहिब को पंजाब का सर्वोच्च सम्मान शिरोमणि साहित्यकार सम्मान से सम्मानित और तेरे खुशबू में बसे खतऱ् जैसे मशहूर नज्म की रचना करने वाले देश के प्रमुख उर्दू शायर राजेंद्रनाथ 'रहबर' नहीं रहे। उनका निधन रविवार शाम 5.30 बजे दिलशाद गार्डेन स्थित जीटीबी इंक्लेव स्थित पुत्र दर्पण पठानकोटी के निवास स्थान पर अंतिम सांस ली। रहबर के निधन की सूचना के साथ ही देशभर के कला व संगीत प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की पुष्टि करते हुए पुत्र दर्पण पठानकोटी ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार सोमवार को सीमापुरी स्थित शमशान घाट पर किया जाएगा। राजेंद्र नाथ रहबर उर्दू का जन्म पंजाब के शकरगढ़ में हुआ, जो विभाजन के बाद पाकिस्तान को मिल गया। रहबर ने हिन्दू कॉलेज अमृतसर से बीए, खालसा कॉलेज पंजाब से एमए (अर्थशास्त्र) और पंजाब यूनिवर्सिटी से एलएलबी किया था। उनकी रहबर साहिब की नज़्म तेरे खुशबू में बसे खत को विश्वव्यापी शोहरत मिली। रहबर ने कई नज्में और किताबें लिखीं। उनको देश विदेश की सैंकड़ों संस्थानों द्वारा विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

### नाइजीरियाई नागरिक हेरोइन के साथ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 36 वर्षीय नाइजीरियाई नागरिक के पास से 50 ग्राम हेरोइन जब्त करने के बाद उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी रविवार को दी। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) हर्षवर्धन ने कहा, शुक्रवार को हमें एक मादक पदार्थ तस्कर के बारे में सूचना मिली, जो एम ब्लॉक, मोहन गार्डन में आ रहा था। वह एक विदेशी नागरिक था। हर्षवर्धन ने कहा कि जाल बिछाकर रात करीब 11.45 बजे आरोपी ओबिन्ना को पकड़ लिया गया। डीसीपी ने कहा कि स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### हथियारों के जखीरे के साथ गिरफ्तार हुए तीन बदमाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हथियारों के जखीरे के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ये बदमाश हरियाणा के पानीपत जिले के समालखा के गांव हथवाला में गैंगस्टर ललित त्यागी की हत्या करने के मामले में वांछित थे। ललित हत्या के मामले में आठ वर्ष की सजा काटकर जमानत पर बाहर आया था। पुलिस ने मामले में उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के लछोरा गांव के अर्जुन उर्फ अर्जुन पंडित, अक्षय शर्मा और रवि शंकर शर्मा को गिरफ्तार किया है। यह सभी कुख्यात काला पंडित गिरोह के सदस्य हैं। पूछताछ में पता चला है कि वारदात को भूमि को लेकर अंजाम दिया गया था।

# मैथिली को रोजी-रोटी की भाषा बनाएं

● मिथिला महोत्सव और लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में आयोजित मिथिला महोत्सव- 6 और मैथिली लिटरेचर फेस्टिवल -3 में विभिन्न दलों के नेताओं ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मैथिली को रोजी- रोटी की भाषा बनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के प्रांगण में आयोजित मिथिला महोत्सव-6 और मैथिली लिटरेचर फेस्टिवल - 3 के आयोजन की शुरुआत मैथिली लिटरेचर फेस्टिवल 3 से हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और बिहार विधान परिषद सदस्य संजय मयूख, दिल्ली विधानसभा के विधायक संजीव झा और कांग्रेस के सचिव प्रणव झा ने कहा कि मैथिली भारत की पुरातन भाषाओं में शामिल है। यह संविधान की आठवीं अनुसूची में भी शामिल है। इसे रोजी रोटी की भाषा बनाने के लिए वह अपना समस्त योगदान देंगे।

संजय मयूख ने कहा कि वह इस मामले को लेकर बिहार विधान परिषद में अपनी बात रखेंगे। वहां पर भी इस तरह का आयोजन वृहद स्तर पर हो इसके लिए वह प्रयास करेंगे।

विधायक संजीव झा ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के प्राथमिक विद्यालय से लेकर दिल्ली सरकार के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में मैथिली भाषा की पढ़ाई एक विषय के रूप में हो। इसके लिए वो सभी प्रयास करेंगे। कांग्रेस के सचिव प्रणब झा ने कहा कि वह मिथिला - मैथिली और मिथिलांचल के विकास के लिए समस्त समर्थन और सहयोग देने को तैयार हैं।

### पर्यावरण मद में बजट 5 गुना बढ़ाए सरकार : आरबीए

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता में रविवार को कुछ सुधार नजर आया। यह अब बहुत खराब श्रेणी से खराब श्रेणी में पहुंच गई है। इस बीच इंडियन बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने दिल्ली और आसपास के इलाकों में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच दिल्ली सरकार से पर्यावरण मद में होने वाले बजट खर्च को पांच गुना बढ़ाकर 700 करोड़ करने का अनुरोध किया है।

आईबीए ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखे एक पत्र में कहा है किवायु प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण पर होने वाला बजट खर्च कुल बजट आवंटन का कम-से-कम एक प्रतिशत होना चाहिए। लेकिन चालू वित्त वर्ष के लिए सिर्फ 126.9 करोड़ ही आवंटित किए गए हैं।

# आबकारी नीतिः केजरीवाल को लाई डिटेक्टर टेस्ट की चुनौती


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को दिल्ली आबकारी नीति के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर फिर से निशाना साधा और उनसे जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर की मांग के अनुसार लाई डिटेक्टर टेस्ट कराकर अपनी ईमानदारी साबित करने को कहा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने संवाददाता सम्मेलन में कथित घोटाले के मुद्दे पर केजरीवाल पर निशाना साधा और कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित लुटेरा फिल्म पिछले आठ वर्षों से राष्ट्रीय राजधानी में चल रही है। वर्ष 2013 में आई रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म लुटेरा का जिक्र करते हुए पार्टी ने ट्विटर पर एक पोस्टर भी साझा किया जिसमें उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को लुटेरा के रूप में दिखाया गया। एक दिन पहले केजरीवाल ने कहा था कि भाजपा को चंद्रशेखर को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना चाहिए क्योंकि वह उसी पार्टी की भाषा बोल रहा है। जिसके बाद पूनावाला का यह बयान आया है। केजरीवाल के पास अपने त्येंद्र और कैलाश के साथ टेलीविजन पर सीधे प्रसारण में लाई डिटेक्टर टेस्ट कराने और दावों को गलत साबित करने का अच्छा मौका है।

# डीयू में 20 से मौके पर सीट आवंटन से होगा दाखिला

## सीएसएएस के तीसरे चरण के बाद शेष सीटों के लिए शुरू होगी प्रक्रिया, प्रवेश शुल्क की अंतिम तिथि 27 नवंबर



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

साझा सीट आवंटन प्रणाली (सीएसएएस) के तीसरे चरण के समापन के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय मौके पर सीट आवंटन (स्पॉट एलोकेशन) के जरिए अपने स्नातक पाठ्यक्रमों में शेष सीट पर दाखिले की प्रक्रिया 20 नवंबर से शुरू करेगा। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नियमित सीएसएएस चरण के विपरीत, इस प्रक्रिया (स्पॉट एलोकेशन) के तहत सीट आवंटन अंतिम होगा। दाखिले के बाद इसमें संशोधन नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, मौके पर सीट आवंटन के पहले दौर के तहत रिक्त सीट की घोषणा 20 नवंबर को की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय प्रत्येक पाठ्यक्रम के तहत रिक्त सीट की जानकारी देगा और एक उम्मीदवार केवल एक पाठ्यक्रम का चयन कर सकेगा।

इस प्रणाली के तहत सीट की उपलब्धता, पाठ्यक्रम, कॉलेज और श्रेणी की वरीयता के मानदंडों के आधार पर किया जाएगा। उम्मीदवार 21 नवंबर से 22 नवंबर तक इस प्रणाली के तहत आवेदन कर सकेंगे। इसके तहत पहली सूची 23 नवंबर को घोषित की जाएगी और उम्मीदवार को उसे आवंटित सीट 24 से 26 नवंबर के भीतर स्वीकार करनी होगी। उम्मीदवारों द्वारा प्रवेश शुल्क के ऑनलाइन भुगतान की अंतिम तिथि 27 नवंबर होगी। विश्वविद्यालय बाद में इस प्रणाली के तहत और भी चरण में दाखिला लेने की घोषणा कर सकता है। विश्वविद्यालय की 70,000 स्नातक सीट पर अब तक प्रवेश पाने वाले छात्रों की कुल संख्या 61,500 से अधिक हो गई है। विश्वविद्यालय रविवार को स्नातक प्रवेश के लिए तीसरे चरण के सीट आवंटन की घोषणा करेगा।

# निरंतरता में निहित है भारत की यात्राः अरुण



● स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर विषय पर बोले सहसरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारत की यात्रा हजारों वर्षों की यात्रा है, जिसे किसी कालखंड विशेष में बांधा नहीं जा सकता। सृष्टि के प्रारंभ से ही भारत की यात्रा जन्म लेती है।

भारत के इतिहास की तुलना दुनिया के किसी अन्य देश के इतिहास से नहीं की जा सकती। ये बातें दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तर परिसर के खेल परिसर में युवा संगठन (यूथ यूनाइटेड फॉर विजन एण्ड ऐक्शन) द्वारा आयोजित बौद्धिक विमर्श कार्यक्रम के समापन समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त महासचिव अरुण कुमार ने कहीं। कार्यक्रम के विषय 'स्वाधीनता से स्वतन्त्रता की ओर' पर उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में भारत का भविष्य क्या हो और किस प्रकार 75 वर्ष की स्वतंत्रता यात्रा में भारत ने सभी चुनौतियों को स्वीकार किया। भारत आज ज्ञान- विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। आगामी 25 वर्षों में भारत को बहुत आगे ले जाना है और इसके लिए आज के युवा को भारत की विकास यात्रा को लेकर संकल्प लेना होगा।

पाश्चात्य संस्कृति की राह पर चलने के बजाय हमें स्व-संस्कृति, स्व-भाषा, स्व-धर्म से निर्देशित मार्ग पर चलना होगा। भारत की इन 75 वर्षों की यात्रा में जो भी गौरवशाली क्षण आए उनमें से सबसे प्रमुख हमारा संविधान हैं। यह हमें एक पहचान 'हम भारत के लोग' यानी भारतीयता में जोड़ता है। यह 'एक जन, एक राष्ट्र, एक संस्कृति' के साथ आगे बढ़ने को प्रेरित करता है। भारतीय संविधान हमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के साथ बंधुता की भावना विकसित करने पर जोर देता है। यह समाज के सभी वर्गों को समानता के साथ अपना विकास सुनिश्चित करने का अवसर देता है। भारतीय समाज सहकारिता, सहयोग, संयम पर आधारित है।

# कश्मीरी पंडितों के बिना अधूरा है कश्मीर : गजेंद्र चौहान



गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में बोलते फिल्म अभिनेता गजेंद्र चौहान।



गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में नाटक पेश करते कश्मीरी कलाकार।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### कश्मीर पीस लवर्स संस्था की कल्चरल नाइट में दिखा कला-संस्कृति का अनूठा संगम

### कश्मीरी पंडित कलाकारों ने नृत्य और नाटक के माध्यम से दिखाई पंडितों की संस्कृति

**सांस्कृतिक** कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी संस्कृति, विरासत और जीवन शैली को आज की युवा पीढ़ी को बताने, कश्मीरी समुदाय में देशभक्ति की भावना जगाने के उद्देश्य से कश्मीर पीस लवर्स संस्था की ओर से अपैरल हाउस सेक्टर-44 में कल्चरल नाइट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में फिल्म अभिनेता एवं महाभारत में युधिष्ठिर का किरदार निभाने वाले कलाकार सुपवा विश्वविद्यालय के कुलपति गजेन्द्र चौहान और श्रीविश्वकर्मा स्किल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने शिरकत की। कल्चरल नाइट कार्यक्रम में जम्मू, कश्मीर और हरियाणा राज्य की कला एवं संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। पॉप सिंगर किंग पॉल ने अपनी टीम के साथ स्टेज पर जब परफार्मेंस दी तो लोग झूमने पर मजबूर हो गए। पंजाबी, कश्मीरी व हिंदी गानों पर लोगों के कदम थिरकते रहे। इसके बाद हरियाणा के बनचेरी लोक कला के ग्रुप ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इस दौरान कश्मीरी पंडित समाज के कई उभरते कलाकारों ने जम्मू एवं कश्मीर की लोक कला और संस्कृति के गौरवशाली इतिहास को अपनी प्रस्तुति के द्वारा बड़े ही मनमोहक ढंग से प्रस्तुत कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में मशहूर हास्य कलाकार अनिल चिंगारी द्वारा निर्देशित एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें समाज में हर जगह फैले दोमुंहेपन और ओछेपन पर कटाक्ष किया गया।

मुख्य अतिथि गजेंद्र चौहान ने कश्मीरी पंडित समुदाय को उनकी ना टूटने वाली हिम्मत और देशभक्ति की सराहना करते हुए कहा कि कश्मीरी पंडितों के बिना कभी कश्मीर पूरा नहीं हो सकता है। उनके बिना कश्मीर अधूरा है। कश्मीरियत को अगर जिंदा रखना है तो कश्मीरी पंडितों को वही मान और सम्मान मिलना चाहिए, जिसके वे हकदार हैं।

## सीएम ने दिया नव दम्पत्ति सिद्धार्थ व अनु को आशीर्वाद



नवदंपति सिद्धार्थ व अनु समेत परिवाजनों के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम रेरा प्रमुख डा. केके खंडेलवाल एवं धीरा खंडेलवाल के पुत्र सिद्धार्थ और पत्रकार एवं हरियाणा लोक सेवा आयोग के सदस्य रहे नरेंद्र सिंह विद्यालंकार की पुत्री अनु के विवाह बंधन में बंधने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल नवदंपति को आशीर्वाद देने गुरुग्राम पहुंचे।

इनका विवाह गत 4 नवम्बर को पंचकुला में हुआ था। उस दिन सीएम व्यस्तताओं की वजह से शादी में शामिल नहीं हो पाए थे। गुरुग्राम रेरा प्रमुख डॉक्टर केके खंडेलवाल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्य पूर्व सांसद सुधा यादव, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, सिरसा के विधायक गोपाल कांडा, चरखी दादरी के विधायक सोमवीर सांगवान, थानेसर के विधायक सुभाष सुधा, जनरल दलबीर सुहाग (सेवानिवृत्त), पूर्व मेयर मधु आजाद, गुरुग्राम की भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वैदिक, जादूगर शंकर सम्राट, लेखक शमीम शर्मा, गाजियाबाद से संस्कृत की प्रोफेसर सीता सागर, केनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल, गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश कुमार, यूरोलॉजी विशेषज्ञ वरिष्ठ सर्जन डॉ एसपी यादव, प्रख्यात कवि सुरेंद्र शर्मा, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के सीईओ सुधीर राजपाल, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. एस वाई कुरैशी, मुख्यमंत्री के पब्लिक सेफ्टी एडवाइजर अनिल राव, मीडिया सलाहकार अमित आर्य, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार अजय गौड़, सू-केम के मालिक कुंवर सचदेवा, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों को व्यायाम करने के लिए किया प्रोत्साहित

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान के दिशा-निर्देश के तहत पुलिस थाना सेक्टर 58 प्रभारी इंस्पेक्टर भारतेंद्र तथा पुलिस चौकी सेक्टर 55 प्रभारी रणधीर सिंह की टीम ने आज सुबह सेक्टर 56 में डीपीएस स्कूल के छात्र-छात्राओं तथा आमजन को व्यायाम के साथ-साथ ट्रैफिक नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर डीपीएस स्कूल के शिक्षगण, आरएसओ अधिकारी देवेंद्र व उनकी टीम, पार्षद मुकेश तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को यातायात नियमों तथा सड़क सुरक्षा सुरक्षा के बारे में जागरूक कर रही है। इसी के अंतर्गत थाना सेक्टर 58 तथा पुलिस चौकी सेक्टर 55 की पुलिस टीम ने आज सेक्टर 56 एरिया में डीपीएस स्कूल से आए छात्रों तथा वहां पर मौजूद आमजन को व्यायाम करने के साथ-साथ ट्रैफिक नियमों, सड़क सुरक्षा तथा अन्य के बारे में जागरूक किया। यह कार्यक्रम सुबह छह से नौ तक आयोजित किया गया। इसमें पहले 1800 मीटर रेस का आयोजन किया गया और इसके पश्चात छात्रों को योग करवाया गया और व्यायाम के महत्व के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान की गई। पुलिस टीम ने बताया कि व्यायाम करना हमारे शरीर के लिए अति आवश्यक है। जैसे लोहे को पड़े पड़े जंग लग जाता है उसी प्रकार व्यायाम किए बिना हमारा शरीर भी कमजोर होने लगता है और इसे अनेकों प्रकार की बीमारियां घेर लेती हैं। इसलिए आवश्यक है कि प्रतिदिन व्यायाम करें ताकि हमारा शरीर तंदुरुस्त रहे और बीमारियों से भी बचाव हो सके। इसके अलावा सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करते हुए उन्होंने बताया कि छात्र स्कूल या कॉलेज से निकलते समय अपने कानों में हेडफोन लगाकर रखते हैं जिसकी वजह से उन्हें उनके पीछे आ रहे वाहनों के हॉर्न सुनाई नहीं देते जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाएं घटित हो जाती हैं। इसके अलावा युवावस्था में नौजवान तेज गति में वाहन चलाते हैं और सुरक्षा उपकरणों का उपयोग भी नहीं करते जिसकी वजह से एक्सीडेंट होने का खतरा बना रहता है जिसमें आपकी जान भी जा सकती है। पुलिस ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में सावधानियां बरतने की हिदायत दी और यात्रा करते समय सीट बेल्ट व हेलमेट पहनने तथा गाड़ी को निर्धारित गति सीमा में ही चलाने तथा रेड लाइट क्रॉस न करके अपने अमूल्य जीवन को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल प्रशासन तथा छात्रों ने इस जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के लिए ट्रैफिक पुलिस का तहे दिल से धन्यवाद किया।

### डेंगू से बचाव के लिए सतर्क रहने की विभाग ने की अपील

**गुरुग्राम।** डेंगू की बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से सतर्क रहने के लिए कहा है। सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने जिलावासियों को डेंगू की बीमारी को लेकर आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है। डेंगू को लेकर जारी सुझाव में सिविल सर्जन डा. विरेंद्र ने बताया कि तेज बुखार होने पर नजदीक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर चिकित्सा अधिकारी की सलाह लें। बुखार से राहत पाने के लिये पानी की पट्टी रखें अथवा पैरासिटामोल की गोली ले। अन्य किसी भी दवाई का उपयोग अपने आप से न करें। अधिक से अधिक तरल पदार्थ का प्रयोग करें, से कि नारियल पानी, नींबू पानी, ओआरएस, लस्सी इत्यादि और खाने में आसानी से पचने वाला खाना जैसे कि खिचड़ी, दाल, दलिया, लोकी की सब्जी इत्यादि खाए। उप सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि डेंगू की पुष्टि होने पर जल्द ही प्लेटलेट्स काउंट करवाएं। यदि प्लेटलेट काउंट एक लाख से कम आयें तुरन्त अपने नजदीक स्वास्थ्य केंद्र में चेक करवाए। डेंगू के हर मरीज को प्लेटलेट्स चढ़वाने की आवश्यकता नही होती, प्लेटलेट्स मरीज की हालात देखकर ही चढाई जाती है। यदि प्लेटलेट्स दस हजार से कम हो या मरीज को किसी भी जगह से लगातार खून रिस रहा हो तो उस अवस्था में मरीज को प्लेटलेट्स चढ़ाई जाती है। डेंगू से बचाव के लिये आप ज्यादा से ज्यादा ध्यान रखें, ताकि आप को डेंगू का मच्छर ना काट सके।

### सेक्टर-9 में मां भगवती की चौकी का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** रेजीडेन्स वेलफेयर एसोसिएशन फ्रैन्ड्स एनक्लेव साऊथ जोन सेक्टर-9 द्वारा राजेश पायलट पार्क में 11वीं वार्षिक मां भगवती की चौकी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मां चिंतापूर्णी सेवा मंडल फूलों वाली मण्डली द्वारा महामाई का गौरव शर्मा द्वारा गुणगान किया गया। एसोसिएशन के प्रधान सुरेश खोसला, सरपरस्त एम.एम नागपाल, महासचिव संजय मिड्डा व उनकी पूरी कमेटी ने आए हुए सभी अतिथियों का मां भगवती का पटका व चुन्नी ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार में चेयरमैन धनेश अदलक्खा भी विशेष तौर पर उपस्थित थे। अदलक्खा ने मां की इस सुन्दर स्तुति के लिए रेजीडेन्स वेलफेयर एसोसिएशन फ्रैन्ड्स एनक्लेव साऊथ जोन सैक्टर-9 के प्रधान व उनकी कमेटी को बधाई दी। सभी सेक्टर-वासियों ने मां भगवती की चौकी में सुन्दर झांकियों व भजनों का भरपूर आनन्द लिया। वहीं माता की सुन्दर भेंट पर महिला व पुरूष जमकर नाचे भी। चौकी के समापन अवसर पर भण्डारे व प्रसाद भी वितरित किया गया। प्रधान सुरेश खोसला ने बताया कि कोविड काल के चलते दो साल यह कार्यक्रम नहीं हो सका। इसलिए इस बार मां भगवती की चौकी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया है। सेक्टरवासियों की सुख-समृद्धि व शांति के लिए यह कार्यक्रम पिछले 11 वर्षों से किया जा रहा है। इस मौके पर सेक्टर-7-10 मार्किट कमेटी के प्रधान वासुदेव अरोड़ा, एमसी बंसल, डीसी शर्मा, विकास जुनेजा, राजपाल तंवर, शैलेन्द्र पाठक, राजपाल गुप्ता, एसएस सिंगला, संदीप सीए, सचिन खुराना, प्रमोद मंगला, विजय सौरोत, श्रेयंस जिन्दल, राजीव ठुकराल, योगेन्द्र गुप्ता, पीके सलवान, अभिजीत सिंह, दीपक गुप्ता, राजीव शर्मा, पीडी वैध, रविन्द्र सांगवान, राजेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

### नशीले पदार्थ समेत तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर ने नशा तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम भूरेलाल है जो यूपी के एटा का रहने वाला है और फिलहाल नई दिल्ली के फतेहपुर बेरी एरिया में किराए पर रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सराय थाना एरिया में सेक्टर 35 श्मशान घाट के पास से आरोपी को अवैध नशे सहित काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 13 ग्राम एमडीएमए/मौली क्रिस्टल तथा 150 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया जिसके पश्चात आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी को अदालत में पेश करके 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गाड़ी चलाता है और यह नशा फरीदाबाद पहुंचाने के लिए दिल्ली के एक व्यक्ति ने उसे पैसे दिए थे जिसकी अभी जांच की जा रही है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेजा जाएगा और इसे यह नशा नशा सप्लाई करने वाले आरोपी की जानकारी प्राप्त करके उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### नन्ही उम्र ऊंची उड़ान, ऐसी है नन्ही सृष्टि की उड़ान

**फरीदाबाद।** प्रतिभाएं उम्र की मोहताज नही होती इसे चरितार्थ कर रहे है देश के होनहार बच्चे। सबकी अपनी पसंद, क्षेत्र ओर तरीके हैं, पर अपने प्रदर्शन और होसलो से वो हर किसी को चकित कर रहे है। बाल दिवस पर ऐसी ही एक प्रतिभावान बच्ची से आपको मिलाते है। मिसाल बेमिसाल। मात्र 6 वर्ष की उम्र में ही इतने कीर्तिमान स्थापित किए हैं नन्ही सृष्टि ने की लोग भी हैरान हो जाते हैं। देश की सबसे कम उम्र की रिकॉर्ड होल्डर बनी है जिसके पास सबसे कम उम्र में सबसे ज्यादा प्रमाण पत्र और अवार्ड है।छोटी उम्र में ही बड़ी प्रतिभा विद्यमान हैं। मात्र 3 वर्ष की उम्र में ही सृष्टि का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। सृष्टि ने हर प्रकार की होने वाली प्रतियोगिता जैसे नृत्य, चित्रकला ऐसी अनेकों में प्रतिभाग किया है। इसी कारण नन्ही बेटी के पास 690 से भी ज्यादा प्रमाण पत्र हो गए है। जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, स्टेट बुक ऑफ रिकॉर्ड, होप इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड, एक्सक्लुसिव रेकॉर्ड बुक ऐसी ही अनेक 40 रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज है। सृष्टि की माता प्रिया गुलाटी का कहना है यदि बच्चो को आप सही ढ़ंग ओर अच्छे से साथ देंगे तो वह सभी को चकित कर देंगे। नन्ही उम्र में ही बड़ी समाज सेविका के रूम में विख्यात हैं। अपने पिता प्रवीन गुलाटी ने साथ मिलकर सृष्टि अनेक नए कार्य करती हैं।

## आज के दौर में बच्चों का सर्वांगीण विकास है जरूरी : सुंदर लाल



सेक्टर-83 स्थित कंगारू किड्स इंटरनेशनल प्री-स्कूल में पहला वार्षिक खेल दिवस पर विजेता बच्चों को सम्मानित करते सुंदर लाल।

### कंगारू किड्स इंटरनेशनल प्री-स्कूल में हुआ पहला वार्षिक खेल दिवस आयोजित

**गुरुग्राम।** रविवार को यहां सेक्टर-83 स्थित कंगारू किड्स इंटरनेशनल प्री-स्कूल में पहला वार्षिक खेल दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं सरपंच एसोसिशन गुरुग्राम के अध्यक्ष सरपंच सुंदर लाल यादव, मैप्सको कासाबेला सोसायटी आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष धर्मवीर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में मोनिका खटवा और लवी नेवर के साथ पीयूष नेवर, राजेश खटवा ने भी शिरकत की। विजेता बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। खेल दिवस पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। कई खेलों का आयोजन करके यहां इन बच्चों की प्रतिभा निखारने का काम विद्यालय की ओर से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुंदर लाल यादव ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का यह कर्तव्य बनता है कि वे बच्चों का सर्वांगीण विकास करें। उन्हें हर क्षेत्र में महारत बनाएं। बच्चों को शैक्षिक के साथ मानसिक और शारीरिक रूप से भी मजबूत बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेलों के क्षेत्र में हमारे खिलाड़ियों ने विदेशों में भी नाम कमाया है। बचपन से ही खेलों का अगर प्रशिक्षण बच्चों को दिया जाता है तो वह उसका भविष्य बनाने में सार्थक होता है। उन्होंने सभी स्कूलों के मुखियाओं से आग्रह किया कि वे अपने स्कूलों में अच्छा खेल परिसर तैयार करें, ताकि बच्चे खेल में निपुण हो सकें। बच्चों की रुचि के हिसाब से माता-पिता भी उन्हें खेलों में प्रशिक्षण दिला सकते हैं। आज का समय प्रतियोगिता का समय है। प्रतियोगिता हर क्षेत्र में है। इसलिए बच्चों की तैयारी भी उसी तरह से करानी जरूरी है। सुंदर लाल यादव ने यह भी कहा कि हम बच्चों पर जबदरस्ती ना तो पढ़ाई थोपें और ना ही कोई अन्य एक्टिविटी। आजकल छोटे बच्चे काफी एडवांस हो रहे हैं। ऐसे में उनकी रुचि का माता-पिता, शिक्षकों को ध्यान रखना चाहिए। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष धर्मवीर ने कहा कि बच्चों को डिजिटल स्क्रीन से दूर करके मैदान में उतारना जरूरी है। स्क्रीन उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर करती है। यह ठीक है कि उन्हें ज्ञान की चीजें जरूर देखने दें, लेकिन मोबाइल गेम से दूरी जरूरी है। किसी भी ऐसी ऐप की लत बच्चों को ना लगने दें, जो कि उन्हें मानसिक तौर पर गलत दिशा में लेकर जाए।

## गांवों के विकास में अहम भूमिका निभाएं नई पंचायतें : सुंदर लाल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



सुंदर लाल।

**भारतीय** जनता पार्टी पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव ने जिले में चुनी गई नई पंचायतों के प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि चुने गए सभी पंच-सरपंच गांवों के विकास में अहम भूमिका निभाएं। हरियाणा सरकार का पूरा फोकस गांवों के विकास पर है।

सुंदर लाल यादव ने कहा कि किसी भी संस्था का प्रतिनिधि उस संस्था को सार्थक तरीके से चलाकर अपने पद का सदुपयोग करें। यही उम्मीद सभी को होती है। गांवों में भी लोग पंचायत प्रतिनिधियों को इसी उम्मीद के साथ चुनते हैं कि वे उनकी उम्मीदों पर खरे उतरें। उनकी दिक्कतों को दूर करें। उनके सामूहिक कार्यों को पूरा करें। श्रीयादव ने कहा कि गांव का विकास करने का पदभार सरपंच के कंधों पर अधिक रहता है। ऐसे में जरूरी है कि सरपंच को सभी सरकारी योजनाओं का जानकारी हो। वह गांव के हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाए। सुंदर लाल यादव ने कहा कि सरकार की ओर से गांवों में कराए जाने वाले विकास कार्यों में भी पूरी ईमानदारी बरतें, ताकि भविष्य में भी वे ग्रामीणों की पसंद बनें। उन्होंने कहा कि चुनावों में जो भी प्रतिनिधि चुना जाए, उसे ना तो किसी बाकी उम्मीदवार से और ना ही मतदाताओं से कोई मतभेद रखना चाहिए।

## 11 दिन बाद भी दर्ज नहीं हुआ चोरी का मामला

**फरीदाबाद।** एक महिला बैग से सोने के आभूषण और नकदी चोरी होने का मामला दर्ज करवाने के लिए पुलिस के चक्कर काट रही है, लेकिन 11 दिनों बाद भी पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। महिला का कहना है कि चार नवंबर को बदरपुर बार्डर से टैक्सी में बैठकर वह बल्लभगढ़ आई।

महिला के बैग से सोने के आभूषण और 35 हजार रुपये चोरी हो गए वह चोरी की सूचना लेकर पहले बस अड्डा चौकी गई थी, लेकिन वहां से उसे सराय ख्वाजा थाने में शिकायत करने भेज दिया, लेकिन जब वह वहां शिकायत करने पहुंची, तो उसे वहां से सेक्टर-55 चौकी भेजकर अपना पल्ला झाड़ दिया।

## हरियाणा प्रवास पर पहुंचे रामचंद्र खराड़ी

**गुरुग्राम।** राजस्थान में प्रशासनिक सेवा में रहे रामचंद्र खराड़ी को अक्टूबर 16 नवम्बर से हरियाणा के 5 दिवसीय प्रवास पर हैं। उन्हें वर्ष 2020 में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का तीसरा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया था।

पूरे देश में वनवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही संस्था अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र खराड़ी राष्ट्रीय अध्यक्ष चयनित होने के बाद उनका यह पहला हरियाणा दौरा है। गुरुग्राम, हिसार, कैथल, पानीपत तथा फरीदाबाद भी वे जायेंगे। वे इन जिलों में वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित जनजातीय गौरव दिवस से संबधित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। हरियाणा में गैर वनवासी क्षेत्रों में हो रहे कार्यों का अवलोकन करेंगे। वनवासी कल्याण आश्रम गुरुग्राम के विभाग संयोजक जगदीश कुकरेजा के अनुसार रामचंद्र खराड़ी गुरुग्राम में बुधवार को मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होंगे।

## पर्यावरण शुद्धी के लिए विश्व को पढ़ाएंगे यज्ञ का पाठ : आचार्य बाल कृष्ण योगी



यज्ञशाला का उद्घाटन करने को सोहना के गांव खेडला में पहुंचे बाल कृष्ण योगी।



नई यज्ञशाला में अग्नि प्रवाहित करते आचार्य बाल कृष्ण योगी।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

### आचार्य ने कहा, दूषित पर्यावरण को बचाने का उद्देश्य यज्ञ ही एक मात्र विकल्प

**आचार्य** बाल कृष्ण योगी ने कहा कि पर्यावरण शुद्धीकरण के लिए अब विश्व को यज्ञ की पाठ पढ़ाया जाएगा। यज्ञ को विश्व के घर-घर में पहुंचाने की अगला कदम होगा। वर्तमान में दूषित पर्यावरण को बचाने का उद्देश्य यज्ञ ही एक मात्र विकल्प है।

आचार्य बाल कृष्ण योगी रविवार को खंड के गांव खेडला में बना वैदिक योग संन्यास आश्रम सोमधाम आश्रम में यज्ञ योगशाला का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे थे। यज्ञशाला का उद्घाटन के बाद बाल कृष्ण योगी ने कहा कि विश्व को शारीरिक बीमारियों से बचाव के लिए योग की पाठ पढ़ाया था। इसके साथ अब दूषित होता पर्यावरण को बचाने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब विश्व को यज्ञ करने और उससे होने वाले लाभ की जानकारी दी जाएगी। जिससे विश्व के प्रत्येक घर में पर्यावरण को बचाने के लिए यज्ञ हो सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 के नये शिक्षा सत्र में शिक्षा प्रणाली में भी बदलाव किया जाएगा। वर्तमान समय में देश के अंदर मैकाले की शिक्षा नीति को पढ़ाया जा रहा है। नई शिक्षा नीति में यज्ञ की परिभाषा को जोड़ा जाएगा। जिससे वातावरण के साथ-साथ शिक्षा प्रणाली में भी शुद्धता आ सके। आज देश के अंदर आचार्य कुलम आश्रम खोले जा रहे है।

## गुरुग्राम से कुलाना तक आकर्षण का केंद्र रहा नवीन गोयल का 171 गाड़ियों का काफिला

### हिंदू ह्दय सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा अनावरण समारोह में पहुंचा काफिला

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम से कुलाना समारोह में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचते नवीन गोयल।

**हिंदू** ह्दय सम्राट पृथ्वीराज चौहान अमर रहे, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, सीएम मनोहर लाल जिंदाबाद, ओमप्रकाश धनखड़ जिंदाबाद। कुछ इसी तरह के नारे रविवार को गुरुग्राम से झज्जर जिला के गांव कुलाना तक सुनाई देते रहे। झज्जर में पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा के अनावरण समारोह में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल 171 गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे। इसी काफिले में लगाए गए नारों से लोगों का ध्यान काफिले पर ही टिका रहा। रविवार को कुलाना गांव में पृथ्वीराज चौहान की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे। इस समारोह में भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन में गुरुग्राम से नवीन गोयल ने विशेष तैयारी के साथ कुलाना के लिए कूच किया।

रोहतक में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में धारा 370 को हटाने के लिए यादगार बनाने को जिस तरह नवीन गोयल 370 गाड़ियों के काफिले के साथ गए थे, ठीक उसी तरह से कुलाना में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा अनावरण समारोह में वे 171 गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे। उनके काफिले में कार्यकर्ताओं का जोश और जुनून देखते ही बनता था। नवीन गोयल के एक बुलावे पर हजारों कार्यकर्ताओं ने कुलाना रैली में जाने की तैयार की और रविवार की सुबह रवानगी की। नवीन गोयल ने कहा कि हिंदू ह्दय सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 50 लाख रुपये के खर्च से 16 फीट ऊंची प्रतिमा लगाकर उनका सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के इस कथन पर भी खुशी जाहिर की, जिसमें उन्होंने अग्निवीरों को चार साल तक सेना में नौकरी के बाद वापस आने पर रोजगार की गारंटी दी है।

यह सरकार का युवाओं के हित में बड़ा कदम है। इससे युवाओं में सैनिक बनने का जज्बा और अधिक मजबूत होगा। झज्जर में राजपूत भवन बनाने की घोषणा करके मुख्यमंत्री ने राजपूत समाज का दिल जीतने का काम किया है। झज्जर जिले में सड़कों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये देने का एलान और गांवों के विकास के लिए पंचायतों के माध्यम से 100 करोड़ रुपये देने की घोषणा सराहनीय रही। जिले के मातनहेल गांव में सैनिक स्कूल बनाने की मांग मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रक्षा मंत्री के समक्ष रखी। नवीन गोयल ने इस समारोह में गुरुग्राम से पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं का ह्दय से आभार जताया।

## अर्जन के हत्यारोपी को अदालत ने दो दिन के रिमांड पर सौंपा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

> **मामले** में संलिप्त अन्य आरोपियों को लेकर तीन टीमें गिरफ्तारी के उद्देश्य से काम कर रही है। पुलिस ने बीते 48 घंटों में ऐसे कई स्थानों पर छापे मारे है। जहां पर आरोपियों के छुपे होने की आशंका मिली है।
>
> **जयसिंह**
> **( सदर थाना प्रभारी सोहना )**

**सदर** थाना पुलिस ने दमदमा निवासी अर्जन हत्याकांड में गिरफ्तार मनोज को अदालत में पेश किया। अदालत ने हत्यारोपी मनोज को दो दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने रिमांड पर आया मनोज से हत्याकांड को लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

तीन दिन पहले गांव दमदमा में 30 वर्ष अर्जन की लाठी, डंडा, सरिया और पत्थर से हमला करके हत्या कर दी थी। इस हत्या में मृतक अर्जन के बड़े भाई भीम ने अपने ही भतीजे संदीप उर्फ सूरजन, उसका भाई आनंद, मनोज व पवन पर हत्या करने का आरोप लगाया था।

पुलिस ने अर्जन हत्याकांड में शामिल दमदमा निवासी मनोज को शनिवार की शाम को गिरफ्तार कर लिया था। जिसे रविवार को अदालत में पेश किया। अदालत से पुलिस ने हत्यारोपी मनोज को हत्याकांड में शामिल मुख्या आरोपी संदीप उर्फ सूरजन व दो अन्य की गिरफ्तारी करने के उद्देश्य से रिमांड मांगा था। अदालत ने पुलिस की मांग को स्वीकारते हुए मनोज को दो दिन रिमांड पर सौंप दिया है। मामले की जांच कर रहे एएसआई कुंदन ने बताया कि रिमांड पर आया मनोज से पूछताछ शुरु कर दी है। मनोज से अन्य आरोपियों के छूपे होने को लेकर पूछताछ की जाएगी। अर्जन की हत्या करने के राज को लेकर पूछताछ की जाएगी। हत्या करने के दौरान उपयोग किए गए लाठी, डंडा, पत्थर और सरिया की बरामद किया जाएगा। जो अभी तक पुलिस को घटना स्थल या अब तक की जांच में नहीं मिले है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 14 नवंबर, 2022



# मधुमेह के कारण मरीज हो सकते हैं अंधता का शिकार

**विश्व मधुमेह दिवस पर विशेष...**

कविता। फरीदाबााद

**खान** पान और जीवन शैली में आए बदलाव के कारण जिले में डायबिटीज के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। डायबिटीज अन्य कई बीमारियों के साथ-साथ आंखों के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है।

डायबिटीज के कारण आंखों की बीमारियों की चपेट में आने के वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस तरह के मरीज लगाातार बादशाह खान अस्पताल में इलाज के लिए आ रहे हैं। देश में जितनी तेजी से डायबिटिज के मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उससे वर्ष 2025 तक भारत विश्व की डायबिटिक राजधानी के नाम से जाना जाएगा। डायबिटिज हृदय रोग एवं अन्य कई घातक बीमारियों को जन्म देता है। इसके साथ-साथ शरीर में शुगर की मात्रा बढ़ जाने पर मरीज अंधता शिकार हो सकता है। बादशाह खान अस्पताल की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शिखा ने बताया कि डायबिटीज के कारण आंखों की बीमारियों के मरीजों की संख्या जिले में लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि इस तरह के मरीज अस्पताल में लगातार आ रहे हैं।


एनसीडी क्लीनिक में मधुमय और बीपी की जांच करवाने को खड़े मरीज।

**क्या है टैक्नोपेटिस डायबिटीज :** डॉ. शिखा के मुताबिक टैक्नोपेटिस डायबिटीज आज की यंग जनरेशन में अत्यधिक बढ़ रही है। यह बीमारी जंक फूड तथा अत्याधिक खाना खाने के कारण होती है। डॉक्टरों का कहना है कि यदि इसी तरह से टैक्नोपेटिस डायबिटीज के मरीज बढ़ते गए तो 2025 तक भारत को डायबिटीज की प्रथम क्षेणी में रखा जाएगा। डायबिटीज के मरीजों में आंखों की परेशानी भी सामने आ रही है। डायबिटीज के कारण आंखों में अंधापन होने का खतरा रहता है।

**टैक्नोपेटिस डायबिटीज के प्रकार :** डॉ. शिखा के मुताबिक टैक्नोपेटिस डायबिटीज दो प्रकार की होती है। जिसमें पहला एनआईबीडीएन जिसमें वह मरीज आते हैं, जो अभी हाल में डायबिटिस के शिकार हुए हो। ऐसे मरीज यंग जनरेशन में आते हैं। दूसरा आईबीडीएन इसके तहत वह मरीज आते हैं, जो इस बीमारी से काफी समय से पीड़ित है। ऐसे मरीज पुरानी जनरेशन में आते हैं।

**मरीजों के बढ़ने का कारण :** डॉ. शिखा का कहना है कि एक बार में ही अत्याधिक खाना खाने के कारण और समय पर खाना न खाने यानी जब खाने का समय न हो तब ही खाना या सुबह नाश्ता न करके दोपहर का खाना खाने के बाद फिर केवल रात का ही खाना खाने के कारण लोगों में टैक्नोपेटिस डायबिटीज की बीमारी हो जाती है। इस बीमारी का सीधा प्रभाव आंखों पर पड़ता है। जिसके कारण से अंधता का रोग हो जाता है। जिसमें मरीज को कुछ दिखाई नहीं देता।

# अरावली के जंगलों में मिला नरकंकाल हत्या कर शव फेंकने की आशंका

**थाना सूरजकुंड की टीम, एसीपी, डीसीपी और एफएसएल टीम ने जांच पड़ताल की**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गुरूग्राम**- फरीदाबाद रोड पर हनुमान मंदिर के पास अरावली के जंगल में रविवार सुबह एक नरकंकाल पड़ा हुआ था। सुबह करीब साढ़े 11 बजे आसपास के इलाके के कुछ बच्चे जंगल में बेर तोड़ने के लिए गए थे। कंकाल पर नजर पड़ते ही बच्चे वहां से भाग निकले। लेकिन थोड़ी दूरी पर जाकर बच्चों ने इस बात की सूचना पुलिस को दे दी।

सूचना मिलते ही अनखीर चौकी और थाना सूरजकुंड की टीम के साथ एसीपी, डीसीपी और एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो


फरीदाबाद-गुरुगांव रोड, जिसके निकट के जंगल में मिला नरकंकाल।

पाई है। कंकाल को फिलहाल बीके अस्पताल की मोरचरी में रखवा दिया गया है। जिसे पोस्टमॉर्टम के लिए सोमवार को मेडिकल कॉलेज भेजा जाएगा। हत्या कर यहां शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। जिसके कारण पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक अरावली के जंगल में रविवार सुबह हनुमान मंदिर से करीब 50 मीटर की दूरी पर कुछ बच्चे बेर खाने के लिए गए थे। जहां उन्होंने देखा कि एक नरकंकाल पड़ा हुआ है। बच्चे डरकर भाग आए और मंदिर के आसपास के लोगों को बताया। लोगों ने इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर का ज्यादातर हिस्सा जानवरों ने नोंच खा लिया है। शव कंकाल में बदल गया है। कंकाल को कब्जे में लेकर बीके अस्पताल में रखवा दिया है। शुरूआती जांच में पता चला है कि कंकाल करीब एक महीने पुराना है। साथ मृतक की उम्र भी 35 से 45 के बीच हो सकती है। मृतक ने नीली पेंट, धारदार स्लेटी टी-शर्ट पहनी है। इन कपड़ों से कोई ऐसी चीज नहीं नहीं मिली है, जिससे मृतक की पहचान हो सके। मृत व्यक्ति की हत्या कर शव यहां फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। लेकिन पुलिस का कहना है कि मृतक की पहचान के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है। यह भी सम्भव है कि मृतक शौच लिये यहां आया हो और जंगली जानवरों द्वारा किये गए हमले में मारा गया हो। फिलहाल पुलिस विभिन्न एंगलों को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। शव काफी पुराना होने की वजह से उसका पोस्टमॉर्टम मेडिकल कॉलेज से करवाया जाएगा। साथ शव का डीएनए टेस्ट भी करवाया जाएगा। मृतक की पहचान के लिए पुलिस आसपास रहने वालों से पूछताछ करने के अलावा लापता लोगों के दर्ज मामलों को भी खंगाल रही है।

# पुलिस से बच सकते हो परन्तु सीसीटीवी कैमरों से नहीं

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**स्पेशल** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में फरीदाबाद के डिप्टी कमिश्नर विक्रम सिंह के आदेशनुसार, डीटीओ जितेंद्र गहलावत फरीदाबाद के निर्देश अनुसार, अधिवक्ता सतीश आचार्य रीजनल ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट फरीदाबाद व स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल के मार्गदर्शन में एवं ट्रैफिक पुलिस रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन ने क्यूब हाईवे की पूरी टीम के साथ मिलकर बस अड्डे चौक बल्लभगढ़, मेट्रो स्टेशन के आसपास पर सड़क सुरक्षा, स्पेशल ऑटो अभियान एवं स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया।

अभियान में रेहड़ी पटरी वालों को बार-बार समझाया एवं बताया गया कि सभी अपने आसपास गंदगी बिल्कुल ना फैलाए, वर्ना आपका चालान कट सकता है। इसलिए सभी अपने आसपास सफाई रखें अपनी-अपनी रेडी सड़क पर खड़ी ना करें। जिससे कि जाम लगे और प्रशासन एवं पुलिस को समय-समय पर सहयोग करते करें। सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया कि आप जब भी


३

सड़क पर निकले तो हेलमेट पहन कर निकले पूरे प्रदेश एवं देश के अंदर बाइक एवं स्कूटी पर दोनों सवारियों को हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है और हेलमेट भी आईएसआई मार्क ही पूरे देश के अंदर पहनना अनिवार्य है, अगर आप कार से यात्रा कर रहे हैं तो आपने सीट बेल्ट आगे पीछे दोनों लगानी अनिवार्य पूरे देश के अंदर कर दिया गया है लोगों को बताया कि अपनी साइकल को अपनी साइड में ही चलाएं और अपनी अपनी साइकिल को बिल्कुल ठीक-ठाक रखें साइकिल पर घंटी लगा कर चले बाइक एवं कार वालों को भी समझाया गया कि जेबरा क्रॉसिंग पर ही हमेशा रुके रेड लाइट जंप बिल्कुल ना करें हमेशा सड़क का सम्मान करें पैदल यात्रियों को सड़क पार करने में सहयोग करें।

# अद्भुत प्रस्तुति से विष्णुप्रिया ने किया मंच प्रवेश

**नृत्यसाधक के जीवन में ओडिसी की एकल प्रस्तुति की यात्रा का प्रारंभ है ओडिसी मंच प्रवेश**



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ओडिसी** नृत्य परंपरा में मंच प्रवेश किसी नृत्य साधक के जीवन का महत्वपूर्ण पल होता है। यह मंच पर नृत्य के एकल प्रस्तुतकर्ता के रूप में उसके जीवन के सफर की शुरुआत होता है। गुरु कुंजलता मिश्रा और गुरु प्रताप नारायण की शिष्या एवं वृंदावन के प्रसिद्ध वैष्णव विद्वान आचार्य श्रीवत्स गोस्वामी की पोती, विष्णुप्रिया गोस्वामी ने इस सफर पर कदम रख दिया है। रविवार को नई दिल्ली के मैक्स मूलर मार्ग स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के मेन ऑडिटोरियम में विष्णुप्रिया ने मंच पर एकल प्रस्तुति से सबको मोहित कर दिया।

खचाखच भरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट से सभी ने विष्णुप्रिया का अभिवादन किया। कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री श्रीमति माधवी मुद्गल व पद्मश्री गीता चन्द्रन बतौर मुख्यातिथि एवं नृत्यांगना रंजना गौहर, मंजूश्री चटर्जी, अभिनेत्री सुषमा सेठ, आचार्य श्रीवत्स गोस्वामी आदि सहित कई गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे। इस एकल प्रस्तुति के दौरान उन्होंने मंगलाचरण से मोक्ष तक की पूरी प्रस्तुति दी। इसमें मंगलाचरण, स्थायी, पल्लवी, अभिनय और मोक्ष शामिल रहे। प्रस्तुति के दौरान गुरु कुंजलता ने मंजीरा, सुकांत कुंडू ने वोकल, पद्मश्री धनेश्वर स्वाईं ने मर्दाला, सौम्या रंजन ने बांसुरी और गोपीनाथ स्वाईं ने वायलिन के साथ विष्णुप्रिया का साथ दिया। ओडिसी मंच प्रवेश की प्रस्तुति की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित मंगलाचरण से हुई। इसके बाद उन्होंने स्थायी की प्रस्तुति दी। इसमें ओडिशा के मंदिरों में स्थापित विभिन्न मूर्तियों की भावभंगिमाओं से प्रेरित प्रस्तुति दी जाती है। अभिनय खंड के दौरान विष्णुप्रिया ने अपनी भाव-भंगिमाओं के माध्यम से उड़िया काव्य भा चंपू को दर्शकों के समक्ष जीवंत कर दिया। इसमें श्रीकृष्ण की विभिन्न भंगिमाओं का वर्णन हैं और यह दिखाया गया कि कैसे गोपिकाएं उन्हें देखकर मुग्ध हो रही हैं। अगली प्रस्तुति पल्लवी के दौरान उन्होंने विलंबित लय से द्रुत लय तक की प्रस्तुति दी। यह विशेष राग पर आधारित प्रस्तुति थी। उन्होंने बज्रकांति पल्लवी की भी प्रस्तुति दी। इसके बाद गीत गोविंद के 'यही माधव' अष्टपदी पर उन्होंने पुन: अभिनय की प्रस्तुति से सबको आनंदित कर दिया। इसमें उन्होंने खंडित नायिका का अभिनय किया। जब विष्णुप्रिया ने मोक्ष की प्रस्तुति दी।

# कैंसर केयर के लिए नर्सों में नया कौशल जरूरी

**अंतरराष्ट्रीय फॉर्मेट पर हुआ नर्सिकॉन २२२ का आयोजन**



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राजीव** गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआई) के नर्सिंग विभाग ने आज अपने नौवें नर्सिंग कॉन्फ्रेंस नर्सिकॉन 2022 का आयोजन अंतरराष्ट्रीय फॉर्मेट के अनुरूप किया। इसमें टाटा मेमोरियल, एम्स और आरएमएल अस्पताल समेत भारत के विभिन्न अग्रणी अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ ही अमेरिका एवं मलेशिया के अस्पतालों से भी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

आरजीसीआई की नर्सिंग डायरेक्टर लेफ्टिनेंट कर्नल मधुमिता ढल ने कहा, 'नर्सिकॉन देश में कैंसर के इलाज में नर्सिंग केयर की जरूरत को समर्पित सबसे बड़े कॉन्फ्रेंस में से है। वैश्विक स्तर पर कैंसर, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के लिए बड़ी चुनौति बनकर सामने आ रहा है। कैंसर के मरीजों की देखभाल के लिए इलाज के विभिन्न तरीकों को लेकर अच्छी तरह से प्रशिक्षित नर्सों की आवश्यकता होती है। दुनियाभर में कैंसर केयर के लिए प्रशिक्षित नर्सों की कमी है, जबकि बेहतर कैंसर केयर के लिए दक्ष नर्सों की उपलब्धता बहुत आवश्यक है।' नर्सिकॉन नर्सिंग समुदाय के बीच इलाज के विभिन्न तरीकों से जुड़ी जानकारियों, कैंसर केयर के नए तरीकों और ओंकोलॉजी में करियर बनाने के लिए जरूरी कौशल से संबंधित जानकारियों को साझा करने का अच्छा मंच बनकर उभरा है। जिस तरह तेजी से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र का परिदृश्य बदल रहा है, उसे देखते हुए नर्सिंग समुदाय के सहयोग से ही हाई-टेक एवं डिजिटल सेवाओं को सब तक पहुंचाया जा सकता है। पिछले संस्करणों की तरह इस साल भी नर्सिकॉन में देशभर से नर्सों ने हिस्सा लिया। मालदीव से नौ नर्सों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मधुमिता ढल ने आगे कहा, 'जानकारियां साझा करने और एक-दूसरे का सहयोग करते हुए ही हम कैंसर के इलाज की जटिलताओं का सामना कर सकते हैं। नर्सिकॉन इसी का माध्यम है।'

नर्सिकॉन 2022 में इम्यूनोथेरेपी, पैलिएटिव केयर नर्सिंग, रोबोटिक सर्जरी में नर्सों की भूमिका, कैंसर पेन मैनेजमेंट और मरीजों को ध्यान में रखकर किए जाने वाले संवाद जैसे विषयों पर चर्चा की गई, जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की जानकारी एवं क्षमता बढ़े। आरजीसीआई के सीईओ डीएस नेगी ने कहा, 'कैंसर केयर में भूमिका को देखते हुए आरजीसीआई नर्सिंग स्टाफ को सशक्त करने के मामले में अग्रणी है। अभी हमारे पास 700 से ज्यादा नर्सें हैं।

# हरियाणा ने तीसरे दिन जीते 12 स्वर्ण सहित 26 पदक

**5000 मीटर रेस वाक इवेंट में फरीदाबाद की आरती ने जीता सोना**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**37वीं** नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 11 नवम्बर से 15 नवम्बर तक गुवाहाटी ( आसाम ) में किया जा रहा है। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने जानकारी देते हुए बताया कि एथलेटिक्स हरियाणा की टीम में 93 लड़के और 93 लडकी एथलीट खिलाड़ियों सहित कुल 186 एथलीट खिलाड़ियों का बड़ा दल भाग ले रहा है। जिला एथलेटिक संघ फरीदाबाद कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड ने बताया कि 5000 मीटर रेस वाक इवेंट में आरती फरीदाबाद ने सोना जीता है। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि पहले, दूसरे और तीसरे दिन हरियाणा की बेटियों ने पदकों की झडी लगाई।

राजकुमार मिटान ने जानकारी दी कि आरती फरीदाबाद ने 5 किलोमीटर रेस वाक इवेंट में 24 मिनट 19 सेकेंड और 90 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक, आर्यन भिवानी ने 10 किलोमीटर रेस वाक के में 43 मिनट 51 सेकेण्ड 92 माइक्रोन के साथ कांस्य पदक, रिद्धि हिसार ने डिस्कस थ्रो इवेंट में 39 मीटर 2 सैंटीमीटर की थ्रो कर रजत पदक, विकास भिवानी ने 300 मीटर दौड में 35 सेकेण्ड 53 माइक्रोन के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

अंजलि भिवानी ने लांग जंप इवेंट में 6 मीटर 3 सैंटीमीटर की बेहतरीन जंप कर चांदी जीतकर हरियाणा राज्य को दी। अनमोल फतेहाबाद ने 14 साल लांग जंप इवेंट में 5 मीटर 15 सैंटीमीटर की जंप कर स्वर्ण पदक जीता। अतुल चरखी दादरी ने डिस्कस थ्रो इवेंट में 60 मीटर 17 सेंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक, विक्रांत भिवानी ने हैक्साथलान में 2729 अंक बनाकर रजत पदक, सुनील कुमार भिवानी ने डैक्थलान इवेंट में 6595 अंक बनाकर स्वर्ण पदक, आकांक्षा जींद 18 साल 400 मीटर दौड में 55 सेकेण्ड 87 माइक्रोन के समय के साथ स्वर्ण पदक, 20


5000 मीटर रेस वाक इवेंट में एक नम्बर पर खड़ी स्वर्ण पदक विजेता फरीदाबाद की आरती।

साल में दीपक रोहिल्ला सोनीपत ने 400 मीटर दौड में 47 सेकेण्ड 59 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक, 20 साल लडकी में सम्मी हिसार ने 400 मीटर दौड में 55 सेकेण्ड 11 माइक्रोन के सभी के साथ कांस्य पदक जीतकर हरियाणा राज्य का नाम रौशन किया।

राजकुमार मिटान ने बताया कि हरियाणा के एथलीट खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के तीसरे दिन रचना महेंदरगढ 18 साल ने 10 किलोमीटर रेस वाक में 49 मिनट 14 सेकेण्ड 88 माइक्रोन के समय के साथ रजत पदक, विकास हिसार 20 साल ने 1500 मीटर दौड में 3 मिनट 55 सेकेण्ड 87 माइक्रोन के साथ कांस्य पदक, 18 साल में साकिर पलवल ने 3 मिनट 55 सेकेण्ड 22 माइक्रोन के साथ स्वर्ण पदक, चंचल जाखड पलवल 18 साल ने 1500 मीटर दौड में 4 मिनट 45 सेकेण्ड 55 माइक्रोन के साथ कांस्य पदक, अंकिता झज्झर 18 साल ने हैमर थ्रो इवेंट में 54 मीटर 20 सैंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक, राहुल भिवानी 16 साल ने हैमर थ्रो इवेंट में 56 मीटर 48 सैंटीमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक, वीरेंदर ओला हिसार ने डिस्कस थ्रो इवेंट में 50 मीटर 91 सैंटीमीटर के साथ रजत पदक और अनिल कुमार करनाल ने 50 मीटर 84 सैंटीमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक जीता।

मिडले रिले दौड में स्नेह चरखी दादरी, सलोनी कैथल, निकिता पवार भिवानी और आकांक्षा जींद की टीम ने 2 मिनट 16 सेकेण्ड 29 माइक्रोन का समय दिया और रजत पदक जीता। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष और वर्तमान विधायक ऐलानाबाद अभय सिंह चौटाला सिरसा, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू हिसार और महासचिव राजकुमार मिटान ने हरियाणा टीम के सभी खिलाड़ियों को पदक जीतने की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

# डायबिटीज के गंभीर मरीज को अपाहिज होने से बचाया



**फरीदाबाद।** मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में डायबिटीज से जुड़े गंभीर संक्रमण के साथ आये फरीदाबाद निवासी 72 वर्षीय बीके भंडारी का चिकित्सकों ने सफल ऑपरेशन कर न केवल उसकी जान बचाई बल्कि डायबिटिक फुट को ठीक कर उसे अपाहिज होने से भी बचाया।

मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में मिनिमल इनवेसिव, बेरिएट्रिक सर्जरी एवं डायबिटिक फुट विभाग के डायरेक्टर डॉ. बालकिशन गुप्ता ने बताया कि मरीज को बेहोशी की हालत में हॉस्पिटल की इमरजेंसी में लाया गया। उसे आईसीयू में एडमिट किया गया। जांच करने पर पता चला कि मरीज के मल्टी ऑर्गन डिसफंक्शन थे। डायबिटीज के कारण मरीज दाहिने (राईट) पैर में सेल्यूलाइटिस एवं नेक्रोटाइजिंग फासिसाइटिस नामक गंभीर बीमारी से ग्रस्त था। पैर में स्किन की गैंग्रीन हो गई थी और पस बन गया था। इन्फेक्शन पैर से पूरे शरीर में ऊपर की तरफ फ़ैल रहा था। इसे मेडिकल भाषा में सेप्सिस कहा जाता है। ऐसी स्थिति मरीज के लिए जानलेवा साबित होती है। मरीज को अनियंत्रित डायबिटीज थी इसलिए सबसे पहले इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अनुराग अग्रवाल और आईसीयू टीम द्वारा मरीज की हालत को सामान्य किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद भगत सिंह ओपन फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच



**फरीदाबाद।** जिले के गांव दयालपुर में शहीद भगत सिंह ओपन फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश से झज्जर व कई जिलों की टीम के अलावा पंजाब व मुंबई के साथ साथ बाहर से भी कई राज्यों की लगभग 20 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का तीसरा ओर आखिरी दिन था जिसमे फाइनल मैच शहीद भगत सिंह क्लब दयालपुर ओर झज्जर की टीम की बीच खेला गया। जिसमें दयालपुर की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की। फूटबाल टूर्नामेंट के कार्यक्रम में पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख़ातिथि शिरकत की ओर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने गांव दयालपुर की सरदारी को इस कार्यक्रम की सफलता पर बधाई भी दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा की हमारे देश की माटी ने अंतरराष्ट्रीय खिलाडी देश को दिये है।

### डिलीवरी के बाद सीएमओ ने जाना दिव्यांग माउंटेनर का हाल

**फरीदाबाद।** विश्व की पहली दिव्यांग माउंटेनर बनी महिला के मॉ के पांच दिन बाद जिला सिविल सर्जन डॉ विनय गुप्ता और समाज सेवियों ने जाकर बच्चे और मां का हालचाल जाना। मां-बेटे दोनों स्वस्थ्य हैं। इस मौके पर सीएमओ विनय गुप्ता ने बताया कि उन्हें अनजान नंबर से फ़ोन आया कि मैं अपने होने वाले बच्चे की डिलीवरी बीके सिविल अस्पताल में करवाना चाहती हुं। जिस पर उन्होंने उन्हें बीके अस्पताल अपनी रिपोर्ट्स व्हाट्सएप पर साझा करने के लिए कहा और सीनियर गाइनोलॉजिस्ट डॉ. प्रोनिता अहलावत को रिपोर्ट दिखाई उसके उपरांत हॉस्पिटल में एडमिट करके डॉ. अरुणा ने माउंटेनर अरुणिमा सिन्हा की नॉर्मल डिलीवरी कराई। सीएमओ ने कहा कि विश्व की पहली दिव्यांग माउंटेनर अरुणिमा ने बताया कि यूपी से लेकर दिल्ली और फरीदाबाद के बड़े अस्पतालों ने हाई रिस्क प्रेगनेंसी केस बताकर नॉर्मल डिलीवरी कराने से इंकार कर दिया था। जिसके बाद उन्होंने सिविल अस्पताल के सीएमओ डॉ विनय गुप्ता को फ़ोन कर सारी जानकारी दी जिस पर डॉ गुप्ता ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती होने के लिए कहा। यूपी की बेटी और फरीदाबाद की बहू ने सोमवार की रात करीब दस बजे बेटे को जन्म दिया है।

### दिग्विजय चौटाला का बल्लभगढ़ पहुंचने पर स्वागत



**फरीदाबाद।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव एवं इनसो के छात्र संगठन को मजबूत कर रहे दिग्विजय सिंह चौटाला का स्वराज आधाना एवं इनसो के कार्यकर्ताओं ने ऊंचे गांव की गोशाला स्थित वाटिका में पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। दिग्विजय सिंह चौटाला ने मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जननायक जनता पार्टी 9 दिसंबर को अपना चौथा स्थापना दिवस भिवानी में मना रही है। जिसमें जिला फरीदाबाद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की संख्या सबसे अधिक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जो वादे किए थे उनको पूरा करने का काम कर रहे हैं इसके अलावा विधायक नैना चौटाला ने हरी चुनरी चौपाल के माध्यम से महिलाओं को आश्वासन दिया था कि प्रदेश में सरकार बनने पर महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिलाने का काम करेंगे, उनके इस वादे को पूरा करते हुए हरियाणा सरकार ने पंचायत में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का काम दुष्यंत चौटाला ने किया। राशन डिपो पर महिलाओं को 33त्न आरक्षण देकर महिलाओं के स्वाभिमानी होने का अधिकार भी लोकप्रिय मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दिया। जननायक जनता पार्टी चौधरी देवीलाल की विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है।

### मैथिल समाज के पर्व में पहुंचे विधायक नागर



**फरीदाबाद।** जगदम्बा मिथिला विद्यापति संघ ने आज विद्यापति पर्व में विधायक राजेश नागर का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर समाज ने अपनी मांगें भी रखीं। नागर ने कहा कि समाज की सेवा करना ही उनका उद्देश्य है। विद्यापति पर्व पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि मिथिला को हमारी माता सीता के साथ जुड़ाव रहा है। जो हमारे आराध्य भगवान श्रीराम चन्द्र जी की भार्या हैं। सांस्कृतिक रूप से मिथिला बहुत समृद्ध है। हम मिथिलावासियों को सांस्कृतिक प्रचार प्रसार में सहयोग करते ही हैं और आगे भी करते रहेंगे। नागर ने कहा कि कोई भी समाज अपनी सांस्कृतिक पहचान से जाना जाता है। जिसका आयोजन अगवानपुर में अनेक मिथिला कलाकारों की प्रस्तुतियों के संग हुआ। जिनमें दिलीप दरभंगिया, विकास झा, अरविन्द सिंह, रानी झा, डौली सिंह, वर्षा झा, आलोक आनन्द, धीरज आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर आयोजन मंडल के सदस्यों ने कहा कि मैथिली बिहार की एकमात्र भाषा है जो संविधान के अष्ठम अनुसूची में शामिल है और मैथिली और मिथिलाक्षर आज की भाषा नहीं है। मिथिला देश का उल्लेख तो महर्षि वाल्मिकी ने भी किया है। समाज ने अन्य मांगें भी रखीं जिन पर विधायक ने अपना भरपूर सहयोग देने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजेश तंवर, प्रह्लाद शर्मा, सुधीर नागर, साहू प्रधान, बृजेश ठाकुर, सहीराम आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### कोविड के बाद युवाओं को जकड़ रहा डायबिटीज


डॉ. जयंत।

**फरीदाबाद।** कोविड महामारी के बाद जिले में डायबिटीज के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। पहले जहां अस्पताल ओपीडी में 40 से 50 मरीज इलाज के लिए पहुंचते थे। यह संख्या बढ़कर अब 60 से 70 पहुंच गई है। विश्व डायबिटीज डे पर यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर जयंत ठाकुरिया का। डॉ. जयंत ठाकुरिया ने बताया कि डायबिटीज एक ऐसी ना खत्म होने वाली बीमारी है जो एक बार हो जाने पर पूरी लाइफ इसे झेलना पड़ता है। डायबिटीज मेटाबोलिक बीमारियों का एक समूह है, जिसमें ब्लड में ग्लूकोज (ब्लड शुगर) का लेवल नॉर्मल से अधिक हो जाता है। ऐसा तब होता है, जब बॉडी में इंसुलिन ठीक से न बने या बॉडी के सेल्स इंसुलिन के लिए ठीक से प्रतिक्रिया न दें।डायबिटीज से कब कौन सा अंग खराब हो जाए रोगी को पता ही नहीं चलता। कोविड में अनेक मरीज अस्पतालों में भर्ती रहे। इलाज के दौरान उनकी जान बचाने के लिए स्टेरॉयड दिया गया। इससे मरीजों की जान तो बच गई लेकिन डायबिटीज सहित कई बीमारियों का खतरा बढ़ गया। इनमें युवाओं की संख्या भी काफी ज्यादा है। खासकर जिनकी फैमली में पहले से किसी को डायबिटीज है। शुरुआत में ही बीमारी की पहचान हो जाए और इलाज शुरू कर दिया जाए तो मरीज इसके खतरे से बच सकता है। अस्पतालों में आज इसका इलाज काफी आसान हो गया है। बाजार में तरह की दवाइयां आ गई है। जिनसे बीमारी को बढने से रोका जा सकता है।

# दिल्ली में प्रदूषण राजनीति हावी

**विभिन्न** प्रकार के राजनेता स्वर्णिम अतीत की बात करते हुए बेहतरीन भविष्य का वादा करते रहते हैं, पर राष्ट्रीय राजधानी व उत्तर भारत के अनेक हिस्सों में घातक धुंध छाई हुई है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक-एक्यूआई शुक्रवार को सवेरे 6.30 बजे 300 का आंकड़ा पार कर 'बहुत खराब' श्रेणी में आ गया है, जबकि दो दिन पहले यह 'खराब' की श्रेणी में था। ऐसे में केन्द्र सरकार के अंतर्गत कार्यरत वायु गुणवत्ता समिति या वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग-सीएक्यूएम बार-बार दिल्ली-एनसीआर में तीसरे चरण की श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना-ग्रैप के अंतर्गत प्रतिबंध लगाने या हटाने के निर्णय कर सकता है। ऐसी सारी व्यवस्थायें काम कर रही हैं, लेकिन एक्यूआई में जो परिवर्तन होते हैं वे ग्रैप या ऐसी अन्य योजनाओं के दायरे से बाहर हैं। हवा की विषाक्तता जलवायु की स्थितियों व मूलत: हवा की गति पर निर्भर होती हैं। जब हवा तेज चलती है तो एक्यूआई घट जाता है, जबकि हवा की गति धीमी होने पर यह बढ़ता है। बरसात होने से भी एक्यूआई घटता है। इससे लगता है कि पर्यावरण संकट मनुष्यों की गतिविधियों के कारण पैदा होता है, पर इसका समाधान प्राकृतिक होता है। लेकिन इसका कारण पता लगाना आसान नहीं है। ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार तत्कालीन मुद्दों को संबोधित करने के बजाय दिल्ली राज्य में सत्तारूढ़ अरविंद केजरीवाल की आलोचना करना ज्यादा पसंद करती है। इन मुद्दों में वायु प्रदूषण तथा शहरी अराजकता है। ऐसे में पूरी तरह स्पष्ट है कि केन्द्रीय अधिकारियों व दिल्ली सरकार के विभागों के बीच



अच्छे कार्यकारी संबंधों के बिना राष्ट्रीय राजधानी में जहरीली हवा की समस्या हल नहीं की जा सकती है। लेकिन विडंबना है कि जनता के हित में इनमें से कोई एक-दूसरे के साथ सहयोग को तैयार नहीं है। इस कारण राजनेताओं के बड़े-बड़े दावों के बावजूद जनता का कल्याण संकुचित राजनीति के नीचे कुचला जा रहा है। आम आदमी पार्टी-आप इस साल पंजाब की सत्ता में आई है। इसके पहले आप नेता दावा किया करते थे कि मुख्यत: पराली जलाने के कारण इन दिनों हर साल एक्यूआई का स्तर बढ़ता है और इसका समाधान आसान है। बताया जाता है कि लगभग दो साल पहले एक प्रेस सम्मेलन में केजरीवाल ने जोर दिया था कि समस्या का समाधान मौजूद है और इसके लिए केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार ने पूसा में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान-आईसीएआर द्वारा तैयार एक तकनीक का परीक्षण कर लिया है। इस तकनीक से खेतों में बचे फसलों के अवशेष या पराली को खाद में बदला जा सकता है। दूसरे शब्दों में इस समस्या का समाधान खोजा जा चुका है। उन्होंने पूछा था, 'अब जब समस्या का समाधान मौजूद है तो क्या सभी राज्य सरकारों व केन्द्रीय एजेंसियों को इस पर एक कानून बना कर दिल्ली-एनसीआर को प्रदूषाण से बचाना नहीं चाहिए?' इस समाधान का क्या हुआ? केन्द्र भले ही दिल्ली व पंजाब की आप सरकारों से सहयोग न कर रहा हो, पर कम से कम इन दोनों राज्य सरकारों को तो काम करना चाहिए। लेकिन तथ्य यह है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान का प्रशासन पंजाब में खेतों में आग लगने की घटनायें रोकने में दयनीय रूप से विफल हुआ है, जबकि पड़ोसी हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश पराली जलाने की घटनायें कम करने में सफल हुए हैं। आज पराली जलाने की 90 प्रतिशत घटनायें पंजाब में हो रही हैं। लेकिन इस बीच आम आदमी पार्टी-आप केवल आरोप-प्रत्यारोप लगाने के खेल में व्यस्त है।

# सैन्य उद्योगों से जलवायु परिवर्तन

विकासशील देशों को हथियार उत्पादन, सप्लाई, युद्धों व जलवायु परिवर्तन के बीच दुष्चक्र पर चर्चा शुरू करनी चाहिए। दुनिया आज भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर समाधानों के लिए देख रही है।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका, पंजाब विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।)




**मिस्र** के शर्म-अल-शेख में आयोजित काप27 में बहुत कुछ हो रहा है। जलवायु परिवर्तन के संबंध में होने वाले इस सम्मेलन में विभिन्न पक्ष, जैसे अमेरिका, यूरोपीय संघ व ब्रिटेन हैं। इसके साथ ही वहां 'सर्वाधिक प्रदूषणकारी' 'बेसिक' देश, जैसे ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, भारत व चीन भी हैं। लगभग 30 साल पहले वार्तायें शुरू होने के बाद पहली बार 'नुकसान और मुआवजे' की बात हो रही है। अनुमानों से पता चलता है कि दुनिया की सेनायें वैश्विक स्तर पर ग्रीनहाउस गैसों का 1 से 6 प्रतिशत पैदा करती हैं। लेकिन अधिकांश अंतरराष्ट्रीय संस्थानों ने जानबूझ कर इस तथ्य को अनदेखा करना पसंद किया है कि युद्धों और टकरावों का अपना कार्बन फुटप्रिंट होता है। चूंकि सैनिक उत्सर्जनों की खबर देना पूर्णत: स्वैच्छिक है, इसलिए पारदर्शिता की कमी से 'सैनिक उत्सर्जन खाई' पैदा हुई है।

सभी विकसित देश संयुक्त रूप से अपने 'दोष' का बोझ विकासशील देशों व खासतौर से भारत जैसी उभरती शक्तियों पर थोप देते हैं। अनेक खबरों से युद्धों तथा अनेक सैनिक मिशनों से पर्यावरण को होने वाला नुकसान रेखांकित किया गया है। इनमें अनेक गैर-सैनिक गतिविधियां भी शामिल हैं, जैसे समुद्री संचार लाइनों की सुरक्षा, नियमित गश्त, सैनिक अभ्यास, आदि। इसके साथ ही इन दोनों प्रकार की गतिविधियों के लिए भारी मात्रा में ऊर्जा पैदा करने वाले ईंधनों की आवश्यकता होती है, जो इन गतिविधियों के समय तथा तीव्रता पर निर्भर करती है। युद्ध के पश्चात पुनर्निर्माण के कारण पैदा होने वाले उत्सर्जनों को अनदेखा कर दिया जाता है। इस प्रकार सैनिक गतिविधियों के कारण पैदा होने वाला कार्बन उत्सर्जन या फुटप्रिंट पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली चर्चाओं के दायरे से बाहर है।

खाड़ी, इराक व अफगानिस्तान के युद्ध जलवायु पर पर्यावरणीय नुकसान के सर्वाधिक संदर्भित मामले हैं। 1992 में जर्नल साइंस द्वारा किए एक अध्ययन से पता चला कि दूसरे खाड़ी युद्ध में तेल कुंओं में लगी आग से उस साल वैश्विक उत्सर्जनों में दो प्रतिशत वृद्धि हुई। 2008 में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन 'आयल चेंज इंटरनेशनल' द्वारा प्रकाशित अध्ययन से पता चला कि इराक युद्ध 141 मिलियन टन कार्बन डाईआक्साइड के बराबर उत्सर्जन का कारण बना। ब्राउन युनिवर्सिटी की एक अन्य रिपोर्ट से पता चला कि 2001 में अफगानिस्तान पर हमले के बाद से अमेरिकी सेना ने 1,212 मिलियन मीट्रिक टन ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित कीं। केवल 2017 में कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन 59 मिलियन टन अधिक रहा। इस अनुमान से 2001 से 2017 तक 766 मिलियन मीट्रिक टन कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन हुआ।

न केवल युद्धों, बल्कि गैर-सैनिक गतिविधियों ने भी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में बड़ी भूमिका अदा की। उदाहरणार्थ, वायुसेना द्वारा की जाने वाली उड़ानों से पर्यावरण पर भयानक प्रभाव पड़ता है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी वायुसेना का एक बी-2 बमवर्षक औसतन प्रति मील 4.28 गैलन ईंधन खर्च करता है तथा 251.4 मीट्रिक टन कार्बन डाईआक्साइड पैदा करता है। 2021 में पेश अपनी रिपोर्ट में ग्रीनपीस ने कहा था कि यूरोपीय संघ के अधिकांश परस्पर जुड़े सैनिक मिशन तेल व गैस आयातों की सुरक्षा के लिए होते हैं। इस प्रकार फासिल ईंधनों की सप्लाई श्रृंखला, सैनिक मिशनों व युद्ध के बीच संभावित खतरनाक संबंधों को समाप्त होना चाहिए। दुनिया को इस प्रकार महाशक्तियों के बीच फंसी भू-राजनीति के कारण खामियाजा भुगतना पड़ता है और विकासशील देशों को इस मामले में खामोश रहने को मजबूर किया जाता है।

उपरोक्त आंकड़े समस्या का केवल एक आयाम हैं। इसका दूसरा पक्ष बड़े हथियार सप्लायरों द्वारा लगातार हथियारों के उत्पादन तथा सैनिक सप्लाई श्रृंखला बनाए रखना है। विकसित दुनिया के देश विरले ही अपनी जीडीपी व रोजगार सृजन में हथियार सप्लाई के योगदान के बारे में पारदर्शिता बरतते हैं। स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट-सिप्री ने 2019 में अनुमान लगाया था कि 2018 की तुलना में सबसे बड़ी 25 हथियार निर्माता कंपनियों की बिक्री में 8.5 प्रतिशत या 361 बिलियन डालर की वृद्धि हुई। सिप्री ने 2022 में प्रकाशित अपनी रिपोर्ट 'इनवायरमेंट आफ पीस: सिक्यूरिटी इन अ न्यू इरा आफ रिस्क' में बताया कि रूस-यूक्रेन टकराव तथा इसके कारण गेंहू सप्लाई में आई बाधा से 'ऊर्जा गरीबी' की आशंका पैदा हुई है। यह विकासशील देशों के लिए एक मानक आयाम बन सकता है क्योंकि खाद्यान्नों की कीमतें 'कम से कम 30 साल में उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं।' भूमि उर्वरता में कमी के बारे में बताया गया है कि दुनिया की लगभग एक तिहाई मृदा का क्षरण हो गया है। रिपोर्ट के अनुमान से यह 2050 में 90 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। इसके साथ ही खाद्यान्नों की मांग में 60 प्रतिशत बढ़ोत्तरी होगी। यहां तक कि सीफूड भी इस संकट से नहीं बचेगा जिसका कारण समुद्रों का गरम होना, अम्लीकरण तथा वि-आक्सीकरण है। इससे सप्लाई श्रृंखला में भारी व्यवधान पैदा होगा। यही बातें म्यूनिख सिक्यूरिटी कान्फ्रेंस की 2022 सिक्यूरिटी रिपोर्ट में कही गई हैं। इस प्रकार उपरोक्त समस्याओं के कारण जबरन विस्थापन, जनसंख्या संरचना में अंतर, संसाधनों के लिए हिंसक संघर्ष तथा हथियार सप्लायरों के भू-राजनीतिक हितों के कारण टकराव और बढ़ेगा। इससे छोटे द्वीपीय विकासशील देशों-एसआईडी व न्यूनतम विकसित देशों-एलडीसी को तत्काल खतरों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि इनकी आवश्कताओं को बहुआयामी स्तर पर संबोधित करना होगा। प्रत्येक संभावित टकराव का जवाब प्रतिरोध से होगा जिससे और ज्यादा हथियारों, युद्धों तथा मानवाधिकार उल्लंघनों का संकट पैदा होगा। इस तर्क के पक्ष में अनेक सबूत हैं। सिप्री रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में वैश्विक सैनिक खर्च 2.1 ट्रिलियन डालर पहुंच गया जो शीतयुद्ध के बाद अधिकतम है।

इंस्टीट्यूट फार इकोनोमिक्स एंड पीस स्टडी की 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट 'व्हाई युनाईटेड नेशन्स पीस आपरेशन्स कैननाट इग्नोर क्लाइमेट चेंज' में बताया गया है कि संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में 21 वर्तमान मिशनों में से 10 उन देशों में हैं जो जलवायु परिर्वन से सर्वाधिक प्रभावित हैं। इस प्रकार सुरक्षा एजेंसियों को विकासशील देशों में हो रहे जलवायु परिवर्तन के बारे में तत्काल संवेदनशीलता बरतनी चाहिए।

विकसित देश तर्क दे सकते हैं कि आईपीसीसी, 2006 ने खोज के उन मानकों का समर्थन किया था जो जल नौवहन व उड्डयन तथा सैनिक कार्यों में प्रयोग न होने वाली अन्य मशीनों के बारे में हैं। लेकिन स्थापित सैनिक कार्बन फुटप्रिंट के कारण इनके विस्तार की आवयकता है। इनकी संकुचित व्याख्या भावी पीढ़ियों की बेहतरी के लिए उचित होगी। विकासशील देशों व खासकर भारत को हथियार उत्पादन, सप्लाई, युद्धों व जलवायु परिवर्तन के बीच दुष्चक्र पर चर्चा शुरू करनी चाहिए क्योंकि इसके लिए कोप27 से अच्छा मंच नहीं हो सकता है।

भारत इस मामले में नेतृत्व कर सकता है क्योंकि दुनिया आज भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर देख रही है। उन्होंने अनेक मंचों पर जोर दिया है कि हिंसा और युद्ध बंद होने चाहिए। भारत को जलवायु परिवर्तन तथा जलवायु फाइनेंसिंग पर अंतरराष्ट्रीय बहुपक्षीय सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करनी चाहिए तथा उपरोक्त वर्णन के आधार पर इसकी समीक्षा करनी चाहिए। चीन समेत दुनिया भर की सेनाओं को प्रधानमंत्री मोदी के 'लाइफ' मंत्र का पालन करना चाहिए जिसका लक्ष्य ग्रह का स्वास्थ्य और बेहतरी है। विकसित देशों को भावी पीढ़ियों को धोखा नहीं देना चाहिए। न्यू कलेक्टिव क्वांटीफाइड गोल आन क्लाइमेट फाइनेंस-एनसीक्यूजी और क्लाइमेट फाइनेंसिंग को सैनिक कार्बन उत्सर्जन पर ध्यान देना चाहिए। सैनिक कार्बन उत्सर्जनों को जलवायु परिवर्तन के परिणामों में जोड़ने से हम अपरिहार्य विभीषिका टालने का प्रयास कर सकते हैं। विकसित व अमीर देशों को तकनीक, वित्त तथा क्षमता निर्माण के मामले में सर्वाधिक योगदान करना चाहिए क्योंकि उन्होंने पर्यावरण को सबसे ज्यादा 'नुकसान व क्षरण' पहुंचाया है। एक प्रमुख भविष्यवेत्ता जैमिस कैसियो ने कहा था, 'ग्लोबल वार्मिंग को पूरे ग्रह का विनाश बनने से रोकने के लिए हमें नवीकरणीय ऊर्जा, अत्यधिक सक्षम शहरी डिजाइन व वैश्विक कार्बन टैक्सों से आगे बढ़ कर कोई आमूल परिवर्तनकारी कदम उठाना होगा।'

# गुणवत्ता से रहित रोजगार-विहीन शिक्षा

**विजय कांत देब**
(बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के सदस्य)



**भारत** को कामकाजी आयु वर्ग में 65 फीसदी युवाओं के होने का जनसांख्यिकीय लाभांश प्राप्त है। उत्तीर्ण स्नातकों की संख्या भी संतोषजनक है। लेकिन महत्वपूर्ण मसला उनकी रोजगार क्षमता है। व्यवसाय और उद्योग, स्नातकों में उचित किस्म के रोजगार योग्यता कौशल की कमी से निराश हैं। इसलिए भारत में नौकरियों को भरने में कठिनाई 58 फीसदी है, जो वैश्विक मानक 38 फीसदी (2015 में) से काफी ऊपर है। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट-2021 (चैंबर ऑफ इंडियन इंडस्ट्री, सीआईआई) के अनुसार, देश के केवल 42.72 प्रतिशत कला स्नातक, 40.30 प्रतिशत वाणिज्य स्नातक और 30.34 प्रतिशत विज्ञान स्नातक ही रोजगार-योग्य हैं। लैंगिक विभाजन करें तो, 38.91 प्रतिशत पुरुषों के मुकाबले 41.25 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार योग्य माना गया। स्नातकों में रोजगार सर्वेक्षण का पता चलता है कि स्नातकों में तकनीकी कौशल, खराब संप्रेषण एवं भाषा कौशल की कमी है। व्यापार और उद्योग वैज्ञानिक व अकादमिक ज्ञान के लिए परिचालन विशेषज्ञता को प्राथमिकता देते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्माता इस जमीनी हकीकत से वाकिफ हैं। मुख्यधारा के पाठ्यक्रमों में छात्रों की कमतर रोजगार-योग्यता का प्राथमिक कारण, उच्च शिक्षा संस्थानों में प्राप्त शिक्षा की खराब गुणवत्ता है। एआईएसएचई (2019-20) की रिपोर्ट के अनुसार, मुख्यधारा के स्नातक पाठ्यक्रमों में भाग लेने वाले 79.41 प्रतिशत छात्र निजी संबद्ध कॉलेजों में नामांकित थे, जो शायद ही शिक्षण और अध्यापन के गुणवत्ता मानकों का पालन करते हैं।

ऐसे उच्च शिक्षा संस्थान को संबद्ध विश्वविद्यालयों और संबंधित राज्य सरकारों द्वारा ठीक से विनियमित नहीं किया जाता है। यदि स्नातकों की रोजगार योग्यता में सुधार करना है, तो इन संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करना पहली शर्त है। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (2009) के प्रभाव में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (1994) और माध्यमिक कक्षाओं में सर्व शिक्षा अभियान (2001) से पहले प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन में जबरदस्त वृद्धि देखी गई। प्रोत्साहन और सुविधाओं के माध्यम से लड़कियों के नामांकन को बढ़ाने के सचेत प्रयासों के



भी सकारात्मक परिणाम मिले। इन सभी के कारण उच्च शिक्षा में प्रवेश में भारी उछाल आया। उच्च शिक्षा के लिए प्रमुख अभियान की शुरुआत 2013 के अंत में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) के साथ हुई। यदि हमें गुणवत्तापूर्ण स्नातक तैयार करने हैं, तो उन राज्य सरकारों और विश्वविद्यालयों को, जो संबद्धता प्रदान करते हैं, निजी उच्च शिक्षा संस्थानों को विनियमित करने की आवश्यकता होगी। रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम बेरोजगारी की बीमारी का रामबाण इलाज हैं। हालांकि, हमारे समाज की सामान्य मानसिकता अकादमिक स्नातक की डिग्री हासिल करना है क्योंकि व्यावसायिक पाठ्यक्रम कम उत्साह में आयोजित किए जाते हैं।

इस पृष्ठभूमि में, एक व्यावहारिक दृष्टिकोण, कॉलेजों में सामान्य शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा को एकीकृत करना होगा। नयी शिक्षा नीति व्यावसायिक शिक्षा से जुड़ी सामाजिक हैसियत संबंधी असमानता को, धीरे-धीरे मुख्यधारा की शिक्षा में शामिल करके, उस पर काबू भी पाना चाहती है। पहला कदम, सरकारी या विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में चल रहे वोकेशनल कोर्स को मजबूती देना होना चाहिए। इन पाठ्यक्रमों को, संबंधित क्षेत्र की कौशल परिषदों (एसएससी) द्वारा तैयार किए गए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों (एनओएस) तथा प्रासंगिक योग्यता पैक (क्यूपी) के पाठ्यक्रम को दिशानिर्देशित करके कौशल-विशिष्ट बनाने की आवश्यकता है। चूंकि ये पाठ्यक्रम स्व-वित्तपोषित योजना के तहत चलाए जाते हैं, इसलिए कम वेतन पर केवल खराब गुणवत्ता वाले अतिथि शिक्षकों को रखा जाता है। एमएसडीई, जो व्यावसायिक प्रशिक्षण को नियंत्रित करता है, और एमई, जो व्यावसायिक शिक्षा को नियमित करता है, को इस संबंध में पूर्ण समन्वय में कार्य करने की आवश्यकता है। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) द्वारा मान्यता प्राप्त होना चाहिए। श्रम बाजार सूचना प्रणाली (एलएमआईएस) द्वारा प्रदत्त, मांग और आपूर्ति पर आधारित डेटा का अध्ययन करने के बाद कुछ क्षेत्र-विशिष्ट पाठ्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए।

विश्वविद्यालय के प्रत्येक कॉलेज को बी वोक कोर्स चलाने के लिए अपने परिसर में ऐसे सामुदायिक कॉलेज खोलना चाहिए, जिसका उद्देश्य स्किलिंग, री-स्किलिंग और अप-स्किलिंग है। 2018-19 में बी वोक में कुल नामांकन केवल 33,263 था। युवाओं की रोजगार क्षमता में सुधार के लिए इस पाठ्यक्रम को लोकप्रिय बनाने की जरूरत है। सामुदायिक कॉलेजों को सरकार के शासी अधिकारियों के साथ ठीक से जोड़ा जाना चाहिए। चुने जाने वाले पाठ्यक्रम रोजगार बाजार के लिए प्रासंगिक होने चाहिए। बी वोक के लिए पाठ्यक्रम संरचना कौशल घटकों और सामान्य शिक्षा क्रेडिट को 3: 2 के अनुपात में जोड़ती है। बी वोक कार्यक्रम में कई प्रवेश और निकास विकल्प हैं, मसलन जिन्हें नयी शिक्षा नीति मुख्यधारा के स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रस्तावित करती है। पारंपरिक या व्यावसायिक स्ट्रीम में हायर सेकेंडरी पास करने वाले किसी भी व्यक्ति को प्रवेश मिल सकता है। बी वोक की पाठ्यक्रम संरचना भी मुख्यधारा में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के समान है।

जर्मन, ऑस्ट्रियाई और स्विस मॉडल, जो अंदरूनी लचीले ढांचे के साथ व्यावसायिक और पारंपरिक धाराओं के स्वस्थ अभिसरण की अनुमति देते हैं, उन पर भी विचार किया जाना चाहिए। 18-23 आयु वर्ग के लगभग 79 प्रतिशत युवा, जो उच्च शिक्षा में नामांकित नहीं हैं, यदि स्नातक पाठ्यक्रमों की रोजगार योग्यता में सुधार किया जाता है, वे इसकी ओर आकर्षित हो सकते हैं। भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली एक सोया हुआ देव है जिसे एक सक्रिय, गतिशील और उत्तरदायी क्षेत्र बनाने की आवश्यकता है जो अच्छी गुणवत्ता वाले मानव संसाधनों को यहां उपरोक्त उपायों पर क्रियान्वित करने में सक्षम है।

## आप की बात

### बाल श्रमिक

**देश** ही नहीं, पूरी दुनिया में "बाल श्रमिक कानून" बना हुआ है, उसके बावजूद करोड़ों की संख्या में बच्चे गरीबीवश मजबूर होकर "बाल मजदूर" बने हुए हैं। हर साल विश्व भर में "बाल दिवस" की औपचारिकता पूरी कर ली जाती है। जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों में भावनात्मक और रचनात्मक भाषण दुनिया के कर्णधारों द्वारा दे दिए जाते हैं किन्तु प्रेक्टिकली पूरे साल बाल श्रमिक बढ़ते ही जाते हैं। भाषण देने और कानून बनाने से बालकों का उद्धार संभव नहीं है। क्योंकि जब तक हर देश से गरीबी दूर नहीं होती बाल मजदूरों की मजबूरी बनी ही रहेगी। दुनिया में वर्गभेद संभव है किन्तु हर परिवार को इतना तो मिले कि वो अपने बच्चों का पालन-पोषण ठीक से कर सके, ताकि उन्हें अपने बच्चों से मजदूरी करने/ कराने को मजबूर न होना पड़े। कोई भी मातापिता या पालक अपने बच्चों से मजदूरी क्यों करवाना चाहेगा? कहीं न कहीं उसकी मजबूरी ही होगी, तभी बच्चों से मजदूरी कराने की विवशता होती होगी। यदि "बाल मजदूर कानून" का सख्ती से पालन हो एवं बच्चों की आवश्यकता की ओर ध्यान दे तो "बाल दिवस" मनाना सार्थक हो सकता है। वरना ये मात्र औपचारिकता होगी।

- **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### अति सर्वत्र वर्जयेत

**बुजुर्ग** कह गए है "अति सर्वत्र वर्जयेत" यानी किसी भी काम को हद से ज्यादा करना ठीक नहीं है। हम शारीरिक व्यायाम इसलिए करते हैं ताकि चुस्त एवं तंदरुस्त रह सकें। अगर इसी व्यायाम को एक घंटे के स्थान पर पांच घंटे करने लगे तो निश्चित रूप में इसका हमारे शरीर और स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ेगा। हाल में कई नामी गिरामी लोगों की अत्यधिक व्यायाम कर ह्रदयाघात के कारण मृत्यु हो चुकी है। उन लोगों ने स्वस्थ जीवन के लिए जिम में कसरत का रास्ता चुना था। अत्यधिक कसरत ने उनकी जान ले ली। 'कुसुम' और 'कसौटी जिंदगी की' जैसे टीवी सीरियल में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर अभिनेता सिद्धांत वीर सूर्यवंशी का 46 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पहले मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की भी मृत्यु इन्ही हालातों के कारण हुई थी। कुछ माह पूर्व ही साउथ के सुपरस्टार पुनीत राजकुमार को 29 अक्टूबर, 2021 को वर्कआउट के दौरान दिल का दौरा पड़ा। हम दिल स्वस्थ रखने के लिए कसरत करते हैं मगर जब इसी कसरत से हमारी जान चली जाएगी तो फिर क्या फायदा ऐसे शारीरिक व्यायाम का?

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


### दिल्ली की दशा

**दिल्ली** की प्रशासनिक व्यवस्था में राजनीतिक दांवपेच इस कदर हावी है कि जन सरोकार के मुद्दे राजनीति की भेंट चढ़ चुके है। एक दिल्ली अमीरों की बन चुकी है और दूसरी गरीबों की। करीब 50 लाख की आबादी झोपड़पट्टियों में रहती हैं। इनके लिए ना योजनाएं हैं ना बजट प्रावधान किए जाते हैं। कूड़े के पहाड़ पर राजनीति हो रही है। कोई भी ऐसी कॉलोनी नहीं है जहां पर गंदगी न दिखाई दे, सीवर व्यवस्था पूरी तरह चरमराई नजर आती है, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में, अनधिकृत बस्तियों में, दिल्ली के स्लम्स एवं जेजे क्लस्टर की बस्तियों में सड़कों का बुरा हाल है। धूल भरी आंधी से प्रदूषण की भारी मार क्षेत्र के गरीब लोगों को भारी पड़ी है। इन बस्तियों में ऐसा कोई घर नहीं जहां कोई आदमी बीमार न हो। दिल्ली में स्ट्रीट क्राइम लगातार बढ़ रहे हैं। सिड़कों पर अतिक्रमण और फुटपाथ पर कब्जा व अवैध व्यापार को सरकार रोकने में असमर्थ है। चुनाव में बेशक कोई भी पार्टी जीत जाए लेकिन सफाई कर्मचारियों की कोई सुनने वाला नहीं है। तीन-तीन महीने तक उनको वेतन नहीं मिलता है।

- **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भाजपा** ने बार-बार परंपरायें तोड़ कर सरकारें बनाई हैं। इस बार हिमाचल प्रदेश में भी परंपरा टूटेगी।

- **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री



**यूक्रेन** के कुछ हिस्सों से रूसी सैनिकों के हटने का अर्थ यूक्रेन युद्ध समाप्त होना नहीं है।

- **जेक सुलीवान**
व्हाइट हाउस सुरक्षा सलाहकार



**देवेंद्र फडनवीस** ने अच्छे निर्णय लिए हैं। मैं उनसे, प्रधानमंत्री मोदी तथा अमित शाह से मिलूंगा।

- **संजय राउत**
शिवसेना-उद्धव के नेता

# खिचड़ी मेले पर गांव-गांव तक मिलेगी परिवहन की सुविधा

● मुख्यमंत्री ने की मकर संक्रांति पर गोरखनाथ मंदिर में लगने वाले मेले की तैयारियों की समीक्षा

● रेलवे स्टेशन व नकहा हाल्ट से श्रद्धालुओं को मिलेगी सिटी बस की सेवा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति पर आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेला के लिए श्रद्धालुओं को गांव-गांव तक परिवहन की सुविधा मिलेगी। परिवहन विभाग ने इसके लिए अभी से बसों के इंतजाम की तैयारी शुरू कर दे। रेलवे प्रशासन से संवाद कर अलग अलग स्टेशनों से मेला स्पेशल ट्रेनों का संचलन कराने के साथ ही गोरखपुर स्टेशन व नकहा हाल्ट से इलेक्ट्रिक सिटी बसों की सुविधा उपलब्ध कराई। इन सुविधाओं की जानकारी अभी से लोगों को दी जाए।

सीएम योगी रविवार शाम गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति पर लगने वाले पारंपरिक खिचड़ी मेले की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खिचड़ी मेले से न सिर्फ पूर्वी उत्तर प्रदेश वरन बिहार, नेपाल से लगायत देश-दुनिया के सनातन मतावलंबियों की आस्था जुड़ी है। इसके दृष्टिगत मेले में सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जाये जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। दूरदर्शन व आकाशवाणी के जरिए मेले का सजीव प्रसारण किया जाएगा ताकि वे लोग भी मेले में वर्चुअल सहभागी हो सकें जो किंचित कारणों से इसमें शामिल नहीं हो पा रहे हों। मेले में भीड़ को नियंत्रित करने तथा सुरक्षा आदि की तैयारी पुलिस प्रशासन सुनिश्चित करे। पुलिस को सुरक्षा और सतर्कता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेले के समय वाहन पार्किंग स्थल में खड़े हों, वाहन स्टैण्ड पर प्रकाश एंव साफ-सफाई की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि मेला क्षेत्र मे पर्याप्त स्थायी एंव अस्थायी प्रकाश व्यवस्था करायें और पर्याप्त संख्या में अलाव जलवाने की व्यवस्था की जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि नगर निगम, गोरखपुर विकास प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी है कि वे सभी सड़कों को भी समयबद्ध ढंग से ठीक करायें जिससे किसी को भी आवगमन में असुविधा न हो। सीएम योगी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को मेला के दौरान विशेष तौर पर एलर्ट रहना होगा। मेला परिसर में हेल्थ कैम्प भी लगाया जाए। अस्पतालों को भी एलर्ट मोड पर रखने की आवश्यकता होगी ताकि आकस्मिक जरूरत पर किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी रैन बसेरों को ठीक करायें तथा रैनबसेरों में सफाई आदि की व्यवस्था बेहतर हो। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में डेंगू की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने डीएम, सीएमओ व अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि डेंगू की जांच, इलाज व रोकथाम की मुकम्मल व्यवस्था होनी चाहिए। हर मरीज का त्वरित उपचार हो।

## सीएम ने किया रामायण मेले के पोस्टर का विमोचन

● अयोध्या में 27 से 30 नवंबर तक चलेगा मेला

● मेला समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**27 से** 30 नवंबर तक रामनगरी में 41वां रामायण मेला होगा। इसे लेकर रामायण मेला समिति के पदाधिकारियों ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रामायण मेले के द्वितीय दिन होने वाले कार्यक्रमों राम विवाह के पोस्टर का विमोचन किया। पहले दिन के कार्यक्रमों के पोस्टर का विमोचन राम जन्मभूमि पर किया गया था। रामायण मेला समिति के संयोजक व डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विवि के जनसंपर्क अधिकारी आशीष कुमार मिश्र ने बताया कि पोस्टर में रामायण मेले में होने वाले द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में राम बारात आगमन, पांव पूजन की रस्म, चारों भाइयों का अग्नि फेरा व वर-वधू द्वारा ऋषियों से आशीर्वाद प्राप्त करने की लीला को दर्शाया गया है। वैष्णवी गुप्ता व प्रिया गुप्ता ने आवरण छवि को भित्ति फलक पर उकेरने का कार्य किया है। इसमें भारतीय लोककला को प्रदर्शित किया गया है। इसमें अवधी लोक कला और परंपरा की स्पष्ट झलक दिख रही है। आवरण छवि के माध्यम से रामायण मेला में भारतीय लोककला व संस्कृति को दर्शाना है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान मेला समिति के महामंत्री प्रो. वीएन अरोड़ा ने बताया कि इस वर्ष यह 41वां मेला होगा। 4 दिन तक इसका आयोजन होगा। चारों दिन के कार्यक्रम के अलग अलग पोस्टर होंगे। पहली बार मुख्यमंत्री ने पोस्टर लॉन्च किया है। पारंपरिक तरीके से चार दिन तक अयोध्या में मेले का आयोजन किया जाएगा।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज से तीन दिवसीय दौरे पर लखनऊ में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** से सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि रक्षा मंत्री 3 दिवसीय दौरे पर 14 नवंबर सोमवार को सायं 5 बजे पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां से वह सीधे महानगर विस्तार स्थित बी-49 पार्क में महानगर आवासीय कल्याण समिति व स्थानीय लोगों के साथ भेंटकर संवाद करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत दिलकुशा आवास के लिए रवाना होंगे। अगले दिन मंगलवार 15 नवंबर को अपराहन 3. 30 ऐशबाग वार्ड, सुदर्शन पुरी बस्ती में धानुक समाज के साथ संवाद करेंगे। इसके उपरांत सायं 4.30 बजे क्षत्रीय लॉन राजाजीपुरम में राजाजीपुरम आवासीय कल्याण समिति से भेंट कर संवाद करेंगे। जनसंवाद कार्यक्रम के उपरांत सायं 5.30 बजे दिलकुशा आवास के लिए रवाना होंगे। रात्रि 8.30 यहियागंज गुरुद्वारा जाकर मत्था टेकेंगे। गुरुद्वारे से दिलकुशा आवास जाएंगे। बुधवार 16 नवंबर को प्रात: 11.30 बजे पर कन्हैया माधवपुर वार्ड के अंतर्गत भुवर गांव में स्थानीय लोगों से भेंट कर संवाद करेंगे। अपराह्न 12.30 बजे आलमनगर सैटेलाइट रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे और वहां चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। स्टेशन निरीक्षण के उपरांत केसरी खेड़ा वार्ड अध्यक्ष जयवीर सिंह पाल के अस्वस्थ होने पर आवास जाकर हाल जानेंगे और उसके उपरांत वहां से सीधे एयरपोर्ट प्रस्थान करेंगे और दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों को हमेशा कुछ नया करते रहना चाहिएः संदीप सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बेसिक** शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने कहां कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले एवं उनके उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए समुचित व्यवस्थाएं भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में कुछ नया हमेशा करते रहना चाहिए और आगे बढ़ते रहना चाहिए। मैं उन सभी शिक्षकों को धन्यवाद देना चाहता हूं जो शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में कुछ नया करने का काम कर रहे हैं।

रविवार को एक निजी होटल में आयोजित सोच कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षिकाएं बच्चों को बेहतर ढंग से शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं और आगे भी बेहतर शिक्षा प्रदान करने का कार्य निरंतर करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में शिक्षक शिक्षिकाओं की अहम भूमिका होती है। वह अपनी भूमिका का निर्वहन बेहतर ढंग से करते रहेंगे इस अवसर पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने बच्चों को पढ़ने लिखने की सामग्री को वितरित किया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को टेबलेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का काम किया।

# भाजपा राज में हर स्तर पर निर्माणकार्यों में घोटाला हुआ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में यह पता लगाना मुश्किल हो गया है कि सड़कों में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़कें हैं। सड़कों की बदहाली में भी उत्तर प्रदेश अव्वल हो गया है। खुद सरकारी आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं होती है और सैकड़ों लोगों की जानें चली जाती हैं। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की सत्ता में पिछले साढ़े पांच साल से काबिज हैं। प्रदेश में गड्ढे भरने की तारीख पर तारीख दे रहे है पर अब तक तो कुछ हुआ नहीं और न कोई उनकी सुनता है और न कोई उन पर अमल करता है। गड्ढे भरने के लिए कई बार हजारों करोड़ रुपये का बजट तो जारी हुआ पर बंदरबांट में इसकी धनराशि किस गड्ढे में चली गई, निष्पक्ष जांच से ही शायद कभी पता लग सकेगा।

अखिलेश ने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा सरकार की गड्ढा मुक्त करने की योजना भ्रष्टाचार की योजना मात्र है।

भाजपा सरकार में गड्ढा मुक्त सड़कों का हो हल्ला कई बार मचा, नतीजा कुछ नहीं निकला, उल्टे विभागीय मंत्री ही बदल गए। फिर मुख्यमंत्री ने इसकी कमान सम्हाली और एक नए मंत्री ने भी कई बार घोषणाएं कर गड्ढा मुक्त सड़कें होने की 15 नवम्बर 2022 अंतिम तिथि बताई। लक्ष्य से कोसों दूर सिर्फ और सिर्फ झूठी बयानबाजी से ही भाजपा सरकार काम चलाने का जौहर दिखा रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार और लूट मची है।

# अपर मुख्य सचिव ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में निर्माणाधीन तरणताल का किया निरीक्षण

● अन्तरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप कार्य किया जाएः डॉ. नवनीत सहगल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपर मुख्य** सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने रविवार को प्रात: केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित तरणताल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वंय मौरंग एवं सीमेण्ट के अनुपात की गहन जॉच की तथा परियोजना प्रबन्धक को मौरग एवं सीमेण्ट के अनुपात में किसी प्रकार की लापरवाही न किये जाने की सख्त हिदायत दी। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि तरणताल का निर्माण एवं मरम्मतीकरण का कार्य अन्तर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप कराया जाये। स्वीमिंग पूल के निर्माण हेतु विशेषज्ञों की सलाह ली जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि तरणताल के निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत आगणन में जो कार्य सम्मिलित न हो उन्हें एक सप्ताह के अन्दर स्वीकृत कराये जाने सम्बन्धी कार्यवाही की जाये। कार्य को त्वरित गति से करायें एवं कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि तरणताल के निर्माण में सहयोग के लिए तैराकी संघ को जोड़ा जाये। तरणताल के सामने दोनो पार्को का सौन्दर्यीकरण कराया जाये। स्टील स्ट्रक्चर के निर्माण हेतु तत्काल विशेषज्ञों को बुलाकर अतिशीघ्र शेड का निर्माण कराया जाये ताकि खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन किया जा सके । इसके साथ ही उन्होंने तरणताल के प्रवेश द्वार के ऊपर दर्शक दीर्घा का भी निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उमेश प्रसाद, अन्तर्राष्ट्रीय तैराक एवं लक्ष्मण पुरस्कार से सम्मानित सदस्य द्वारा अवगत कराया गया कि डायविंग बोर्ड पर जाने हेतु कैप्सूल लिफ्ट का निर्माण कराया जाये। राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता कराये जाने हेतु इलेक्ट्रिानिक टचपैड लगाया जाये। इसके अतिरिक्त यह भी सुझाव दिया गया कि टायल्स लगाने में सावधानी बरती जाये ताकि डाईविंग बोर्ड की ऊंचाई प्रभावित न हों। निरीक्षण के दौरान अजय कुमार सेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी राजमणि, परियोजना प्रबन्धक यूपीआरएनएन, सोहन लाल सहायक अभियन्ता, उमेश प्रसाद, अन्तर्राष्ट्रीय तैराक तथा कान्ट्रक्टर तरणताल निर्माण आदि उपस्थिति थे।

# डिंपल के राजनैतिक कद का मुलायम से कोई मेल नहीं: जयवीर सिंह

**लखनऊ( भाषा )।** मैनपुरी से भाजपा विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुलायम सिंह यादव और उनकी पुत्रवधू डिंपल यादव के सियासी कद में जमीन आसमान का अंतर है और दावा किया कि पांच दिसंबर को सपा के गढ़ मैनपुरी सीट पर होने वाले उपचुनाव में कमल खिलेगा।

समाजवादी पार्टी (सपा) ने पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी संसदीय सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। यह सीट पार्टी क्षत्रप मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई थी। मुलायम सिंह यादव ने 1996 के बाद से पांच बार इस सीट का प्रतिनिधित्व किया है, जबकि सपा के अन्य उम्मीदवारों ने भी इस सीट पर कई बार जीत हासिल की है। मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली सपा की तुलना वर्तमान सपा से करते हुए उन्होंने कहा कि पहले यह पार्टी जमीन पर दिखाई पड़ती थी, लेकिन अखिलेश यादव के नेतृत्व में यह वातानुकूलित कमरों से सिर्फ ट्विटर पर चलती है। उन्होंने कहा कि वह शिवपाल सिंह यादव को सपा परिवार का हिस्सा मानकर देख रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) अध्यक्ष शिवपाल यादव को अपना राजनीतिक भविष्य बचाना है तो उन्हें सपा की हार सुनिश्चित करनी होगी। मैनपुरी संसदीय उप चुनाव में शिवपाल यादव की भूमिका पर राजनीतिक विशेषज्ञों की पैनी नजर है। शिवपाल यादव ने कहा है कि वह मैनपुरी लोकसभा उप चुनाव पर अगले दो-तीन दिनों में निर्णय करेंगे। जयवीर सिंह ने पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में कहा, यदि शिवपाल यादव को अपना राजनीतिक भविष्य बचाना है, तो उन्हें सपा की हार सुनिश्चित करनी होगी, अन्यथा उनका राजनीतिक रूप से अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। सिंह ने कहा, डिंपल राजनीतिक कद के लिहाज से मुलायम सिंह के आसपास कहीं नहीं ठहरतीं। उनके बीच जमीन- आसमान का अंतर है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, मुलायम सिंह के नेतृत्व में सपा जमीन पर दिखाई पड़ती थी, जबकि वर्तमान में (अखिलेश यादव के नेतृत्व में) यह एसी कमरों से ट्विटर पर चलती है।

# यूपी में लोगों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं वाले बस अड्डे मिलेंगेः दयाशंकर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम भारत सरकार द्वारा प्रत्येक राज्य में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में एक-एक बस स्टेशन का निर्माण हवाई अड्डे की भांति बस पोर्ट के रूप में कराये जाने की योजना के अन्तर्गत बस स्टेशन सोनौली जनपद महराजगंज का अत्याधुनिक सुविधाओ से युक्त बस स्टेशन के रूप में विकसित करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि सोनौली बस स्टेशन को सड़क तल से ऊंचा करने, हाई मास्क, पीने के पानी की व्यवस्था एवं यात्रियों को बैठने हेतु प्रबन्ध आदि की उत्तम व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि शेष कार्य भारत सरकार की योजना के अन्तर्गत सम्पादित कराया जायेगा। दयाशंकर सिंह ने बताया कि बार्डर पर क्रमश: कुहीराज वूठीबारी एवं बढ़नी में अत्याधुनिक बस अड्डा के निर्माण कराये जाने की भी योजना है। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम बस स्टेशन सौंदर्यीकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। प्रदेश के लोगों को एयरपोर्ट सुविधाओं जैसा ही बस स्टेशन मिलेगा। श्री सिंह ने बताया कि बार्डर एरिया डेवेलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत 8 जनपद क्रमश पीलीभीत, लखीमपुर, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर मे भी मूलभूत सुविधाओ को विकसित किया जाना है जिसके अंतर्गत परिवहन निगम द्वारा परिवहन सुविधाओ को भी विकसित किया जाएगा।

## यूपी में आसान हुई बसों की मॉनीटरिंग

● नयी एंड्रॉयड टिकटिंग सिस्टम से हो रही सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** परिवहन निगम की सभी बसों में एंड्रायड आधारित नयी इलेक्ट्रॉनिक टिकट जारी करने वाली मशीनों से परिवहन निगम के साथ साथ प्रदेश के लोगों को बहुत सुविधा हुई है। इससे जहां एक तरफ टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग के साथ साथ रियल टाइम सही डेटा मिल रहा है। वहीं दूसरी तरफ यात्रियों को टिकट के भुगतान में आने वाली कठिनाइयां भी दूर हुई हैं।

मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप परिवहन विभाग नागरिक सेवाओं के डिजिटाइजेशन की ओर बढ़ रहा है। ये कदम उसी दिशा में उठाया गया है। उत्तर परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार के अनुसार एंड्रॉयड आधारित टिकटिंग मशीन से सभी क्षेत्रों में चल रही परिवहन निगम की बसों का अपडेट डेटा हर रोज मिल रहा है। साथ ही इस तकनीकी से यात्रा करने वालों की संख्या, राजस्व प्राप्ति सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रतिदिन मुख्यालय को रियल टाइम उपलब्ध हो रही है। इसके जरिये मुख्यालय स्तर से प्रदेशभर में संचालित बसों की मॉनीटरिंग आसान हुई है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की यह व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यूपी में सभी व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एमडी संजय कुमार के अनुसार इससे परिवहन निगम की बसों में चलने वाले परिचालकों के साथ ही मुख्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों को भी कार्य करने में सुविधा हुई है। इसके जरिये गुणवत्ता में सुधार के साथ ही पारदर्शिता भी बढ़ी है। बता दें कि यूपी रोडवेज की साधारण श्रेणी की बसों में भी एक नवंबर से रिजर्वेशन की सुविधा शुरू की गयी है।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले में 4537 लोगों को मिला परामर्श

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जनपद** के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं। मेले के दौरान 4537 लोगों ने लिया चिकित्सकीय लाभ लिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज नि:शुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें। आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4537 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1724 पुरुष, 2025 महिलायें और 788 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 19 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 68 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए। एमवेड के सहयोग से डेंगू से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन सामान्य को जागरूक किया गया।

# लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने में जुटी है भाजपाः नकुल दुबे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय पर पूर्व मंत्री प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार जायसवाल, अजय जायसवाल. अध्यक्ष जायसवाल समाज, मो. आसिफ, मो. जुबैर, राकेश सोनकर, अखिलेश, विनोद मिश्रा, संगम बहुगुणा, अशोक सिन्हा, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, राजेन्द्र मिश्रा, विनोद अग्रवाल अंकुश जायसवाल, रेखा जायसवाल, सविता टेक चन्दानी सहित भारी संख्या में लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव अज्जू एवं दिलप्रीत सिंह डीपी तथा समापन पूर्व कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी ने किया। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री प्रांतीय अध्यक्ष नकल दुबे ने कहा कि बीजेपी लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने में जुटी है। एकता, समानता और भाईचारे के खिलाफ साजिशें हो रही हैं। आम जनता की गाढ़ी कमाई को विभिन्न तरीकों से निकालकर चंद उद्योगपति मित्रों की जेब में डालने का षड़यंत्र हो रहा है। इससे चिंतित आज लाखों किसान, युवा, महिलाएं व बच्चें अपने भविष्य और लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी से तेजी से जुड़ रहे हैं। आज समूचे भारत में राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी भारत जोड़ो अभियान के तहत देश की एकता अखंडता को बचाने के लिए सड़क से संसद तक संघर्षरत है।

पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से सैकड़ों हजारों कांग्रेसजनों को साथ लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल यात्रा करके देश को सांस्कृतिक और सामाजिक तौर पर मजबूत कर रहे हैं। जनता के असल मुद्दों और उनके मजबूत सवालों को मोदी सरकार तक पहुंचा रहे हैं। परन्तु बीजेपी सत्ता के अहंकार में लबरेज है, लोगों को धर्म जाति नफरत की विघटनकारी राजनीति में उलझाकर हर चुनाव जीतना चाहती हैं। पूर्व मंत्री श्री दुबे ने कहा कि बीजेपी देश में नफरत और बंटवारे की सोच को बुलंद करना चाहती है। देश को आजाद कराने से लेकर वर्षों से विकास की गंगा बहाने वाली कांग्रेस पार्टी की सद्भाव और विकास की रणनीति के आगे ज्यादा दिन तक नहीं टिक पाएगी। आगामी विधानसभा चुनाव भाजपा की जुमलेबाजी झूठ फरेब आर्थिक अराजकता के खिलाफ और कांग्रेस के भारत जोड़ो अभियान के बीच होगा। आज कांग्रेस जनों को प्रत्येक वार्ड में अपने ब्लाकों में मजबूत संगठन भाषा तैयार करने के साथ साथ फिरका परस्ती जुमलेबाजी के खिलाफ सजगता से संघर्ष करने की जरूरत है। सदस्यता कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पूर्व विधायक सतीश अजमानी, संगठन महासचिव दिनेश सिंह, अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस सेवादल डॉ. प्रमोद पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता संजय सिह, पंकज तिवारी, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, मो. हनीफ खान, नसीम सिद्दीकी, राजेन्द्र पाण्डेय, राजेश सिंह काली, सलमान भाई, संजय शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

नन्हे-मुन्नों की प्रस्तुतियों के आगे हारी ठण्ड

# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरी छटा

- **आशा थीम पर आयोजित वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए मनमोहक कार्यक्रम**
- **मुख्य अतिथि एसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने दीप प्रज्जवलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल का प्रांगण शनिवार की देर रात तक रंग बिरंगी लाइटों, मनमोहक संगीत की धुन और तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान रहा। यह खास मौका था विद्यालय के प्रथम वार्षिकोत्सव का जिसकी थीम आशाएं रखी गई। जिसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक परिवर्तन, सुधार एवं चर्तुमुखी सामाजिक विकास को बढ़ावा देना था। वार्षिकोत्सव में नन्हें-मुन्हें बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शको का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान को बच्चों द्वारा गार्ड ऑफऑनर दिया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्रों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन किया जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों द्वारा बनाए गए स्वतंत्रता दिवस, इंटरनेशनल डांस डे, ऑर्ट एंड क्राफ्ट, जलीय जंतु, डिस्पोजल प्लेट से बनाई गई मास्क की कलाकृति व वार्ली ऑर्ट एग्जीबिशन शामिल थे। प्रधानाचार्या त्रिशला शाह ने मुख्य अतिथि एसपी घुले सुशील चन्द्रभान को इस प्रदर्शनी के बारे में गहनता से बताया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ एसपी घुले सुशील चन्द्रभान द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। संस्थान के अध्यक्ष राजेश नरायण सहगल व एमडी सूर्यनरायण सहगल ने मुख्य अतिथि एसपी घुले सुशील चन्द्रभान को बुके व प्रतीक चिन्ह देकर उनका अभिवादन किया। वार्षिकोत्सव की शुरूआत मनमोहक गुरूवंदना गणेश आरती से की गई। जिसमें आकर्षक परिधानों से सजे छात्र-छात्राओं ने गुरू शिष्य परम्परा को मजबूत करते हुए आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया, एवं भगवान गणेश के विभिन्न रूपों की झांकी प्रस्तुत की गई। इसके बाद नन्हें-मुन्हें बच्चों द्वारा विद्यालय की गोयनका एन्थम की प्रस्तुति दी गई। नर्सरी बी के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने बम-बम भोले मस्ती में डोले गीत पर मनमोहक डांस की प्रस्तुति दी गई। आकर्षक ड्रेस में सजे नन्हें-मुन्हें बच्चों की प्रस्तुति ने आए हुए दर्शको के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी। इसके बाद एलकेजी के नन्हें-मुन्हें बच्चों द्वारा ग्रो-ग्रो और नर्सरी के बच्चों द्वारा देखो-देखो गीत पर ऐसी आकर्षक



प्रस्तुति दी गई कि सभी अतिथि तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। सफेद चमचमाते परिधानों में सजे यूकेजी के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने ओ माई शेफर्ड गीत पर कतारबद्ध होकर ऐसा डांस किया जिसने मंच पर अप्रतिम छटा बिखेरी और ऐसा धमाल मचा कि दर्शक गद-गद नजर आए। नीले-चांदनी डेऊस में सजे नर्सरी ए के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने तारा-रम-पम गीत पर अतिसुन्दर व स्वतंत्रता की भावना को अभिव्यक्त करती हुई प्रस्तुति दी कि मानों मंच पर नन्हीं परी उतर आयी हो। कक्षा 4 व 5 के छात्र-छात्राओं द्वारा इटेलियन गीत बेला चाव पर संगीत मयी प्रस्तुति दी गई जिसमें बच्चे आकर्षक परिधानों मे तो सजे ही थे साथ ही पियानों गिटार व अन्य वाद्य यंत्र बजाकर दर्शको को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके बाद कक्षा 1 के बच्चों द्वारा शिक्षा के मौलिक अधिकर पर आधारित खो न जाए तारे जमीन पर सामूहिक डांस की अति मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिसकी सभी सराहना करते हुए दिखे। इसी क्रम में आओ हम सब हाथ मिलाएं गीत पर बच्चों ने दिल को छू लेने वाली प्रस्तुति दी। पीले हरे चांदनी रंग के आकर्षक परिधानों में सजे कक्षा दो के बच्चों ने आई एम एलाइफऔर दिल है छोटा सा छोटी सी आशा पर ऐसी भावपूर्ण प्रस्तुति दी कि पूरा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कक्षा 3 के बच्चों ने सामूहिक डांस की प्रस्तुति लेटस गो टू स्कूल गाने पर देकर सभी को स्कूल जाने का संदेश दिया और सबमें जोश भर दिया। कक्षा 6 और 7 के बच्चों द्वारा मोबाइल की अनावश्यक लत और मशीनों के मानव जीवन में अत्यधिक प्रयोग और उससे होने वाली दिक्कतों पर आधारित माइम हास्य व्यंग नाटक की ऐसी भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई जिसने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया। कक्षा 4 के बच्चों द्वारा गणित के सवालों का सही जवाब देते हुए अनेक भावों से युक्त क्योश्चन मार्क नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस सामूहिक प्रस्तुति में बच्चों के विभिन्न भावों ने सभी को अचम्भित कर दिया। कक्षा और 8 के बच्चों द्वारा अत्यंत मनमोहक व जोशीला बंजारा नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें निम्न संसाधनों में भी अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास करते हुए दिखाया गया। इन्हीं छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रदेशों के लोक नृत्यों का ऐसा मनमोहक व जोशीला प्रस्तुतीकरण दिया गया जिसमें लोगो में जोश भर दिया और हर कोई सराहना करता नजर आया। पहले उत्तर प्रदेश का नृत्य मुरली मनोहर मोहन मुरारी फिर असम राज्य के नृत्य ने अप्रतिम छटा बिखेरी इसके बाद पंजाब के भांगड़ा नृत्य और फिर बंगाल के बंगाली नृत्य ने वार्षिकोत्सव में चार चांद लगा दिया। छात्रों के विश्वास को इंगित करती हुई नृत्य नाटिका पानी-पानी-सानी-सानी गीत प्रस्तुत किया गया और अनेको दृश्यों के माध्यम से पिता का पुत्र को समझाना, छात्रों का अपने विषय में मिले अंक प्रतिशत को लेकर विचार विमर्श करना, क्रिकेट और संगीत में रूचि रखने वाले छात्रों को कमतर आकना आदि विषयों पर नाटिका और दिल जिद्दी पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा तीन से 8 तक के बच्चों ने लाइफपेटिंग तथा वेविंग फ्लैग गीत पर मनमोहक समूह गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख विषय आशाएं पर आधारित आशा की किरण प्रदर्शन हेतु मोमबत्ती प्रज्जवलन किया गया। वार्षिकोत्सव में प्रधानाचार्या त्रिशला शाह ने विद्यालय के एक साल की सभी गतिविधियों को मंच पर आकर प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी को अवगत कराया। इससे पूर्व जीडी गोयनका ग्रुप ऑफ स्कूल्स की डायरेक्टर भारती शर्मा ने वीडियो मैसेज द्वारा विद्यालय प्रबंधन की सराहना की और विद्यालय के प्रथम वार्षिकोत्सव पर शुभकामनाएं दी। वार्षिकोत्सव में एमडी सूर्यनरायण सहगल व गौतम सहगल ने भी अपने विचार रखे। वार्षिकोत्सव में मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह, एडिटर इन चीफ आई इंडिया पंकज सिंह गौर, सहगल ग्रुप ऑफ स्कूल्स के प्रबंधक मोनू सहगल, कुशाग्र सहगल, हर्ष सहगल, डा. पी.के. धवन, डा. अनिल सेठ, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, विजय भार्गव, डा. तरूण सहगल, रति सहगल, संजय दारूका, मोनू खेतान, अनूप खेतान, तन्मय बंशल, वरिष्ठ अधिवक्ता देवभानु सिंह, राहुल अग्रवाल, विशाल टंडन, आलोक मिश्रा, राहुल जायसवाल, राजकिशोर विश्वकर्मा, देश दीपक भार्गव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। वार्षिकोत्सव का संचालन जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की छात्रा एंजिल बाजपेयी, इप्सिता त्रिवेदी, सारा फातिमा, आस्था दीक्षित, वर्णिका श्रीवास्तव व छात्र अभय अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## भारत में लगभग पौने आठ करोड़ लोग डायबिटीज से ग्रसितः डॉ. ब्रजेन्द्र कुमार

संवाददाता। सीतापुर

**वरिष्ठ मधुमेह** रोग विशेषज्ञ मद्रास डा. ब्रजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने डाइबिटीज से ग्रसित व्यक्तियों को सलाह दी है कि ब्लड शुगर का यदि उचित नियंत्रण न किया गया तो आंख, किडनी, हृदय, तंत्रिका तंत्र एवं पैरों पर अनेक प्रकार की जटिलताएं आ सकती है। विश्व मधुमेह दिवस की पूर्व संध्या पर डा. ब्रजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भारत में लगभग पौने आठ करोड़ लोग इससे प्रभावित है। उन्होंने बताया कि मधुमेह कभी अचानक नहीं होता है, इसे विकसित होने में लगभग चार से 6 वर्ष लग जाते है, ऐसे में यह जरूरी है कि जितनी जल्दी हो सके जांच कराकर इसका पता लगाना चाहिए और जांच रिपोर्ट के आधार पर इस पर नियंत्रण पाने के लिए योग्य चिकित्सक से परामर्श और उपचार करवाना चाहिए। ताकि जटिलताओं को विकसित होने से रोका जा सके। डा. ब्रजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने सुझाव दिया कि सिगरेट, शराब, तंबाकू जैसे नशे का सेवन नहीं करना चाहिए। समय पर सोने और जागने के अलावा योग करते हुए तनाव से बचना भी जरूरी है। ऐसी ही अन्य साविधानियां बरतते हुए डाइबिटीज से काफी हद तक बचा जा सकता है।



## अब आप ने शुरू किया झाड़ू चलाओ, गंदगी हटाओ अभियान

**सीतापुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा झाड़ू चलाओ गंदगी हटाओ अभियान के तहत शहर में रैली निकालकर साफ सफाई की गई। पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लालबाग शहीद पार्क से रैली निकाली। रैली घंटाघर चौराहा से होकर ग्रीकगंज, ट्रांसपोर्ट चौराहा अंबेडकर नगर होते हुए लालबाग चौराहा पहुंची। चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर सफाई की। रैली के दौरान जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर श्रीवास्तव, जिला महासचिव नोमान खान, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम कनौजिया, मीडिया प्रभारी आशीष शर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पिंदर सिंह सिद्धू, तिरंगा शाखा प्रमुख राकेश सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष संतराम मौर्य, राजकुमार वर्मा, रामगोपाल गुप्ता, बुशरा परवीन, सादिया खान समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आप कार्यकर्ता जनता से सम्पर्क कर बताएं पार्टी की नीतियां



**मैलानी-खीरी।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर के पलिया रोड पर चाँद पुर चौराहे पर के एकत्र होकर जन संपर्क किया। साथ ही उन्होंने आम आदमी पार्टी की नीतियो से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर भी जमकर निशाना साधते हुए कहा कि आने 2024 में हम लोग जनता में विकास कार्यो व पार्टी से सम्बंधित लाभांवित जानकारी देकर आम आदमी पार्टी को उत्तर प्रदेश अधिक से अधिक मत प्राप्त करके जीत हासिल करेंगे जिससे जनता को हर संभव जनता को उसका लाभ मिल सके। पार्टियों के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने नगर झाड़ू लगाओ गंदगी हटाओ के नारे लगाते हुए नगर में भ्रमण कर रैली निकाली। इस मौके पर शिव कुमार ओमकार वर्मा राधेश्याम यादव खुशी राम राज कुसुम गौतम संजय कुमारी अरूण कुमार सचिन वर्मा हरीश वर्मा समीउद्दीन चन्द्र भाल वारिस अली नवाब अली सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## यातायात माह के अंतर्गत की गई कार्रवाई

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के अंतर्गत तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने पर बहराइच बॉर्डर जालिम नगर चौराहा, नकहा एवं रामापुर में यातायात प्रभारी निर्मलजीत यादव, आरक्षी यातायात संदीप कुमार, राज, पंकज वर्मा एवं पुलिस सहायता केंद्र मुराउन पुरवा थाना धौराहरा के पुलिस कर्मियों के साथ चेकिंग की गई एवं आम जनमानस को यातायात नियमों के बारे में म्यूजिक के माध्यम से एवं पंपलेट देकर जानकारी एवं जागरूक किया गया। बताया गया कि आए दिन सड़क हादसे होते हैं जिसमें लोगों की जान चली जाती है। इसका सबसे प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी ना होना या जानकारी होने



के बाद भी उसका पालन ना करना है। दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें ट्रक, ट्रैक्टर डबल ट्राली पर गन्ना आदि ओवर हाइट कर परिवहन ना करें। वाहन चलाते समय हेलमेट सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहन को निर्धारित गति में चलाएं। नशे की हालत में व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने से बचें स्टंट बाइकिंग से बचे हैं। काली फिल्म हूटर प्रेशर हॉर्न का प्रयोग ना करें गलत दिशा में ना चलें। इस तरह यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाएं कम होगी तथा लोग सुरक्षित रहेंगे। साथ ही रोड के किनारे अपने वाहन आदि ना खड़ा करें। ट्रैक्टर ट्रॉली लोडर पिकअप पर यात्रा न करें एवं यातायात नियमों के अनदेखी करने वाले वाहन चालकों एवं वाहनों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कुल 212 वाहनों का चालान 03 वाहन सीज किए गए हैं। शीतऋतु/कोहरा कें दृष्टिगत दुर्घटना को रोकथाम हेतु करीब 75 ट्रैक्टर ट्राली, डनलप, लोडर, पिकअप एवं अन्य वाहनों में निशुल्क रिफ्लेक्टर टेप लगवाया गया।

## क्विक न्यूज

### उर्वरकों की नहीं है कोई कमीः मंजीत कुमार

**सीतापुर।** सीतापुर में डीएपी सहित समस्त उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। किसानों की सुविधा के लिए उर्वरकों की बिक्री पॉश मशीन के माध्यम से कराई जा रही है। जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार ने बताया कि 13 नवंबर को यूरिया-33 हजार 392 मीट्रिक टन, डीएपी-4 हजार 634 मीट्रिक टन, एनपीके-3 हजार 413 मीट्रिक टन, एमओपी-243 मीट्रिक टन एवं एसएसपी-4 हजार 525 मीट्रिक टन बिकी केन्द्रों पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि 12 नवंबर को जनपद में इफको की एक रैक एनपीके की लगी थी, जिसमें जनपद सीतापुर को एक हजार 792.000 मीट्रिक टन मात्रा आपूर्ति की गयी है। जिसका सहकारी केन्द्रों के माध्यम से वितरण किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार ने बताया कि 13 नवंबर को पारादीप फॉस्फेट लिमिटेड ब्राण्ड नवरत्ना की एक रैक जनपद में लगी है, जिसमें सीतापुर को 675.000 मीट्रिक टन डीएपी एवं एनपीके मात्रा 495.000 मीट्रिक टन की आपूर्ति की गयी है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि डीएपी उर्वरक में दो पोषक तत्व होते हैं, जबकि नाइट्रोजन एवं फॉस्फोरस तथा एनपीके में तीन तत्व होते हैं। नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं पोटाश तथा सल्फर युक्त एनपीके भी उपलब्ध है जो खेती के लिए लाभप्रद है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को सलाह दी है कि वह संतुलित उर्वरको का प्रयोग करें तथा अपनी आवश्यकतानुसार ही उर्वरक खरीदें।

### किसानों का मुंह मीठा कराकर खरीदा जा रहा धान

**सीतापुर।** सीतापुर में जहां एक ओर धान क्रय केन्द्रों पर असुविधाओं की तस्वीरें सामने आ रही हैं, वहीं दूसरी तरफजनपद के कई ऐसे भी क्रय केन्द्र हैं, जहां किसानों का मुंह मीठा कराकर धान खरीदा जा रहा है। इतना ही नहीं किसानों को बैठनें के लिए जमीन या बोरियों नहीं अन्नदाता को बैठने के लिए कुर्सियां सजाई गई हैं। ब्लाक कसमंडा क्षेत्र में पीसीएफद्वारा संचालित क्रय केन्द्र बहरीमऊ साधन सहकारी समिति बमहेरा थाना पट्टी, सामुदायिक केन्द्र बिबियापुर पर बिक्री करने आए किसान अनुपम सिंह, सतेन्द्र सिंह, महेन्द्र कुमार, सुशील कुमार सिंह ने बताया कि केन्द्रों पर सभी सुविधाएं मिल रही है। केन्द्र प्रभारी थाना पट्टी शिवम सिंह, केन्द्र प्रभारी बहरीमऊ रामसागर ने बताया कि किसानों से पल्लेदारी का निर्धारित शुल्क 20 रूपया प्रतिकुंतल ही लिया जा रहा है।

### डीपीएस में बाल उमंग मेले का डीएम ने किया शुभारंभ

**सीतापुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, सीतापुर में बाल उमंग मेले का शुभारंभ डीएम अनुज सिंह ने किया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित मेले में शिक्षकों द्वारा 20 से अधिक गेम्स के स्टाल लगाए गए, जिसमें रिंग द आर्टिकल, हिट द पिरामिड ,व्हील ऑफफार्च्यून, कॉइन इन ग्लास, मटका फोड़ बस्र्ट द बलून आदि थे। खाने-पीने के स्टालों ने खूब धूम मचाई। छोले भटूरे का स्टॉल, मोमोस, चाऊमीन, स्प्रिंग रोल्स, इसके अतिरिक्त भेलपुरी, चना जोर गरम आइसक्रीम, बर्फ की चुस्की, आदि ने बच्चों को बहुत लुभाया। बच्चों ने बाउंसी जायंट व्हील, तथा अनेक प्रकार के झूलों का आनंद लिया। दिल्ली पब्लिक स्कूल मेले में लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया था। जिसमें छात्र, छात्र की माता, छात्र के पिता, छात्र के भाई अथवा बहन के लिए एवं उनके मित्रों के लिए भी लकी ड्रा निकाले गए। बच्चों के लिए एक टैलेंट शो का भी आयोजन किया गया, जिसमें नृत्य प्रतिभा, गायन प्रतिभा तथा जूनियर विंग के छोटे-छोटे बच्चों ने राम्प वॉक, फैशन शो से मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिंह ने बच्चों को बाल-दिवस की बधाई तथा शुभकामनाएं दी। दिल्ली पब्लिक स्कूल की पीवीसी तनुश्री मेहरोत्रा, सीतापुर शिक्षण संस्थान की सचिव सुमन मेहरोत्रा, डॉ कमल बैजल, आशीष आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से किशोरी की मौत

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी ।थाना बहेड़ी क्षेत्र के गरीबपुर की रहने वाली 16 वर्षीय शीलत पुत्री लालता प्रशाद को बीती रात जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दीया पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के परिजनों में बताया की कल शाम को इसी बात पर शीतल कि उसकी मां ने डांट लगा दी थी इसके बाद शीतल खाना खा कर रोजाना की तरह बिस्तर पर सोने चली गई समझा जाता है कि इसी दौरान उसने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी पता चलने पर परिवार के लोग उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से हालत नाजुक देखकर वह उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए लेकिन उसकी रास्ते में मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दो तस्कर गिरफ्तार लाखों के स्मैक बरामद

**बरेली।** पुलिस ने आज वाहन चेकिंग के दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से लाखों की स्मैक बरामद की गिरफ्तार तस्करों को पुलिस ने जेल भेजा । बहेड़ी थाना क्षेत्र में आज सुबह वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने वन विभाग चौकी के पास बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव अर्शियाभोज निवासी कामिल पुत्र अमीर अहमद और यहीं के रहने वाले असद पुत्र मोहम्मद रफी को रोक लिया और उनकी तलाशी ली तलाशी के दौरान कामिल के पास से 12 ग्राम और असद के पास से 13 ग्राम स्मैक बरामद हुई जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 200000 रुपए बताई जाती है पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों तस्करों को जेल गया।

### मेला देखने जा रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** मेला देखने जा रहे एक युवक की रास्ते में ही मोटरसाइकिल की टक्कर से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जिया नगला निवासी 22 वर्षीय चौनसुख पुत्र रमेश चंद्र की बीती रात लगभग 9 बजे गांव से कुछ ही दूरी पर मोटरसाइकिल की टक्कर से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि चौनसुख कल शाम को बसावन पुर गांव में लगे वाले मेले को देखने के लिए पैदल ही घर से निकला था लेकिन कुछ चलने के बाद पीछे से आई एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बाइक फरार हो गई रास्ते से गुजर रहे लोगों ने दुर्घटना की सूचना उसके घरवालों को दी लेकिन जब तक लोग मौके पर पहुंचे चौनसुख की मौत हो चुकी थी।

### सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत

**बरेली।** एक मजदूर कि रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव के गांव खेमनगला निवासी 48 वर्षीय कल्लू पुत्र मनोहर लाल की बीती रात लगभग 8 बजे फरीदपुर कस्बे से घर लौटते समय धारम पुर गांव में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि कल्लू कल सुबह रोजाना की तरह मोटरसाइकिल से मजदूरी करने के लिए फरीदपुर कस्बा गया था जहां से शाम को लगभग 6 बजे तक काम खत्म होने के बाद मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहा था। लेकिन धारमपुर गांव में पीछे से आ रही एक ट्रक काली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर-ट्राली को रोकने की कोशिश की तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

## पेज एक का शेष

### पिता की...

ने कहा कि हत्याकांड की पृष्ठभूमि के चलते इस तरह की झिझक रही है। उसने कहा कि यदि गांधी परिवार के लोग उससे मिलना चाहेंगे तो वह उनसे मिलेगी। जेल में 30 से अधिक वर्षों में सीखे गए पाठ के बारे में पूछे जाने पर नलिनी ने कहा कि जेल एक बड़ा विश्वविद्यालय है जहां उसने बहुत सी चीजें सीखी हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या जेल में जीवन और सुरक्षित रिहाई के लिए कानूनी संघर्ष पर आत्मकथा जैसी किताब लिखने की उसकी कोई योजना है, उसने कहा कि उसका ध्यान केवल अपने पति श्रीहरन और लंदन में रह रही अपनी बेटी के साथ रहने पर है। उच्चतम न्यायालय ने 1999 में नलिनी, उसके पति श्रीहरन और दो अन्य को मौत की सजा की पुष्टि की थी। तमिलनाडु सरकार ने 2000 में नलिनी की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था। नलिनी और श्रीहरन शीर्ष अदालत के आदेश के बाद 12 नवंबर को रिहा हुए छह दोषियों में शामिल हैं।

### पंजाब में...

मूसेवाला की हत्या को लेकर लोगों में आक्रोश देखने को मिला था। इसी तरह मोहाली स्थित पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय पर रॉकेट-ग्रेनेड से हमला किया गया था। राज्य के गृह विभाग ने पुलिस प्रमुख, पुलिस आयुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कदम उठाने के निर्देश जारी किए हैं। रविवार को जारी आदेश के मुताबिक, शस्त्रों और हिंसा का महिमामंडन करने वाले गानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। आदेश में आगे कहा गया है कि तीन महीने के भीतर शस्त्र लाइसेंस की समीक्षा की जानी चाहिए और यदि किसी गलत व्यक्ति को शस्त्र लाइसेंस जारी किया गया है, तो उसे तत्काल रद्द किया जाना चाहिए। आदेश में कहा गया है कि आने वाले दिनों में अलग-अलग जगहों पर औचक निरीक्षण किया जाए। ताजा आदेश पुलिस विभाग में बड़े फेरबदल के एक दिन बाद आया है।

### पालतू कुत्ते...

लगाया जाएगा। रितु माहेश्वरी ने बताया कि प्राधिकरण ने आवारा कुत्तों को लेकर भी पॉलिसी में व्यवस्था की है। प्राधिकरण रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन और गांवों के निवासियों की सहमति से स्ट्रीट डॉग्स के लिए भूमि उपलब्ध करवाएगा। यह संस्थाएं अपने खर्च से डॉग शेल्टर बनाएंगी। जिनमें बीमार, उग्र और आक्रामक कुत्तों की निगरानी की जाएगी। इन सेंटर के रखरखाव का दायित्व आरडब्लूए और एओए का होगा। डॉग फीडर्स की मांग और उनके सहयोग से आरडब्लूए और एओए आउटडोर एरिया पर फीडिंग पॉइंट बनाएंगे। इन फीडर पॉइंट पर सूचना बोर्ड लगाने अनिवार्य होंगे। आवारा कुत्तों के लिए खाने.पीने का इंतजाम फीडर्स, आरडब्लूए और एओए अपने खर्च पर करेंगे। रितु माहेश्वरी ने बताया कि पूर्व में पालतू कुत्ते और बिल्लियों के लिए पॉलिसी बनाई गई थी। उसमें संशोधन किया गया है। पालतू कुत्ते अगर सार्वजनिक स्थल पर गंदगी करते हैं तो उसकी सफाई करने की जिम्मेदारी पशुपालक की होगी। पालतू कुत्ते और बिल्ली के कारण कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो न्यूनतम 10000 रुपये का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। कुत्ते के मालिक को घायल व्यक्ति अथवा जानवर का पूरा उपचार करवाना होगा। जिसका खर्च कुत्ते का मालिक वहन करेगा। रितु महेश्वरी ने कहा कि यह पॉलिसी लागू करने से पहले सभी स्टेक होल्डर की राय ली जाएगी। बता दें कि पिछले दिनों शहर के सेक्टर.100 की एक हाउसिंग सोसायटी में मजदूर परिवार की बच्ची को आवारा कुत्ते ने काट लिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में छा गया था। इसके बाद नोएडा अथॉरिटी ने यह पॉलिसी बनाने का काम तेज किया। अब शनिवार को यह पॉलिसी प्राधिकरण बोर्ड ने मंजूर कर ली है। इसके अलावा शहर की हाउसिंग सोसाइटीज में आवारा कुत्तों को लेकर तमाम तरह के विवाद पनप रहे हैं।

### लिवरपूल एफसी...

कंपनी से जुड़े लोग इसकी पुष्टि नहीं कर सके। एफएसजी के बयान के अनुसार, एफएसजी को लिवरपूल में शेयरधारक बनने के लिए तीसरे पक्षों से दिलचस्पी मिली है। एफएसजी पहले ही कह चुका है कि सही शर्तों के अंतर्गत ही हम नए शेयरधारकों पर विचार करेंगे कि यह लिवरपूल के हित में होगा या नहीं। एफएसजी के अंतर्गत जर्गेन क्लोप की टीम को काफी सफलता मिली है जिसमें पिछले कुछ वर्षों में प्रीमियर लीग खिताब, चैम्पियंस लीग, एफए कप, काराबाओ कप और यूरोपीय सुपर कप जीतना शामिल है। अमेरिका और खाड़ी के देश भी क्लब के अधिग्रहण में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। अंबानी की कंपनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट टीम मुंबई इंडियंस की मालिक है और इंडियन सुपर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित करने के अलावा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की व्यावसायिक भागीदार भी है।

### इग्लैंड फिर...

दिख रहे बटलर को अपना दूसरा शिकार बनाया जब गेंद इंग्लैंड के कप्तान के बल्ले को चूमकर सीधे विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों में समां गई। दस ओवर में पाकिस्तान का स्कोर दो विकेट 68 रन था जबकि इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 77 रन बनाए थे। स्टोक्स और हैरी ब्रुक (23 गेंद में 20 रन) चौथे विकेट के लिए अच्छी साझेदारी की ओर बढ़ रहे थे कि शादाब खान (20 रन देकर एक विकेट) ने इस 39 रन की भागीदारी का अंत किया। ब्रुक बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में गेंद को उंचा खेल बैठे और कवर में अफरीदी को कैच देकर आउट हुए। कैच लपकते वक्त पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अफरीदी मैदान से बाहर चले गए जिससे इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 84 रन हो गया। इसके बाद अफरीदी अपना तीसरा ओवर करने उतरे लेकिन एक गेंद डालने के बाद उन्हें दर्द के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा, जिससे इफ्तिखार को गेंदबाजी पर लगाया गया और यहीं मैच का रूख बदल गया। स्टोक्स ने इफ्तिखार पर लगातार एक चौका और एक छक्का लगाकर दबाव कम किया। क्रीज पर उतरे मोईन अली (12 गेंद में 19 रन) ने 17वें ओवर में तीन चौके जड़ दिए जिससे तीन ओवर में इंग्लैंड को 12 रन चाहिए थे। अली पांचवें विकेट के लिए स्टोक्स के साथ 48 रन की भागीदारी निभाकर 19वें ओवर में मोहम्मद वसीम की गेंद पर बोल्ड हुए जिससे जीत की औपचारिकता पूरी करने लियाम लिविंगस्टन (नाबाद 01) क्रीज पर उतरे। इस तरह इंग्लैंड ने इसी प्रतिद्वंद्वी पर 1992 का विश्व कप फाइनल गंवाने का बदला चुकता किया। इससे पहले इंग्लैंड के लिए गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस साल के शुरू में चोट से वापसी करने वाले करन ने चार ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट हासिल कर बड़े मैच में अपनी काबिलियत साबित की। वहीं राशिद भी पीछे नहीं रहे, उन्होंने बीच के ओवरों में रन गति पर लगाम कसी जिसमें उन्होंने और करन ने मिलकर 25 डॉट गेंद डाली। एमसीजी की पिच पर काफी उछाल और तेजी है लेकिन बटलर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली गेंदबाजी जोड़ी (करन और राशिद) ने इसका विपरीत किया, दोनों ने अपनी गेंदों की रफ्तार कम की। राशिद ने 75 किमी प्रति घंटे जबकि करन ने 126 से 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी जिससे पाकिस्तानी बल्लेबाजों के लिए रन जोड़ना मुश्किल हो गया। आजम (28 गेंद में 32 रन) और रिजवान (14 गेंद में 15 रन) ने सतर्क शुरूआत की जैसा कि वे पिछले एक साल से करते रहे हैं। करन इंग्लैंड के लिए पूरे टूर्नामेंट में सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं, जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के साथ प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। उन्होंने कोण लेती फुल लेंथ पर रिजवान को बोल्ड किया। मोहम्मद हारिस (12 गेंद में आठ रन) राशिद के सामने जूझते नजर आए और उन्हीं का शिकार बने। राशिद ने उन्हें शॉट खेलने के लिए ललचाया और वह लांग आन पर कैच देकर आउट हुए। बाबर ने दो चौके लगाए लेकिन वह रन गति बढ़ाने में जूझते रहे। बल्कि शान मसूद (28 गेंद में 38 रन) अपने कप्तान से कहीं आक्रामक दिख रहे थे जबकि वह प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ तेजी से रन जुटाने से पहले क्रीज पर थोड़ा समय लेते हैं। बटलर ने लिविंगस्टन को उनकी ऑफ ब्रेक गेंदों के लिए उन्हें गेंदबाजी पर लगाया लेकिन मसूद ने एक चौके और एक छक्के से इस ओवर में 14 रन जोड़ लिए। बाबर दूसरे छोर पर राशिद की गुगली में फंस गए और इंग्लैंड के इस लेग स्पिनर ने कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। इफ्तिखार (शून्य) छह गेंद खेलने के बाद स्टोक्स का शिकार हुए जिससे 13वें ओवर में पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 85 रन था। मसूद अच्छी पारी की ओर बढ़ रहे थे लेकिन करन की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में आउट हो गए। करन ने भी अपने वैरिएशन लेती गेंदों से उनके संयम की परीक्षा ली और इसमें खरे उतरे। शादाब खान ने 14 गेंद में 20 रन बनाए।

# झारखंड में बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या के बाद दो गुटों में हिंसक झड़प

**भाषा।** चक्रधरपुर (झारखंड)

**बजरंग दल** के एक कार्यकर्ता की हत्या के एक दिन बाद रविवार को झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद यह झड़प उस वक्त हुई, जब मृत कार्यकर्ता का शव उसके समर्थक श्मशान घाट ले जा रहे थे। जिले की उपायुक्त (डीसी) अनन्या मित्तल ने कहा कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। उन्होंने बताया कि अपराह्न में जैसे ही शव को लेकर लोग चक्रधरपुर के पवन चौक पहुंचे, हिंसा शुरू हो गई। दो समूहों के लोग आपस में भिड़ गए और गालियां देते हुए एक-दूसरे पर पत्थर बरसाने लगे। डीसी ने कहा कि पुलिस ने उपद्रवियों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस छोड़ी और हल्का लाठीचार्ज किया। इसके बाद शव को श्मशान घाट ले जाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

मित्तल, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के साथ फिलहाल अशांत कस्बे में डेरा डाले हुए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस झगड़े में छह दुकानें और एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने शनिवार की शाम भारत भवन चौक के पास देसी बम फेंककर बजरंग दल कार्यकर्ता कमलदेव गिरि (35) की हत्या कर दी थी, जिससे कस्बे में तनाव व्याप्त हो गया था। बजरंग दल के समर्थकों ने आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्वाई की मांग को लेकर चक्रधरपुर-रांची मार्ग को करीब तीन घंटे तक अवरुद्ध रखा। पुलिस के हस्तक्षेप करने और न्याय का आश्वासन मिलने के बाद उन्होंने धरना समाप्त कर दिया।

यह पूछे जाने पर कि इस संबंध में क्या कोई गिरफ्तारी हुई है या किसी को हिरासत में लिया गया है, तो इसपर मित्तल ने कहा कि अभी मामले की जांच की जा रही है। मित्तल ने कहा, गिरि के शव का पोस्टमॉर्टम अनुमंडल अस्पताल में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में चिकित्सकों के एक पैनल ने किया। हम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले दिन में, चक्रधरपुर के उपसंभागीय पुलिस अधिकारी कपिल चौधरी ने कहा था, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के संवेदनशील इलाकों में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों समेत सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है।

## एनआईए ने भाजपा युवा नेता की हत्या मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कथित सदस्यों द्वारा भाजयुमो के नेता प्रवीण नेट्टारू की हत्या के मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि भाजपा युवा मोर्चा के जिला सचिव नेट्टारू की हत्या मामले में एनआईए ने एक और व्यक्ति बेल्लारे गांव के मस्तीकट्टे रोड निवासी शाहिद एम को गिरफ्तार किया। इस मामले में गिरफ्तार किया गया वह 15वां आरोपी है। बेल्लारी निवासी नेट्टारू की 26 जुलाई को धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई थी। एनआईए ने कहा, जांच के दौरान यह पाया गया कि शाहिद कुछ राजनीतिक संगठनों के नेताओं को निशाना बनाने की साजिश रचने के लिए पीएफआई द्वारा उसके घर पर आयोजित एक बैठक का हिस्सा था। उसे शनिवार को कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान आरोपी के घर से आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। उसे भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। मामला शुरू में 27 जुलाई को दक्षिण कन्नड़ जिले के बेल्लारी पुलिस थाने में दर्ज किया गया था और चार अगस्त को एनआईए द्वारा फिर से दर्ज किया गया था। जांच से पता चला है कि पीएफआई के नेताओं और सदस्यों ने मसूद नाम के एक व्यक्ति की हत्या का बदला लेने और लोगों में दहशत फैलाने के लिए नेट्टारू की हत्या की साजिश रची थी।



अजमेर में अना सागर झील में सूर्योदय के दौरान तैरते हुए पक्षी।

# क्या कांग्रेस ने रणनीति के तहत राहुल को हिमाचल चुनाव से दूर रखा? : अनुराग ठाकुर

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनुराग ठाकुर ने रविवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि क्या विपक्षी दल ने किसी रणनीति के तहत हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रचार करने से उन्हें दूर रखा? हिमाचल प्रदेश में शनिवार को वोट डाले गए, जहां कांग्रेस जयराम ठाकुर नीत भाजपा सरकार को शिकस्त देना चाहती है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमें यह समझना होगा कि भारत जोड़ो यात्रा के बहाने राहुल गांधी को चुनाव प्रचार से दूर रखना क्या एक रणनीति का हिस्सा था, या यह एक राजनीतिक कदम था? उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस ही इस बारे में बता सकती है कि पार्टी के एक प्रमुख नेता को चुनावों में प्रचार करने से क्यों दूर रखा गया। भाजपा नेता ने कहा, यह वही नेता हैं जो उत्तर प्रदेश से चुनाव हारने के बाद वहां कभी नजर नहीं आए हैं। कांग्रेस को अपना अध्यक्ष चुनने में तीन साल लगे, जो पार्टी की स्थिति को बयां करता है। राहुल ने सात सितंबर को कन्याकुमारी से 150 दिनों की भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है। यात्रा 12 राज्यों में 3,570 किमी से अधिक की दूरी तय कर जनवरी में श्रीनगर पहुंचेगी।

# हिमाचल प्रदेश में 75.6 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान, आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद

**भाषा।** नई दिल्ली

**हिमाचल प्रदेश** विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 75.6 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान हुआ। राज्य के निर्वाचन अधिकारियों के पास रविवार को उपलब्ध आंकड़ों से यह जानकारी मिली। राज्य में शनिवार को एकल चरण में मतदान हुआ था और डाक मतपत्र अब भी प्राप्त हो रहे हैं। इससे पहले, 2017 के विधानसभा चुनाव में 75.57 प्रतिशत मतदान हुआ था। कुल महिला मतदाताओं में से 76.8 प्रतिशत और पुरुषों में से 72.4 प्रतिशत ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। तीसरे लिंग का मतदान प्रतिशत 68.4 प्रतिशत रहा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने राज्य मुख्यालय को प्राप्त रिपोर्ट का हवाला देते हुए एक बयान में कहा कि राज्य में अनुमानित मतदान प्रतिशत 75.6 है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से 74.6 प्रतिशत मत पड़े। इसके अलावा, एक प्रतिशत डाक मतपत्र पहले ही प्राप्त हो चुके हैं, जिससे अब तक कुल मतदान 75.6 प्रतिशत हो गया है और लगभग दो प्रतिशत डाक मतपत्र अभी प्राप्त होने हैं। सबसे अधिक 85.25 प्रतिशत मतदान दून विधानसभा क्षेत्र में और सबसे कम मतदान (62.53 प्रतिशत) शिमला विधानसभा सीट पर हुआ। बयान में कहा गया है कि इस विधानसभा चुनाव में राज्य निर्वाचन विभाग ने 2017 के चुनाव में कम मतदान वाले 11 निर्वाचन क्षेत्रों पर बहुत ध्यान दिया। इन निर्वाचन क्षेत्रों - धरमपुर, जयसिंहपुर, शिमला, बैजनाथ, भोरंज, सोलन, कसुम्पटी, सरकाघाट, जसवां प्रागपुर, हमीरपुर और बड़सर - के तुलनात्मक विश्लेषण से पता चला कि 11 में से नौ सीट पर मतदान प्रतिशत में अंततः सात प्रतिशत तक का सुधार हुआ।

निर्वाचन आयोग ने चुनाव संबंधी कानूनों का जिक्र करते हुए कहा कि एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के नतीजे पांच दिसंबर को शाम साढ़े पांच बजे के बाद दिखाए जा सकते हैं। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण के तहत पांच दिसंबर को मतदान होना है। गुजरात चुनाव के पहले चरण के तहत एक दिसंबर को मतदान होगा। हिमाचल प्रदेश और गुजरात तथा विभिन्न जगहों पर हुए उपचुनाव के लिए मतगणना आठ दिसंबर को होगी। हिमाचल प्रदेश में मतदान शनिवार की सुबह आठ बजे धीमी गति से शुरू हुआ था, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया और सूरज निकलने से ठंड से राहत मिली, मतदान तेज होता गया।

# भारत की ओर बुरी नजर डालने वालों को अब दिया जाता है मुंहतोड़ जवाब: राजनाथ सिंह

**चंडीगढ़।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भाजपा-नीत सरकार का मुख्य केंद्र बिंदु राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना है और भारत पर बुरी नजर डालने वाले को अब मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। सिंह ने कहा, भारत अब कमजोर नहीं है। हम शांति में विश्वास करते हैं। अगर कोई हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, तो अब मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। सिंह ने 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोट हवाई हमले का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों ने इसे बार-बार साबित किया है। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी गतिरोध के दौरान सैनिकों द्वारा दिखाई गई बहादुरी का भी जिक्र किया। सिंह हरियाणा के झज्जर में महान योद्धा पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और प्रदेश भाजपा प्रमुख ओपी धनखड़ भी उपस्थित थे। उन्होंने यह भी कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता से छुटकारा पाने के लिए नरेंद्र मोदी नीत सरकार ने कई पहल की हैं, जिसमें मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी से प्रेरित भारतीय नौसेना का एक नया ध्वज, लगभग 1,500 अप्रचलित ब्रिटिश-काल के कानूनों को समाप्त करना, राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना और इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक भव्य प्रतिमा की स्थापना शामिल हैं।

सिंह ने कहा कि अपनी प्रासंगिकता खो चुके ब्रिटिश शासन काल के 1,500 से अधिक पुराने कानूनों को खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ऐसे कई कानून हैं, जिनके लिए हम योजना बना रहे हैं। हम इन्हें भी खत्म कर देंगे। कांग्रेस का नाम लिए बिना सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनावरण किए गए जी-20 के लोगो पर कमल के चित्र को लेकर अनावश्यक विवाद पैदा करने के लिए उसपर (कांग्रेस) हमला बोला। कांग्रेस ने भाजपा पर अपने चुनाव चिह्न को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है, जबकि सत्ताधारी दल ने दावा किया कि विपक्षी दल भारत के राष्ट्रीय फूल का अपमान कर रहा है। भारत एक दिसंबर को जी-20 के मौजूदा अध्यक्ष इंडोनेशिया से शक्तिशाली समूह की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। जी-20 या 20 देशों का समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी मंच है। उन्होंने हरियाणा और झज्जर क्षेत्र को वीरों की भूमि बताते हुए कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा के लिए कई लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। गलवान घाटी में जब गतिरोध था, तब हमारे सैनिकों ने अपने शौर्य और साहस का परिचय दिया था। पाकिस्तान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ..और आपने देखा है कि जब से भारत को आजादी मिली है, पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में अशांति पैदा करने और अस्थिरता पैदा करने के लिए आतंकवादियों को भेज रहा है। उन्होंने उरी और पुलवामा आतंकी हमलों के बाद हुए सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले का जिक्र करते हुए कहा कि (दुस्साहस करने वालों को) मुंहतोड़ जवाब दिया गया। जी-20 के लोगो मुद्दे पर सिंह ने कहा कि कमल राष्ट्रीय फूल है और यह भारत की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा हुआ है।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत छत्तीसगढ़ के चार दिवसीय दौरे पर

**जशपुर (छत्तीसगढ़)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत छत्तीसगढ़ के अपने चार दिवसीय दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। आरएसएस के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भागवत अपने दौरे के दौरान आदिवासी बहुल जशपुर जिले में भाजपा के पूर्व सांसद और केंद्रीय मंत्री रहे दिवंगत दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। आरएसएस की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रांत प्रचार प्रमुख कनीराम ने कहा कि भागवत सोमवार को प्रतिमा का अनावरण करेंगे और जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इन कार्यक्रमों का आयोजन आरएसएस के एक प्रमुख संगठन वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा किया जा रहा है, जो आदिवासी बहुल दूरदराज के इलाकों में वनवासियों के लिए कल्याणकारी कार्य करता है। आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। कनीराम ने कहा कि मंगलवार को भागवत सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर में आरएसएस के सरगुजा और कोरिया जिले की इकाई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए जाने वाले पथ संचालन कार्यक्रम में शामिल होंगे। आरएसएस प्रमुख एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे जहां संघ के सदस्य मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि भागवत 17 नवंबर को अपनी यात्रा का समापन करने से पहले 16 नवंबर को अंबिकापुर में संघ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।



## भारत के मुसलमान अपने पूर्वजों और मातृभूमि के लिहाज से हिंदुस्तानी: इंद्रेश कुमार

**ठाणे।** आरएसएस के नेता इंद्रेश कुमार ने रविवार को कहा कि भारत में 99 फीसदी मुसलमान अपने पूर्वजों, संस्कृति, परंपराओं और मातृभूमि के लिहाज से हिंदुस्तानी हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा अतीत में व्यक्त किए गए उस विचार का भी समर्थन किया कि भारतीयों के पूर्वज एक ही थे, इसलिए उनका डीएनए समान है। कुमार ठाणे जिले के उत्तन में रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी में आरएसएस की मुस्लिम शाखा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) के कार्यकर्ताओं की दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कुमार के हवाले से एक विज्ञप्ति में कहा गया, हमें पवित्र कुरान के निर्देशों और सिद्धांतों के अनुसार, अपने राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्य को सर्वोच्च और अन्य सभी चीजों से ऊपर मानना चाहिए। कुमार ने भागवत के भारतीयों का समान डीएनए वाले बयान का हवाला देते हुए कहा, डी का अर्थ है सपने, जो हम रोज देखते हैं, एन मूल राष्ट्र को दर्शाता है और ए पूर्वजों का प्रतिनिधित्व करता है। कार्यशाला में महिला कार्यकर्ताओं सहित राज्य भर के 40 से अधिक स्थानों से कुल 250 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर एमआरएम के राष्ट्रीय संयोजक इरफान अली पीरजादे और विराग पचपोर सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गढ़चिरौली का आदिवासी लड़का अमेरिका में वैज्ञानिक बना

**नागपुर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के एक सुदूर गांव में बचपन में एक समय के भोजन के लिए संघर्ष करने से लेकर अमेरिका में एक वरिष्ठ वैज्ञानिक बनने तक, भास्कर हलामी का जीवन इस बात का एक उदाहरण है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। कुरखेड़ा तहसील के चिरचडी गांव में एक आदिवासी समुदाय में पले-बढ़े हलामी अब अमेरिका के मेरीलैंड में बायोफार्मास्युटिकल कंपनी सिरनामिक्स इंक के अनुसंधान और विकास खंड में एक वरिष्ठ वैज्ञानिक हैं। कंपनी आनुवंशिक दवाओं में अनुसंधान करती है और हलामी आरएनए निर्माण और संश्लेषण का काम देखते हैं।

हलामी की एक सफल वैज्ञानिक बनने की यात्रा बाधाओं से भरी रही है और उन्होंने कई जगह पहला स्थान हासिल किया है। वह विज्ञान स्नातक, स्नातकोत्तर डिग्री और पीएचडी करने वाले चिरचडी गांव के पहले व्यक्ति हैं। हलामी ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में अपने बचपन के शुरुआती दिनों को याद किया कि किस तरह उनका परिवार बहुत थोड़े में गुजारा करता था। 44 वर्षीय वैज्ञानिक ने कहा, हमें एक वक्त के भोजन के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ता था। मेरे माता-पिता हाल तक सोचते थे कि जब भोजन या काम नहीं था तो परिवार ने उस समय कैसे गुजारा किया। उन्होंने कहा कि वर्ष में कुछ महीने विशेष रूप से मानसून, अविश्वसनीय रूप से कठिन रहता था क्योंकि परिवार के पास जो छोटा खेत था उसमें कोई फसल नहीं होती थी और कोई काम नहीं होता था।

हलामी ने कहा, हम महुआ के फूल को पकाकर खाते थे, जो खाने और पचाने में आसान नहीं होते थे। हम परसोद (जंगली चावल) इकट्ठा करते थे और पेट भरने के लिए इस चावल के आटे को पानी में पकाते थे। यह सिर्फ हमारी बात नहीं थी, बल्कि गांव के 90 प्रतिशत लोगों के लिए जीने का यही जरिया होता था। चिरचडी 400 से 500 परिवारों का गांव है। हलामी के माता-पिता गांव में घरेलू सहायक के रूप में काम करते थे, क्योंकि उनके छोटे से खेत से होने वाली उपज परिवार का भरण पोषण करने के लिए पर्याप्त नहीं थी। हालात तब बेहतर हुए जब सातवीं कक्षा तक पढ़ चुके हलामी के पिता को करीब 100 किलोमीटर दूर कसनसुर तहसील के एक स्कूल में नौकरी मिल गई। हलामी ने कक्षा एक से चार तक की स्कूली शिक्षा कसनसुर के एक आश्रम स्कूल में की और छात्रवृत्ति परीक्षा पास करने के बाद उन्होंने यवतमाल के सरकारी विद्यानिकेतन केलापुर में कक्षा 10 तक पढ़ाई की। उन्होंने कहा, मेरे पिता शिक्षा के मूल्य को समझते थे और उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मैं और मेरे भाई-बहन अपनी पढ़ाई पूरी करें। गढ़चिरौली के एक कॉलेज से विज्ञान स्नातक की डिग्री हासिल करने के बाद हलामी ने नागपुर में विज्ञान संस्थान से रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। 2003 में हलामी को नागपुर में प्रतिष्ठित लक्ष्मीनारायण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एलआईटी) में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया।

# कंबोडिया की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे उपराष्ट्रपति धनखड़

**नई दिल्ली (भाषा)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कंबोडिया की सफल और सार्थक यात्रा के बाद रविवार रात स्वदेश लौट आए। उन्होंने वहां (कंबोडिया में) आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलनों को संबोधित किया। धनखड़ शुक्रवार को कंबोडिया की राजधानपी नोम पेन्ह गए थे। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी। उन्होंने विभिन्न देशों के कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने अपनी यात्रा के दौरान कंबोडिया के राजा नोरोदोम सिहामोनी, प्रधानमंत्री हुन सेन और सीनेट के अध्यक्ष के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। विदेश मंत्रालय ने कहा, सभी बैठकों में, कंबोडियाई नेतृत्व ने कंबोडिया के मुश्किल समय में भारत के सहयोग की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और न्यूजीलैंड तथा जापान के प्रधानमंत्रियों सहित विश्व के कई नेताओं से भी मुलाकात की।

# उदयपुर-असरवा रेलवे पटरी को विस्फोटक से उड़ाया

**उदयपुर।** अहमदाबाद से हाल ही में शुरू की गई असरवा-उदयपुर एक्सप्रेस ट्रेन के जावर माइंस थाना क्षेत्र से गुजरने से कुछ घंटे पहले रविवार को यहां रेलवे पटरी पर विस्फोट हो गया। पुलिस ने कहा कि तोड़फोड़ सहित सभी पहलुओं से मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि केवड़ा की नाल के पास ओढा रेलवे पुल पर पटरियों को नुकसान पहुंचाने के लिए खनन विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया। ओढ़ा रेलवे पुलिस उदयपुर के जावर माइंस पुलिस थाना क्षेत्र में आता है। जावर माईन्स थानाधिकारी अनिल कुमार विश्नोई ने बताया, स्थानीय लोगों ने हमें सुबह विस्फोट के बारे में सूचित किया। हमें पटरी पर कुछ विस्फोटक मिले हैं और आरोपियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा को घटना की तह तक जाने के निर्देश दिए हैं। गहलोत ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा उदयपुर-अहमदाबाद रेल मार्ग के ओढा रेलवे पुल पर रेल पटरियों को नुकसान पहुंचाने की घटना चिंताजनक है। पुलिस व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर हैं। पुलिस महानिदेशक को घटना की तह तक जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने ट्वीट किया, रेलवे को पुल के पुनर्संचालन में पूर्ण सहयोग किया जाएगा और इस मार्ग के रेल यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाया जा रहा है।

पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने उदयपुर-अहमदाबाद रेल मार्ग पर केवड़ा की नाल स्थित ओढ़ा रेलवे पुल पर हुई घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली और मामले में त्वरित अनुसंधान कर कार्वाई के निर्देश दिए। मिश्रा ने बताया कि मामले में रेलवे अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले में केंद्रीय एजेंसियों से भी सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मामले में सजगता से कार्य कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं।

फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, आतंकवाद रोधी दस्ते की टीमों ने मौके का दौरा किया और जांच की। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के लिए सुपरपावर 90 के डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने बताया कि विस्फोट सुनियोजित प्रतीत होता है। स्थानीय लोगों की सतर्कता से मामला प्रकाश में आया और एक बड़ी घटना टल गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 अक्टूबर को अहमदाबाद के असरवा रेलवे स्टेशन से असरवा-उदयपुर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई थी। उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि असरवा-उदयपुर एक्सप्रेस को पटरियों पर व्यवधान के कारण डूंगरपुर पर रोक दिया गया है। उदयपुर के पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने कहा कि तोड़फोड़ सहित सभी कोणों की जांच की जा रही है और पटरियों को बहाल करने का काम चल रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस और रेलवे के अधिकारी मौके पर हैं और जांच कर रहे हैं।

# मोदी बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के तीन प्रमुख सत्र में भाग लेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के तीन प्रमुख सत्र खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल परिवर्तन और स्वास्थ्य-- में भाग लेंगे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को इंडोनेशियाई शहर बाली के लिए रवाना होंगे, जहां यूक्रेन संघर्ष और इसके प्रभावों सहित वैश्विक चुनौतियों पर व्यापक विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। क्वात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी और अन्य नेता वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, पर्यावरण, डिजिटल परिवर्तन जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी हिस्सा लेंगे। क्वात्रा ने कहा कि मोदी जी-20 के कुछ नेताओं के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के निमंत्रण पर शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

इंडोनेशिया जी-20 का वर्तमान अध्यक्ष है। भारत एक दिसंबर से औपचारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। जी-20 या 20 देशों का समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर सरकारी मंच है। समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। जी-20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।



बेंगलुरू में कब्बन पार्क में कन्नड़ राज उत्सव पर्व के अवसर पर रंगोली देखते हुए पर्यटक।

# धनखड़ ने वैश्विक चिंताओं को रेखांकित किया

भाषा। नोम पेन्ह



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने रविवार को खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा पर वैश्विक चिंताओं को रेखांकित किया और नौवहन एवं ऊपर से उड़ान भरने (ओवरफ्लाइट) की स्वतंत्रता के साथ मुक्त, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देने में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) तंत्र की भूमिका पर जोर दिया। धनखड़ ने यहां 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) को संबोधित करते हुए 2023 में अंतरराष्ट्रीय जुआर वर्ष में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के सदस्यों के पूर्ण योगदान का भी आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं को रेखांकित किया और नौवहन और ऊपर से उड़ान भरने की स्वतंत्रता के साथ मुक्त, स्वतंत्र और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने में ईएएस तंत्र की भूमिका पर जोर दिया। अमेरिका, भारत और कई अन्य विश्व शक्तियां इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य मौजूदगी की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र, मुक्त और संपन्न हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर चर्चा कर रही हैं। चीन लगभग सभी विवादित दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम इसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। चीन का पूर्वी चीन सागर में भी जापान के साथ क्षेत्रीय विवाद है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के क्वाड समूह ने हिंद-प्रशांत में यथास्थिति बदलने या तनाव बढ़ाने वाले किसी भी एकतरफा कदम का कड़ा विरोध किया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कंबोडिया की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने शिखर सम्मेलन के इतर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ संक्षिप्त मुलाकात भी की। आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संघ) शिखर सम्मेलन यूक्रेन संघर्ष और ताइवान जलडमरूमध्य में चीन की सैन्य मौजूदगी से उत्पन्न भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच हो रहा है। कंबोडिया इन शिखर सम्मेलनों की मेजबानी आसियान के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में कर रहा है। इस वर्ष आसियान-भारत संबंधों की 30वीं वर्षगांठ है और इसे आसियान-भारत मैत्री वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संघ (आसियान) एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसके दक्षिण-पूर्व एशिया में 10 सदस्य देश हैं जिनमें ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

## हम अपने ही बड़े परिवार में हैं: उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कंबोडिया में कहा

**सिएम रीप (कंबोडिया)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि कंबोडिया भारत के ही बड़े परिवार का हिस्सा है और उन्हे यहां आकर ऐसा लगा, जैसे वह अपने ही घर मे है। धनखड़ ने यहां ता प्रोम्ह मंदिर मे हॉल ऑफ डांसर्स का संरक्षण कार्य पूरा होने के बाद उसका उद्घाटन किया। धनखड़, अपनी पत्नी सुदेश धनखड़ और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ ता प्रोम्ह मंदिर गए और उन्होने वहां पूजा-अर्चना की। उन्होने देश के तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन अंगकोरवाट मंदिर मे भी दर्शन किए। धनखड़ ने अंगकोर पुरातात्विक परिसर स्थित ता प्रोम्ह मंदिर मे बने हॉल ऑफ डांसर्स का उद्घाटन करते हुए कहा, हम अपने विस्तारित पड़ोसी देश मे नही है, हम अपने विस्तारित परिवार मे है। ता प्रोम्ह मंदिर स्थित द हॉल ऑफ डांसर्स कंबोडिया मे सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए भारत और कंबोडिया के बीच 40 लाख डालर की सहयोगात्मक परियोजना का हिस्सा है। अंकोरवाट मंदिर राजा सूर्यवर्मन द्वितीय द्वारा 12वी शताब्दी मे निर्मित दुनि का सबसे बड़ा धार्मिक ढांचा है और यह खमेर वास्तुकला का सर्वोत्तम नमूना है। ता प्रोम्ह कंबोडिया के अंगकोर क्षेत्र मे सर्वाधिक लोकप्रिय पर्यटन स्थलो मे से एक है। उपराष्ट्रपति धनखड़ के यहां पहुंचने पर सिएम रीप प्रांत के वाइस गवर्नर पिन प्रक्ड़ और अन्य गणमान्य व्यक्तियो ने उनका स्वागत किया। इससे पहले धनखड़ ने नोम पेन्ह मे पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) को संबोधित किया।

## अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरियाई खतरे के खिलाफ एकजुट प्रतिक्रिया का संकल्प जताया

**नोम पेन्ह (कंबोडिया)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और जापान तथा दक्षिण कोरिया के नताओ ने रविवार को उत्तर कोरिया के धमकी भरे परमाणु और बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रमो के खिलाफ एकजुट और समन्वित प्रतिक्रिया देने का संकल्प जताया। बाइडन ने ऐलान किया कि त्रिपक्षीय भागीदारी पहले के मुकाबले बहुत अधिक अहम है खासकर जब उत्तर कोरिया उकसावे वाली की गतिविधियो को बढ़ा रहा है। कंबोडिया मे ईस्ट एशिया समिट से इतर तीनो नेताओ की बैठक से पहले बाइडन ने जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल के साथ अलग-अलग वार्ता की। बाइडन ने सियोल मे हैलोवीन उत्सव के दौरान भगदड़ मे 150 से अधिक लोगो की मौत पर शोक व्यक्त किया। बैठक मुख्य रूप से उत्तर कोरियाई नेता किम जोग उन की हालिया उकसावे वाली कार्वाई पर केंद्रित रही। हालांकि, बाइडन ने कहा कि तीनो नेता आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने, ताइवान जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) मे शांति की सुरक्षा और रूसी हमले के मद्देनजर यूक्रेन के प्रति देशो का समर्थन जुटाने पर चर्चा करेंगे।चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ होने वाली आमने-सामने की बैठक की पूर्व संध्या पर प्रशांत क्षेत्र मे चीन के आक्रामक रुख पर काबू पाने के लिहाज से बाइडन की योजना किशिदा और यून की प्रतिक्रिया जानने की थी। बाइडन ने कहा, हम असली चुनौती का सामना कर रहे है और देश पहले के मुकाबले आज अधिक गोलबंद है। इसलिए मुझे तीनो देशो के बीच सहयोग और मजबूत होने की उम्मीद है।

## पाकिस्तान ने जॉयलैंड पर रोक लगाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अधिकारियो ने साइम सादिक की फिल्म जॉयलैंड को प्रतिबंधित कर दिया है। उनका आरोप है कि फिल्म मे बेहद आपत्तिजनक सामग्री है। कुछ महीने पहले ही प्रमाण पत्र जारी कर फिल्म के सार्वजनिक प्रदर्शन की मंजूरी दे दी गई थी। जॉयलैंड ऑस्कर मे पाकिस्तान की आधिकारिक प्रविष्टि है। इसे सरकार ने 17 अगस्त को प्रमाण पत्र दिया था। बहरहाल, इसकी सामग्री को लेकर हाल मे ऐतराज़ जताया गया था। आपत्ति के बाद सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने देश के रूढ़िवादी तत्वो के साथ टकराव से बचने के लिए फिल्म पर प्रतिबंध लगा दिया। मंत्रालय ने 11 नवंबर को जारी अधिसूचना मे कहा कि यह फिल्म देश के सामाजिक मूल्यो और नैतिक मानको के अनुरूप नही है।

## इस्तांबुल में विस्फोट में छह की मौत, 53 जख्मी: राष्ट्रपति एर्दोआन

**इस्तांबुल।** तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने इस्तांबुल के लोकप्रिय इस्तिक्लाल एवेन्य पर रविवार को हुए एक भीषण विस्फोट को हमला करार दिया और कहा कि घटना मे छह लोगो की मौत हुई है तथा 53 जख्मी हुए है। इस्तिक्लाल एवेन्य मे हुए विस्फोट की वजह फौरन साफ नही हो सकी है। सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलू की खबर के मुताबिक, विस्फोट की जांच करने का जिम्मा पांच अभियोजको को दिया गया है। ऑनलाइन पोस्ट की गई वीडियो मे दिख रहा है कि आग की लपटे निकल रही है और फिर जोर का धमाका हुआ, राहगीर मुड़े और भागने लगे। अन्य फुटेज मे दिख रहा है कि एम्बुलेंस, दमकल की गाड़ियां और पुलिस मौके पर पहुंच गई है। सोशल मीडिया पर लोगो ने कहा कि इलाके मे दुकानो को बंद कर दिया गया है। तुर्किए की मीडिया निगरानी संस्था ने विस्फोट की रिपोर्टिंग पर अस्थाई रूप से रोक लगा दी है। इस कदम से प्रसारक विस्फोट के दौरान और उसके बाद के वीडियो नही दिखा पाएंगे। रेडियो एवं टेलीविज़न की सर्वोच्च परिषद ने पहले भी हमलो और दुर्घटनाओ के बाद इस तरह के प्रतिबंध लगाए है। इस्तांबुल के गवर्नर अली एरलीकाया ने ट्विटर पर कहा कि घायलो का इलाज किया जा रहा है।

## मालदीव में आग लगने की घटना में एक और भारतीय की मौत, मृतक संख्या बढ़कर आठ हुई

**माले।** मालदीव की राजधानी माले मे एक गैराज मे आग लगने की घटना मे मारे गए भारतीयो की संख्या रविवार को बढ़कर आठ हो गई। पुलिस ने बताया कि एकमात्र अज्ञात शव की पहचान भारतीय नागरिक के रूप मे हुई है जिसके बाद यह संख्या बढ़कर आठ हो गई है। समाचार मंच सनऑनलाइन की खबर के अनुसार आग माफियो मस्जिद के पास एम. निरूफेफी मे एक गैराज मे लगी थी। इस हादसे मे 10 लोगो की मौत हुई थी। गैराज भूतल पर था और प्रवासी मजदूर पहली मंजिल पर रहते थे। अधिकारियो ने बताया कि इमारत मे बांग्लादेश, भारत और श्रीलंका के 38 प्रवासी श्रमिक रह रहे थे। अधिकारियो ने मृतको की पुष्टि तीन भारतीयो तथा एक बांग्लादेशी समेत चार महिलाओ और छह पुरुषो के रूप मे की है। पहले जिन पांच लोगो की पहचान की गई थी, उनमे चार भारतीय और एक बांग्लादेशी शामिल था। पुलिस ने कहा कि सभी मृतको की पहचान विदेश मंत्रालय और मालदीव मे उनके संबंधित देशो के राजनयिक मिशनो के साथ साझा की गई है। भारतीय नागरिको की पहचान सार्वजनिक नही की गई है।

# अमेरिकी सीनेट में जो बाइडन की डेमोक्रेटिक पार्टी का बहुमत बरकरार

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी सीनेट में बहुमत बरकरार रखेगी क्योंकि मध्यावधि चुनाव में उसके दो उम्मीदवारों के रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवारों के खिलाफ जीत दर्ज करने का अनुमान है। इस परिणाम से राष्ट्रपति जो बाइडन को बड़ी मजबूती मिलेगी जिन्होंने चुनाव के नतीजों का स्वागत करते हुए कहा कि वह अच्छा महसूस कर रहे हैं और कार्यकाल के शेष हिस्से में अमेरिकी लोगों से किए गए वादों को पूरा करने को लेकर आशान्वित हैं। बाइडन की डेमोक्रेटिक पार्टी ने मध्यावधि चुनाव में सत्तारूढ दल के खिलाफ नतीजे आने की ऐतिहासिक प्रवृत्ति को धता बताते हुए अमेरिकी कांग्रेस के ऊपरी सदन में अपना बहुमत मजबूत किया है। आठ नवंबर को हुए मध्यावधि चुनाव में नेवाडा में सीनेटर कैथरीन कोर्टेज मैस्टो के अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी एडम लैक्सेट को हराने की उम्मीद है, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन हासिल था, जबकि एरिजोना में सीनेटर मार्क केली रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवार ब्लैक मास्टर्स को हराने की ओर बढ़ रहे हैं।

### ●रिपब्लिकन की उम्मीदों पर फिरा पानी

पिछले 20 साल में किसी सत्तारूढ़ दल के लिए मध्यावधि चुनाव में ए सबसे अच्छे नतीजे होंगे। इन परिणामों के बाद 100 सदस्ईय सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 50 सीट होंगी जबकि रिपब्लिकन पार्टी के पास वर्तमान में 49 सीट हैं। जॉर्जिया के चुनाव परिणाम अभी नहीं आए हैं और वहां छह दिसंबर को दूसरे चरण का चुनाव होगा। अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट में 100 सीट हैं और मौजूदा कांग्रेस में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के 50-50 सदस्य हैं। मुकाबला बराबर रहने पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस सीनेट की प्रमुख की हैसियत से अपना वोट डाल सकती हैं। दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) के शिखर सम्मेलन के लिए कंबोडिया के नोम पेन्ह गए बाइडन ने चुनाव परिणाम पर कहा, मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। अगले कुछ वर्षों के कामकाज के लिए आशान्वित हूं। बाइडन (79) ने कहा, मैं नतीजों से हैरान नहीं हूं। मैं नतीजों से बेहद प्रसन्न हूं। मुझे लगता है कि यह हमारे उम्मीदवारों के भरोसे का प्रतिबिंब है। और वे सभी एक ही नीतियों का अनुसरण कर रहे हैं।

# जयशंकर ने ब्लिंकन से मुलाकात की, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

भाषा। नोम पेन्ह



**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने रविवार को यहां अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की और द्विपक्षीय मुद्दों, रूस-यूक्रेन युद्ध, ऊर्जा, जी-20 तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर और ब्लिंकन के बीच यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच संभावित बैठक से कुछ दिन पहले हुई। जयशंकर और ब्लिंकन के बीच यह बैठक कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन से इतर हुई। जयशंकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ यहां आए हैं, जो आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। जयशंकर और ब्लिंकन की मुलाकात 15-16 नवंबर तक इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी और बाइडन के बीच संभावित द्विपक्षीय वार्ता से कुछ दिन पहले हुई है। जयशंकर ने ट्वीट किया, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ एक सार्थक बैठक हुई। यूक्रेन, हिंद-प्रशांत, ऊर्जा, जी20 और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। ब्लिंकन ने ट्वीट किया, हमारी साझेदारी का विस्तार करने और यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के प्रभावों को कम करने के लिए जारी प्रयासों पर चर्चा करने के लिए मैंने आज नोम पेन्ह में आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन) शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। अमेरिका, भारत के जी-20 की अध्यक्षता करने का समर्थन करता है। ब्लिंकन के साथ जयशंकर की मुलाकात मंगलवार को मास्को में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बैठक और शनिवार को यहां यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के साथ बातचीत के बाद हुई। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री मोदी के बीच उपयोगी और बहुत व्यावहारिक संबंध हैं।सुलिवन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात को लेकर उत्सुक हैं।उन्होंने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा,"मैं यह बताना चाहता हूं कि राष्ट्रपति बाइडन के पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी व्हाइट हाउस आए थे और उन दोनों के बीच कई बार व्यक्तिगत मुलाकात तथा फोन और वीडियो कॉल पर बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों नेता कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर समान हित देखते हैं और अमेरिका-भारत साझेदारी को मजबूत करने के लिए वास्तव में मिलकर काम किया है।उन्होंने कहा, जब आप उन सभी चीजों को जोड़ते हैं, तो यह एक उपयोगी, बहुत व्यावहारिक संबंध होता है। राष्ट्रपति बाइडन इस साल जी-20 में प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए उत्सुक हैं। भारत अगले साल जी-20 की अध्यक्षता करेगा और उस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के नई दिल्ली की यात्रा करने की संभावना है। भारत ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की अभी तक निंदा नहीं की है और उसका कहना है कि संकट का समाधान कूटनीति और बातचीत के माध्यम से किया जाना चाहिए। फरवरी में यूक्रेन संकट शुरू होने के बाद से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, दोनों से कई बार टेलीफोन पर बातचीत की है।

# शीर्ष दस में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.12 लाख बढ़ा

भाष। नई दिल्ली

**शीर्ष 10 में** से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 2.12 लाख करोड़ रुपए से अधिक बढ़ गया। इस दौरान सबसे अधिक वृद्धि एचडीएफसी बैंक और टीसीएस के बाजार पूंजीकरण में हुई। पिछले सप्ताह तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 844.68 अंक यानी 1.38 प्रतिशत चढ़ गया। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष दस कंपनियों में केवल हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का ही पूंजीकरण इस हफ्ते में घटा है। वहीं, बाकी नौ कंपनियों ने पिछले सप्ताह अपने बाजार मूल्यांकन में कुल 2,12,478.82 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की। इस दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण सर्वाधिक 63,462.58 करोड़ रुपए बढ़कर 8,97,980.25 करोड़ रुपए हो गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मूल्यांकन भी 36,517.34 करोड़ रुपए बढ़कर 12,13,378.03 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी का बाजार मूल्यांकन 29,422.52 करोड़ रुपए बढ़कर 4,81,818.83 करोड़ रुपए और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 26,317.30 करोड़ रुपए बढ़कर 17,80,206.22 करोड़ रुपए हो गया। सूचना प्रौद्योगीको कंपनी इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण भी 23,626.96 करोड़ रुपए बढ़कर 6,60,650.10 करोड़ रुपए और अडाणी एंटरप्राइजेज 20,103.92 करोड़ रुपए बढ़कर 4,56,992.25 करोड़ रुपए हो गया। भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 6,559.59 करोड़ रुपए बढ़कर 5,36,458.41 करोड़ रुपए और भारती एयरटेल का मूल्यांकन 5,591.05 करोड़ रुपए बढ़कर 4,59,773.28 करोड़ रुपए हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 877.56 करोड़ रुपए बढ़कर 6,32,192.05 करोड़ रुपए हो गया। हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन इस हफ्ते में 3,912.07 करोड़ रुपए घटकर 5,88,220.17 करोड़ रुपए रह गया।

## एफपीआई ने नवंबर में भारतीय बाजार में 19,000 करोड़ का निवेश किया

**नई दिल्ली।** विदेश निवेशकों ने भारतीय इक्विटी बाजारों में नवंबर महीने में अब तक करीब 19,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है जिसके पीछे अमेरिका में मुद्रास्फीति नरम पड़ने और डॉलर की मजबूती कम होने का हाथ रहा है।
डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर में विदेशी निवेशकों के अनुकूल रुख रहने के पहले लगातार दो महीनों तक निकासी का दौर देखा गया था। सितंबर में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से 7,624 करोड़ रुपए और अक्टूबर में आठ करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की थी। उसके पहले अगस्त में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 51,200 करोड़ रुपए और जुलाई में करीब 5,000 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की थी। हालांकि उसके पहले अक्टूबर 2021 से लेकर जून 2022 के दौरान लगातार नौ महीनों तक विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल बने हुए थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार का मानना है कि एफपीआई आने वाले दिनों में भी खरीदारी का सिलसिला जारी रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़ों में नरमी का रुख रहने और डॉलर एवं बॉन्ड प्रतिफल घटने से विदेशी निवेशक भारतीय बाजारों के प्रति दिलचस्पी दिखा सकते हैं। आंकड़े बताते हैं कि विदेशी निवेशकों ने एक नवंबर से लेकर 11 नवंबर के दौरान कुल 18,979 करोड़ रुपए का निवेश भारतीय इक्विटी बाजारों में किया है। वर्ष 2022 में अब तक विदेशी निवेशकों की भारतीय बाजार से निकासी 1.5 लाख करोड़ रुपए रही है। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने विदेशी निवेशकों के मौजूदा रुख के लिए मुद्रास्फीति में नरमी, वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल कम होने और डॉलर की मजबूती दर्शाने वाले डॉलर सूचकांक में गिरावट को जिम्मेदार बताया। मॉर्निंगस्टार इंडिया के सह निदेशक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा,"हाल के दिनों में इक्विटी बाजारों के तेजी पकड़ने से विदेशी निवेशकों ने भी संभावित रिटर्न की उम्मीद में इसका हिस्सा बनना पसंद किया है। हालांकि विदेशी निवेशकों ने नवंबर में अब तक भारतीय ऋण बाजार से 2,784 करोड़ रुपए की निकासी भी की है।

# प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम में संशोधन से समयसीमा तय करने में मदद मिलेगी: मंत्रालय

भाषा। नई दिल्ली

**कंपनी मामलों** के मंत्रालय (एमसीए) का मानना है कि प्रतिस्पर्द्धा कानून में समय-सीमा संशोधन के बारे में किया गया प्रस्ताव संयोजनों के आकलन को त्वरित और समयबद्ध बनाने के साथ-साथ कारोबारों को एक निश्चितता देने में भी मदद करेगा। प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम में संशोधन के लिए पेश विधेयक इस समय संसद की वित्त संबंधी स्थाई समिति के पास विचाराधीन है। आम तौर पर विलय और अधिग्रहण को प्रतिस्पर्द्धा कानून की भाषा में संयोजन कहा जाता है। प्रस्तावित संशोधनों के तहत संयोजन के अनुमोदन की समयसीमा को 210 दिनों से घटाकर 150 दिन करने के साथ ही भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (सीसीआई) को संयोजनों के शीघ्र अनुमोदन के लिए 20 दिनों के भीतर प्रथम-दृष्टया राय बनाने का जिक्र किया गया है। कंपनी मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि संयोजन के आकलन की प्रक्रिया को तेज और समयबद्ध बनाने के लिए आकलन की समग्र समय-सीमा को कम करने का प्रस्ताव इस संशोधन विधेयक में रखा गया है। समिति के समक्ष हाल ही में दिए गए एक प्रस्तुतीकरण में कहा, 20 दिनों की समय सीमा प्रथम दृष्टया विचार के बारे में निश्चितता प्रदान करेगी। इसमें नाकाम रहने पर इसे स्वीकृत माना जाएगा। इससे कारोबारों को एक तरह की निश्चितता मिलेगी। मंत्रालय के मुताबिक, सीसीआई ने कहा है कि आम तौर पर 17-18 दिनों के भीतर मंजूरी दे दी जाती है, लेकिन कभी-कभी इसने 30 दिनों से अधिक समय तक प्रथम दृष्टया विचार नहीं किया है।

**GOLDEDGE ESTATE AND INVESTMENT LIMITED**
Regd Office:-C-115,Ground Floor, Mansoravar Garden, New Delhi-110015
CIN: L70101DL1992PLC047541

**EXTRACT OF STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER / HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2022**

Rs. in lakhs except per share data

| S. No. | Particulars | STANDALONE Quarter Ended 30-Sep-22 (Unaudited) | Quarter Ended 30-Jun-22 (Unaudited) | Quarter Ended 30-Sep-21 (Unaudited) | Half Year Ended 30-Sep-22 (Unaudited) | Half Year Ended 30-Sep-21 (Unaudited) | Year Ended 31-Mar-22 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations (gross) | 6.28 | 6.04 | 13.03 | 12.32 | 25.91 | 38.78 |
| 2 | Total income from operations (net) | 6.28 | 6.04 | 13.03 | 12.32 | 25.91 | 38.78 |
| 3 | Net Profit for the period (before tax and exceptional items) | 2.12 | 2.49 | 0.69 | 4.61 | 9.50 | 13.37 |
| 4 | Net Profit for the period before tax (after exceptional items) | 2.12 | 2.49 | 0.69 | 4.61 | 9.50 | 13.37 |
| 5 | Net Profit for the period after tax (after exceptional items) | 1.59 | 1.86 | (0.75) | 3.45 | 7.11 | 9.99 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 1.59 | 1.86 | (0.75) | 3.45 | 7.11 | 9.99 |
| 7 | Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- each) | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 |
| 8 | Other Equity | - | - | - | - | - | 67.18 |
| 9 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) | | | | | | |
| | Basic : | 0.03 | 0.036 | (0.015) | 0.07 | 0.139 | 0.195 |
| | Diluted: | 0.03 | 0.036 | (0.015) | 0.07 | 0.139 | 0.195 |

**EXTRACT OF CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER / HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2022**

Amt. in Rs. except per share data

| S. No. | Particulars | CONSOLIDATED Quarter Ended 30-Sep-22 (Unaudited) | Quarter Ended 30-Jun-22 (Unaudited) | Quarter Ended 30-Sep-21 (Unaudited) | Half Year Ended 30-Sep-22 (Unaudited) | Half Year Ended 30-Sep-21 (Unaudited) | Year Ended 31-Mar-22 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations (gross) | 6.28 | 6.04 | 13.03 | 12.32 | 25.91 | 38.78 |
| 2 | Total income from operations (net) | 6.28 | 6.04 | 13.03 | 12.32 | 25.91 | 38.78 |
| 3 | Net Profit for the period (before tax and exceptional items) | 2.12 | 2.49 | 0.69 | 4.61 | 9.50 | 13.37 |
| 4 | Net Profit for the period before tax (after exceptional items) | 2.12 | 2.49 | 0.69 | 4.61 | 9.50 | 13.37 |
| 5 | Net Profit for the period after tax (after exceptional items) | 1.59 | 1.86 | (0.75) | 3.45 | 7.11 | 9.99 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 1.83 | 1.77 | (0.75) | 3.45 | 7.11 | 9.99 |
| 7 | Equity Share Capital | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 |
| 8 | Other Equity | - | - | - | - | - | 73.93 |
| 9 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) | | | | | | |
| | Basic : | 0.036 | 0.035 | (0.001) | 0.070 | 0.151 | 0.214 |
| | Diluted: | 0.036 | 0.035 | (0.001) | 0.070 | 0.151 | 0.214 |

Note : The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial results filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and other disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Quarterly results are available on the stock exchange websites i.e. www.msei.in and on Company website www.goldedgeestate.in

For and on behalf of the Board
For Goldedge Estate and Investment Limited
Nikhil Bansal
Director Cum CFO
DIN : 00815132

Place : New Delhi
Date:-12-11-2022

## त्रिपुरा में चाय नीलामी केंद्र खोलने की योजना

**अगरतला।** भारतीय चाय बोर्ड त्रिपुरा में जल्दी ही एक चाय नीलामी केंद्र खोलने के बारे में गंभीरतापूर्वक विचार कर रहा है। त्रिपुरा चाय विकास निगम (टीटीडीसी) के चेयरमैन संतोष साहा ने कहा, हमें भारतीय चाय बोर्ड ने सूचित किया है कि वह त्रिपुरा में एक चाय नीलामी केंद्र खोलने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। अब हमें इसके समर्थन के लिए एक गोदाम का निर्माण करना होगा। उन्होंने कहा कि चाय नीलामी केंद्र नॉर्थ त्रिपुरा जिले के मुख्यालय धर्मनगर में स्थापित किया जा सकता है, ताकि पड़ोसी राज्य असम के करीमगंज और कछार जिलों में स्थित चाय बागान भी वहां पर अपनी चाय बेच सकें। साहा ने कहा कि त्रिपुरा को हमेशा चाय की नीलामी में समस्या रही है क्योंकि यहां पर कोई नीलामी केंद्र नहीं रहा है। त्रिपुरा में नीलामी केंद्र स्थापित करने का निर्णय नीलामी व्यवसाय को दूसरी जगह जाने से रोकने की कोशिश का हिस्सा है।

# पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करना बड़ी भूल होगी: अर्थशास्त्री

भाषा। नई दिल्ली

कुछ राज्यों में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने की घोषणा के बीच अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इसके लिए वित्तीय संसाधनों का उपयोग करना एक बड़ी भूल होगी और इससे औसत आर्थिक वृद्धि दर घटकर छह प्रतिशत पर आने के साथ अन्य विकास कार्यों पर भी असर पड़ेगा। अर्थशास्त्रियों का यह भी कहना है कि पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) लागू होने से सरकारी क्षेत्र में काम करने वाले नौकरीपेशा लोगों को ही लाभ होगा जो आबादी का एक सीमित हिस्सा ही है। वहीं निजी क्षेत्र में बड़ी संख्या में काम करने वाले कामगारों समेत तमाम लोगों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने ओपीएस से नई

### आबादी के सीमित हिस्से को ही लाभ, विकास कार्य होंगे प्रभावित

नौकरियों के सृजन पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई है।

पिछले कुछ महीनों में राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और पंजाब ने सरकारी कर्मचारियों के लिए ओपीएस को लागू करने की घोषणा की है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश और गुजरात में जारी विधानसभा चुनावों के दौरान कहा है कि इन राज्यों में सत्ता में आने पर वह ओपीएस लागू करेगी। इससे पहले उत्तर प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव में भी यह मुद्दा जोरशोर से उठा था। जाने-माने अर्थशास्त्री और वर्तमान में बेंगलुरु स्थित डॉ. बीआर आंबेडकर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स यूनिवर्सिटी के कुलपति एन आर भानुमूर्ति ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा, नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस) विभिन्न स्तरों पर काफी सोच-विचारकर लागू की गई है और यह स्वतंत्र भारत में सबसे बड़ा राजकोषीय सुधार है। इससे सरकार का वित्तीय बोझ काफी कम हुआ है और राज्य सरकारों की राजकोषीय स्थिति भी बेहतर हुई है। उन्होंने कहा, अगर ओपीएस पूरे देश में लागू कर दी गई तो इसका वित्तीय असर काफी व्यापक होगा। सार्वजनिक कर्ज का स्तर प्रबंधन-योग्य स्तर से ऊपर पहुंच जाएगा। इतना ही नहीं, औसत जीडीपी वृद्धि दर पर भी असर पड़ेगा और सात प्रतिशत से अधिक वृद्धि की संभावना घटकर छह प्रतिशत पर आ सकती है।

## जियो देश की सबसे मजबूत दूरसंचार ब्रांड : टीआरए

भाषा। नई दिल्ली

**देश की** सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो को सबसे मजबूत दूरसंचार ब्रांड चुना गया है। ब्रांड बुद्धिमत्ता और डेटा विश्लेषण कंपनी टीआरए ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। टीआरए ने अपने भारत के सर्वाधिक वांछित ब्रांड 2022 की सूची में कंपनियों को उनकी ब्रांड क्षमता के अनुसार स्थान दिया है। दूरसंचार कंपनियों की श्रेणी में रिलायंस जियो सबसे ऊपर है। उसके बाद भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड और फिर बीएसएनएल का स्थान आता है। परिधान श्रेणी में एडिडास शीर्ष ब्रांड रहा। इसके बाद नाइक, रेमंड, एलन सॉली और पीटर इंग्लैंड का स्थान आता है। वहीं वाहन सूची में बीएमडब्ल्यू सबसे ऊपर है जिसके बाद टोयोटा, हुंदै और होंडा का स्थान आता है।

# अयोध्या में धन्नीपुर मस्जिद का निर्माण दिसंबर 23 तक पूरा होने की उम्मीद

**भाषा।** लखनऊ

**उच्चतम** न्यायालय के आदेश पर अयोध्या में मुसलमानों को दी गई जमीन पर मस्जिद का निर्माण दिसंबर 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह जानकारी मस्जिद निर्माण का कार्य कर रहे ट्रस्ट ने दी।

मस्जिद का निर्माण करा रहे इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अगर ऐसा हुआ तो यह एक संयोग होगा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण मुकम्मल होने के आसपास ही मस्जिद के ढांचे की तामीर भी पूरी हो जाएगी। जिस जमीन पर इस मस्जिद का निर्माण कराया जाएगा वह राम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा सुनाए गए आदेश के अनुपालन में मुस्लिम पक्ष को दी गई है। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने मस्जिद निर्माण के लिए इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट का गठन किया है।

ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने रविवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में बताया, "हमें इस महीने के आखिर तक अयोध्या विकास प्राधिकरण से मस्जिद, अस्पताल, सामुदायिक रसोई, पुस्तकालय और रिसर्च सेंटर का नक्शा मिल जाने की उम्मीद है। उसके फौरन बाद हम मस्जिद का निर्माण कार्य शुरू कर देंगे" उन्होंने कहा, "वैसे तो फाउंडेशन मस्जिद के साथ बाकी चीजों का भी निर्माण शुरू कराएगी लेकिन क्योंकि मस्जिद छोटी है इसलिए उसके जल्द बनकर तैयार हो जाने की संभावना है। हालांकि इसके निर्माण की कोई समय सीमा नहीं तय की गई है मगर उम्मीद है कि अगले एक साल के अंदर (दिसंबर 2023 तक) हम मस्जिद का ढांचा तैयार कर लेंगे" हुसैन ने बताया कि मस्जिद और अन्य सुविधाओं का निर्माण उसी डिजाइन के अनुरूप किया जाएगा जो ट्रस्ट ने पहले जारी किया था। उन्होंने बताया कि मस्जिद का नाम धन्नीपुर अयोध्या मस्जिद होगा जबकि मस्जिद तथा अन्य सभी सुविधाओं के पूरे परिसर को मौलवी अहमदुल्लाह शाह कॉम्पलेक्स के तौर पर जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि अहमदुल्लाह शाह महान स्वतंत्रता सेनानी थे। गौरतलब है कि



श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण दिसंबर 2023 तक मुकम्मल हो जाने की बात कही है। संभावना है कि मस्जिद का निर्माण भी इसी समय तक पूरा हो जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने पिछली 25 अक्टूबर को संवाददाताओं को बताया था कि मंदिर का निर्माण दिसंबर 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा और जनवरी 2024 में मकर संक्रांति के बाद मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन शुरू कर दिए जाएंगे। उच्चतम न्यायालय ने नौ नवंबर 2019 को अयोध्या के अरसे पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए विवादित स्थल की 2.77 एकड़ जमीन मंदिर बनाने के लिए हिंदू पक्ष को देने का आदेश दिया था। साथ ही मुसलमानों को अयोध्या में ही किसी प्रमुख स्थान पर मस्जिद निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन देने का हुक्म जारी किया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अयोध्या जिला प्रशासन ने सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को अयोध्या की सोहावल तहसील स्थित धन्नीपुर गांव में जमीन दी थी।

बोर्ड द्वारा मस्जिद निर्माण के लिए गठित इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट ने इस जमीन पर एक मस्जिद के साथ-साथ एक अस्पताल, सामुदायिक रसोई पुस्तकालय और एक शोध संस्थान के निर्माण का फैसला किया था। फाउंडेशन के सचिव हुसैन ने बताया कि शुरू में यह चैरिटेबल अस्पताल 100 बेड का होगा, जिसे बाद में बढ़ाकर 200 बेड का किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सामुदायिक रसोई में शुरुआती चरण में रोजाना 1000 लोगों के लिए भोजन तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाद में उसकी क्षमता को बढ़ाकर 2000 किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक रसोई में अस्पताल के मरीजों और तीमारदारों के साथ-साथ कोई भी जरूरतमंद मुफ्त में भोजन कर सकेगा। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन ने प्रगतिशील सोच के साथ इंडो इस्लामिक रिसर्च सेंटर और एक पुस्तकालय के निर्माण का भी फैसला लिया है ताकि क्षेत्र के लोगों को इसका फायदा मिले। हुसैन ने बताया कि करीब एक महीने पहले मस्जिद तथा अन्य सुविधाओं के लिए अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र हासिल करने के आवेदन पर हुई पड़ताल के दौरान विभाग ने मस्जिद की ओर जाने वाला रास्ता कम चौड़ा होने को लेकर आपत्ति की थी। उन्होंने कहा कि इस बारे में फौरन जिला प्रशासन को सूचित किया गया और प्रशासन ने इस पर तत्काल कदम उठाते हुए रास्ता चौड़ा करने के लिए दी जाने वाली अतिरिक्त जमीन की नाप-जोख की प्रक्रिया पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि सरकार ने वक्फ बोर्ड को जो जमीन दी है वह राजस्व अभिलेखों में कृषि उपयोग की भूमि के रूप में दर्ज है, इसलिए उसके भू उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया किए बगैर उस पर कोई निर्माण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट ने इसके भूउपयोग में बदलाव की अर्जी पहले ही दे रखी है और प्रशासन ने 15 दिन के अंदर सारी प्रक्रिया पूरी करके नक्शा दे देने का आश्वासन दिया है। हुसैन ने कहा कि अयोध्या जिला प्रशासन ट्रस्ट का पूरा सहयोग कर रहा है जिसके लिए वह उसे धन्यवाद देते हैं।

## पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष ने जहर खाकर की खुदकुशी

**इटावा।** जिले के जसवंत नगर इलाके में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व जिलाध्यक्ष ने कथित रूप से जहर खाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि जसवंत नगर कस्बे के सिद्धार्थपुरी मोहल्ले में बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद कुमार जाटव (45) ने शुक्रवार को अज्ञात कारणों से जहर खा लिया। उन्होंने बतााय कि हालत बिगड़ने पर उन्हें सैफई मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया गया, जहां शनिवार को देर शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आगामी आम चुनाव को ध्यान में रखकर वे हिंदू मुस्लिम कर रहे- बर्क

**संभल।** संभल से लोकसभा सांसद और समाजवादी पार्टी के नेता शफीक उर रहमान बर्क ने रविवार को परोक्ष रूप से भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें हिंदू मुसलमान के अलावा कुछ नहीं दिखाई देता। बर्क ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, चूंकि 2024 में आम चुनाव हैं, इसलिए वे मंदिर मस्जिद, समान अचार संहिता जैसे मुद्दे उठा रहे हैं जो दिलों को जोड़ती नहीं बल्कि तोड़ती है। वे यह सब इसलिए कर रहे हैं हिंदू इन मुद्दों की वजह से उनसे जुड़ जाए। उन्होंने कहा, मैं सारे हिंदुओं को बुरा नही कहूंगा। कितने हिन्दू हैं जो कांग्रेस पार्टी में है जो भारत जोड़ो यात्रा चला रहे है.. दूसरी पार्टियों में हिंदू हैं शरद पवार हिंदू नही है क्या।, क्या अखिलेश यादव हिंदू नही हैं। बर्क ने दावा किया, मैं यह बता देना चाहता हूं की इस मर्तबा विपक्ष एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा और वे (भाजपा) 50 सीट भी मुश्किल से जीत पाएंगे। मंदिर मस्जिद के मुद्दे पर उन्होंने कहा की हर मस्जिद में उन्हें मंदिर दिखाई दे रहा है। मुसलमान इतना कमजोर नही है कि अपनी मस्जिद को मंदिर बनवा देगा। आखिर हमारी मस्जिद है तो रखवाली की जिम्मेदारी हमारे कौम की है।

## कोलंबियाई अभिनेत्री का कीमती मोबाइल शूटिंग के दौरान चोरी

**मथुरा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया निवासी अभिनेत्री का डेढ़ लाख रुपए कीमत का मोबाइल फोन शनिवार को वृन्दावन के यमुना तट पर फिल्म के गाने की शूटिंग करते समय बैग से चोरी हो गया। पुलिस ने फोन की तलाश शुरु कर दी है। कोतवाली थाना प्रभारी सूरज प्रकाश ने रविवार को बताया कि कोलंबियाई नागरिक उलियाना उर्फ अंबिका दासी शनिवार को केशीघाट पर गाने की शूटिंग कर रही थीं कि इसी बीच अज्ञात चोर ने उनका मोबाइल फोन शूटिंग स्थल के सामान के निकट रखे बैग से चुरा लिया। उन्होंने बताया कि अभिनेत्री ने शॉट समाप्त होने के बाद फोन करने के लिए बैग में से मोबाइल फोन निकालना चाहा तो उसमें फोन नहीं था। इसके बाद उसने कोतवाली पहुंच तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। प्रकाश ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज एवं लोगों से पूछताछ कर मोबाइल फोन चुराने वाले का पता लगा रही है। मोबाइल के आईएमईआई नंबरों को सर्विलांस पर लगवा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि उलियाना वृन्दावन में रहकर कई दिनों से धारावाहिक और फिल्म की शूटिंग कर रहीं हैं। शनिवार को वह फिल्म से संबंधित एक गाने की शूटिंग कर रही थीं।

## हत्या के मामले में पत्नी और छोटा भाई गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** जिले में बिहार के सीतामढ़ी निवासी एक व्यक्ति की गला रेत कर हत्या के मामले में रविवार को उसकी पत्नी और छोटे भाई को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए दोनों लोगों ने यह कुबूल किया है कि अवैध संबंधों में बाधा बनने पर उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इराज राजा ने यहां बताया कि बिहार के सीतामढ़ी जिले का मूल निवासी 35 वर्षीय अयाज नामक व्यक्ति वर्ष 2005 से ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र स्थित कुशल पार्क कॉलोनी में अपनी पत्नी शाजरा और तीन बच्चों के साथ रहता था। पुलिस ने बताया कि पिछली 11I12 नवंबर की मध्य रात्रि को अयाज की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर अयाज की पत्नी शाजरा और भाई आमिर को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने पुलिस पूछताछ में यह स्वीकार किया कि उनके बीच नाजायज रिश्ते थे, जिसके बारे में अयाज को पता चल गया था, लिहाजा दोनों ने उसकी गला रेत कर हत्या कर दी। आमिर ने पुलिस को बताया कि वह हत्या करने के बाद पीछे की गली में कूद कर भाग गया था और वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू एक प्लॉट में गाड़ दिया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों को जेल भेज दिया है।

## लड़की की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में प्रेमी गिरफ्तार

**उन्नाव।** जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में 19 वर्षीय एक लड़की से बलात्कार और हत्या के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने रविवार को बताया कि पिछली 10 नवंबर को कोतवाली सदर क्षेत्र में एक युवती का शव उसके घर में मिला था। इस मामले में सुजीत और कुंवारा नामक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में इन दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने को गलत पाया गया और बाद में पुलिस तथा एसओजी ने युवती के व्हाट्सएप चैट और अन्य विवरण को खंगालने के बाद उसके प्रेमी राम बरन को गिरफ्तार किया है। मीणा ने बताया कि रामबरन से सख्ती से पूछताछ करने पर पता लगा कि वह और मारी गई युवती एक दूसरे को पहले से ही जानते थे। उसने वारदात वाले दिन लड़की को घर में अकेली पाकर उसके साथ बलात्कार किया था। इससे लड़की बेहोश हो गई थी और उसे तेजी से रक्तस्राव होने लगा था। इससे डरकर वह उसे उसी हालत में छोड़कर भाग गया था।

## ट्रेड फेयर

**फ्तेहपुर।** शहर के आईटीआई ग्राउंड में फ्तेहपुर ट्रेड फेयर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने फीता काटकर किया। संचालक विकास निगम ने बताया कि प्रदर्शनी एक महीने के लिए लगाई गई है। जिसमें छोटे-बड़े झूलों के साथ, खाना-पीन,ा कपड़,े खिलौने, कालीन, फर्नीचर एवं घरेलू सामान मिलेंगे।

## संसद में भाषण देगी शाहजहांपुर की छात्रा, लोस सचिवालय ने भेजा न्यौता

**भाषा।** शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर** जिले की रहने वाली स्नातक की छात्रा सोमवार को संसद भवन में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर भाषण देगी। यह छात्रा वहां उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली अकेली छात्रा होगी। शहर के जी एफ कॉलेज में स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा कल्याण कारिणी पांडे (20) शहर के ही महमंद जलाल नगर की रहने वाली है और उन्हें 14 नवंबर को दिल्ली स्थित देश के संसद भवन में भाषण देने का मौका मिला है। जी एफ कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मोहम्मद तारिक ने बताया कि उनके ही विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा कल्याण कारिणी पांडे का चयन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में गत सात नवंबर को आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता के माध्यम से हुआ है। उन्होंने बताया कि पांडे 14 नवंबर को लोकसभा सचिवालय के पार्लियामेंट्री रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट फॉर डेमोक्रेसीज द्वारा संसद भवन के सेंट्रल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए भूतपूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर भाषण देंगी। छात्रा को भेजे गए निमंत्रण में कहा गया है कि यह कार्यक्रम हमारे राष्ट्रीय नेताओं को उनके जन्मदिन पर संसद भवन में श्रद्धांजलि देने के काम में देश के युवाओं की सहभागिता के लिए आयोजित किया गया है इस सिलसिले के तीसरे कार्यक्रम के तहत 14 नवंबर को पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। तारिक ने बताया कि आयोजकों द्वारा जो सूची जारी की गई है उसके मुताबिक 10 प्रदेशों से एक-एक छात्राछात्रा को बुलाया गया है। उत्तर प्रदेश से कल्याण कारिणी पांडे को ही चुना गया है। स्नातक छात्रा पांडे ने बताया कि वह अपनी बात को लोकसभा अध्यक्ष तथा अतिथियों के सामने रखेगीं और वह अपने भाषण में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जीवन, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का जिक्र करेंगी। इसके अलावा उन्हें संसद भवन राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और राजघाट का भ्रमण भी कराया जाएगा। कल्याण कारिणी पांडे की मां नीता पांडे तथा पिता मनोज कुमार डॉक्टर हैं। उनकी एक बड़ी बहन तथा एक छोटा भाई है। वे दोनों पढ़ाई कर रहे हैं।

**5 गिरफ्तार लाखों की नकदी बरामदः** बरेली । पुलिस ने बीती रात एक मकान पर छापा मार कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया उसके पास से तलाशी के दौरान पुलिस में लाखों की नकदी व अन्य सामान बरामद किया। सुभाष नगर थाना क्षेत्र में सत्यदेव स्कूल वाली गली में रहने वाले अरुण उपाध्याय के मकान मे पुलिस ने जुआ खेल रहे कस्बा अलीगंज में थाने के सामने रहने वाले रोहित पुत्र देव सिंह, रवि पुत्र मुन्नालाल, अमरजीत सिंह पुत्र चरणजीत सिंह, सुमित कुमार दिनेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया

## सम्मान पाकर गदगद हो उठे बच्चे



### माधव राव सिंधिया पब्लिक स्कूल में हुआ वार्षिक पुरस्कार वितरण

**बरेली।** माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में 13 वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया . समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि ऋषि रंजन गोयल ज्वाइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज श्रीमती रंजन गोयल डिप्टी कमिश्नर फूड एंड सिविल सप्लाईज थे । कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि डॉ अनिल सक्सेना का विवेक शरण अग्रवाल ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने चतुर्भुज अग्रवाल स्क्रोल ऑफ ऑनर अति विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया कक्षा 12 के छात्र आदित्य तिवारी को 15हजार की धन राशि प्रदान की मुखर्जी ने कक्षा 12 की छात्रा रेवा कुलश्रेष्ठ को विशिष्ट एमडी अग्रवाल पुरस्कार के रूप में ?10000 की राशि भेंट की गई अरुणिमा जैन पुरस्कार के रुप में कक्षा 12 के छात्र वेदांत दुबे को ?5000 की धनराशि प्रदान की गई । इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं व विभिन्न आकर्षक समूह नृत्य की प्रस्तुति की गई जिसको दर्शकों द्वारा भरपूर सराहा गया । विशिष्ट अतिथि ने विद्यालय की क्रियाशीलता एवं कल्पनाशीलता की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में विशेष पुरस्कार प्रदान करने में माधवराव सिंधिया स्कूल का विशेष योगदान रहा है । इस वर्ष के श्री चतुर्भुज अग्रवाल नागरिक सम्मान समारोह के अंतर्गत डॉ अनिल सक्सेना को स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। विशेष सम्मान समारोह के रूप में विवेक शरण अग्रवाल को सम्मानित किया गया। डॉ अनिल सक्सेना विवेक शरण अग्रवाल ने विद्यालय के प्रबंध तंत्र की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा ही बच्चों का भविष्य संवारा जा रहा है । समारोह के अंत में विद्यालय की प्रबंध निदेशक का चंदन अग्रवाल ने अतिथि गणों को स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया व प्रधानाचार्य डॉ प्रियंका सरकार ने धन्यवाद दिया ।

## गुजरात में भाजपा और कांग्रेस के अलावा कोई और पार्टी फल फूल नहीं सकी : प्रह्लाद मोदी



**बाराबंकी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी ने रविवार को कहा कि गुजरात में कोई तीसरी पार्टी कभी फल-फूल नहीं सकी और अब प्रदेश में कांग्रेस के शून्य हो जाने की वजह से वहां सिर्फ भाजपा ही एकमात्र विकल्प रह गई है। हैदरगढ़ के सुबेहा स्थित सराय चंदेल गांव में स्थानीय भाजपा नेता सुमित सिंह के घर पहुंचे प्रह्लाद ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा "गुजरात में कांग्रेस अब शून्य हो चुकी है और भाजपा अपनी पूरी ताकत पर आ गई है। राज्य में दो ही पार्टी कांग्रेस और भाजपा चली है, वहां कोई तीसरी पार्टी कभी जगह नहीं बना पाई" माना जा रहा है कि उनका इशारा आम आदमी पार्टी की तरफ था, जो गुजरात में भाजपा को टक्कर देने के लिए जोर लगा रही है। मोदी ने कहा कि देश की जनता को उसकी पसंद का प्रधानमंत्री मिला है और यही वजह है कि जनता बार-बार कहती है, और वर्ष 2024 में भी केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री के भाई निजी कार्य से ग्राम सराय चंदेल पहुंचे, जहां भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। वह अपने मित्र और भाजपा नेता सुमित सिंह के घर गए थे। प्रह्लाद ने कहा कि उन्होंने सिंह से बहुत पहले उनके घर आने का वादा किया था जिसे पूरा करने के उद्देश्य से उनके आवास पर पहुंचे। उनका यहां आने के पीछे कोई दूसरा उद्देश्य नहीं है।

## सलामी के बाद गृह जनपद भेजा गया सिपाही का शव



**घाटमपुर**-बीते शनिवार को डंफर की टक्कर से सिपाही सिपाही संजीव कुमार की मौत के बाद आज पुलिस लाइन में ससम्मान सलीमी दी गयी इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कानपुर आउटर व अन्य अधिकारी मौजूद थे बाद में आरक्षी संजीव कुमार के शव को उसके गृह जनपद झांसी भेज दिया गया, शव के साथ उसकी पत्नी सीमा और परिजन भी गये। बताया जाता है कि सिपाही संजीव कुमार ( 32 ) जनपद के थाना सजेती में तैनात था और घाटमपुर के मुहल्ला जवाहर नगर पूर्वी में किराये के मकान में सपत्नी रहता था, शनिवार दोपहर बाद अपने साले जीतेन्द्र के साथ स्कूटी से लौट रहा था कि जैसे ही मुगल रोड पर गजनेर तिराहे पंहुचा की तभी पीछे से आ रहे डंफर से टक्कर लग गयी जिससे सिपाही सजीव कुमार स्कूटी सहित सड़क में जा गिरा, हादसे के बाद दुकानदारों ने इलाज के लिये उसे सीएचसी पंहुचाया जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

## दुआएं मांग रहे थे मरने की जो, रो रहे हैं जनाजे पर हिचकियां लेकर

**फर्रुखाबाद।** मो. श्याम नगर स्थित गजलकार नलिन श्रीवास्तव के आवास पर पुस्तक गुनगुनी धूप का विमोचन एवं काव्य समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कायमगंज से आये वरिष्ठ कवि प्रोफेसर राम बाबू मिश्र ने की। उन्होंने कहा कि प्रेम सादर चौहान ने संग्रह में एक सैनिक से हुए प्रेम होता है ऐसा दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रेम सागर चौहान ने गुनगुनी धूप संग्रह में कहीं से भी चोरी की कविता का प्रयोग नहीं किया है यह बिल्कुल विशुद्ध है और पठनीय है । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डीएन कालेज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष एसमीक्षक डॉक्टर राजकुमार सिंह ने ग़ज़ल के इतिहास के बारे में बताया कि प्रेम सागर सिंह चौहान ने अपनी रचनाओं में सामाजिक विसंगतियों के विरुद्ध कलम चलाई है। उनके नए काव्य संग्रह के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं । संचालन गजलकार नलिन श्रीवास्तव ने किया।कवि गोष्ठी में मां वागेशवरी की वंदना के प्रीति पवन तिवारी ने रचना पढ़ी,पिता यदि राम जैसे है,तो मां सीता के जैसी है,पिता सागर की गहराई तो मां सीता के जैसी है। डा .राम आसरे दीक्षित निराला राही ने मुक्तक पढ़ा अपने घर में अपनेपन का टोटा हो गया। इतनी उठी दिवारे आंगन छोटा हो गया। गजलकार नलिन श्रीवास्तव ने गजल पढ़ी चमन से कौन चला है खामोशियां लेकर, कली कली सिसक उठी है सिसकियां लेकर,दुआए मांग रहे थे जो मेरे मरने की,वो रो रहे है जनाजे पर हिचकियां लेकर। उपकार मणि उपकार ने रचना पढ़ी,कहलाना चाहा तो बादल बना दिया तूने, हसाना चाहा तो पागल बना दिया तूने। गीता भारद्वाज ने पढ़ा जब से आम का पेड़ लगाया आंगन में पत्थर आए है जो लगने थे सिर के ऊपर वो मेरे सिर पर आए है। महेश पाल सिंह उपकारी ने रचना पढ़ी बुढ़ापे में भी जो कवि मशखरी अश्लीलता वाचे तो ऐसे कवि की यो वाटफ्फरिया अच्छी नहीं लगती। इसके अलावा कौशलेंद्र यादव बेबाक, ब्रजकिशोर सिंह किशोर , निमिष टण्डन,प्रो रामबाबू मिश्ररत्नेश,प्रेमसागर चौहान, डा राजीव गुप्ता ने भी काव्य पाठ किया। इस मौके पर अशोक मिश्र,जवाहर सिंह गंगवार,भूपेंद्र प्रताप सिंह,अरविंद दीक्षित ,वीरेंद्र सिंह यादव,शिवराम दीक्षित,सोमपाल सिंह,धीरज यादव आदि कई श्रोता मौजूद रहे।

## शिक्षा, कशीदाकारी में नया जीवन तलाश रहे शाहजहांपुर जेल के कैदी

**भाषा।** शाहजहांपुर

**यहां** जिला जेल में बंद हत्याकांड के दोषी तीस वर्षीय मनोज ने अपनी 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 84 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं और वह 12वीं कक्षा में अंक प्रतिशत को बेहतर करने की तैयारी कर रहा है।

एक निचली अदालत ने 2014 में छह साल के बच्चे की हत्या के लिए उसे मौत की सजा सुनाई थी। जेल के गंभीर परिदृश्य में शिक्षा ने उसे सामान्य स्थिति का आभास दिया है। जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने कहा कि पढ़ाई से मनोज को इस बात की एक हल्की उम्मीद भी है कि उच्च न्यायालय उसकी अच्छी पढ़ाई को देखते हुए उसे सजा में रियायत दे दे। लाल ने कहा, "वह अपने नाम के साथ जुड़े हत्यारे शब्द से परेशान है और पढ़ाई के माध्यम से इसे मिटा कर अपनी एक नई पहचान बनाना चाहता है" जेल में 58 महिलाओं सहित 1500 कैदियों में से 250 से अधिक नियमित रूप से अध्ययन करते हैं। यहां की जिला जेल में सैकड़ों की तादाद में कैदी पढ़ाई करके साक्षर हो रहे हैं। जेल के छह कैदी इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के माध्यम से डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में भाग ले रहे हैं ताकि समाज की मुख्यधारा में लौटने के बाद वे आजीविका कमा सकें।इसके अलावा जेल में कई कैदी सजा पूरी करने के साथ जेल में व्यवसायिक कार्य करके आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं। जेल



अधीक्षक ने बताया कि शाहजहांपुर जेल में बंदी सिलाई, कढ़ाई, जरी जरदोजी का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस जेल में ऐसे 100 बंदी है जो अब लिखना पढ़ना सीख गए हैं जबकि 100 बंदी कक्षा 5 से लेकर कक्षा 10 तक की पढ़ाई कर रहे हैं। लाल ने बताया कि जेल में प्रतिदिन सुबह नौ बजे से 11 बजे तक कक्षाएं लगती हैं जिसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग से एक महिला तथा एक पुरुष अध्यापक को तैनात किया गया है। आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी कामराज आर्य, इंटर तक के बंदियों को पढ़ाते हैं। वह स्वयं एमएससी बीएड हैं। उन्होंने बताया कि जेल में बंदियों को नियमित योग कराया जाता है और उनकी छोटी मोटी बीमारियों जैसे सर्दी जुकाम, बुखार आदि के लिए औषधीय पौधे लगाए गए हैं जिनका बंदी उपयोग करते हैं। जेल अधीक्षक ने बताया कि एक जिला, एक उत्पाद योजना के तहत उन्होंने जेल में महिला बंदियों के लिए जरी जरदोजी के काम का प्रशिक्षण शुरू कराया है। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद महिलाएं लहंगा, साड़ी, दुपट्टा पर जरी का काम करेंगी और इसकी बिक्री से होने वाली आय से 10 प्रतिशत काटकर पूरा पैसा महिला बंदियों को ही मिलेगा। जेल में ही निरुद्ध महिला कैदी कोमल ने बताया कि उन्हें हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई है और उनके पति बरेली की जेल में निरुद्ध हैं। वह जेल में रहकर सिलाई करके 1200 रुपया महीना कमा रही है जिनके कूपन ले लेती हैं और उन्हें कैंटीन से आवश्यक वस्तुएं लेने में खर्च करती हैं।

# आप हार का बोझ नहीं उठा सकते : स्टोक्स

## ● आयरलैंड से हार के बाद इंग्लैंड की वापसी पर दी प्रतिक्रिया

भाषा। मेलबर्न

**इंग्लैंड के** ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में मैच विजेता 52 रन की पारी खेलने के बाद कहा कि ग्रुप चरण में आयरलैंड के हाथों हार से टीम आहत हुई लेकिन खिलाड़ियों ने जल्द ही अपना ध्यान अन्य मैचों पर लगा दिया और इस तरह से वापसी करने में सफल रहे।स्टोक्स ने फिर से खुद को बड़े मैचों का खिलाड़ी साबित किया और दबाव की परिस्थितियों में शानदार अर्धशतक जमाया। उन्होंने टीम के यादगार अभियान पर बात की। इंग्लैंड की 2019 वनडे विश्व कप में भी जीत के नायक रहे स्टोक्स ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट से जीत के बाद कहा, वह हार (आयरलैंड के खिलाफ) हमें टूर्नामेंट के शुरू में ही मिल गई थी। हमें निश्चित तौर पर इससे उबर कर आगे बढ़ना था। आप इस तरह के टूर्नामेंट में हार का बोझ आगे नहीं ले जा सकते। वह हमारी थोड़ी सी चूक थी और आयरलैंड को श्रेय जाता है जिसने हमें हराया लेकिन सर्वश्रेष्ठ टीम अपनी गलतियों से सबक लेती है और उनसे प्रभावित नहीं होती है। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर को इस साल के शुरू में सीमित ओवरों की टीम की कमान सौंपी गई थी। उन्होंने अपनी टीम की प्रशंसा की जिसने सीमित ओवरों की क्रिकेट में मानदंड स्थापित किए। अब टी20 विश्व कप में जीत से यहां हर किसी को गर्व है। यह लंबी यात्रा रही जिसने कुछ बदलाव भी किए गए। हमने पिछले कुछ वर्षों में जैसा खेल दिखाया उसका हमें फायदा मिला। यह शानदार टूर्नामेंट रहा। हमने यहां आने से पहले पाकिस्तान का दौरा किया था जो कि टीम के लिए अच्छा रहा। आयरलैंड मैच के बाद हमारे खिलाड़ियों ने करो या मरो वाले मैचों में अपना जबरदस्त जज्बा दिखाया। सैम करन को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। बटलर ने उनके अलावा लेग स्पिनर आदिल राशिद की भी प्रशंसा की। आदिल का वह शानदार ओवर था जिसने मैच का रूख पलटा। उसने पिछले तीन मैचों में बेहतरीन गेंदबाजी की। उसका प्रदर्शन शानदार रहा। इसके बाद बेन स्टोक्स ने आखिर तक क्रीज संभाले रखी। वह वास्तविक प्रतिस्पर्धी है और उसे अच्छा अनुभव भी है। वह और मोईन अली मैच को पाकिस्तान की जद से बाहर ले गए। पाकिस्तान के लिए यह टूर्नामेंट उतार-चढ़ाव वाला रहा। एक समय वह ग्रुप चरण से ही बाहर होने की स्थिति में था लेकिन नीदरलैंड की दक्षिण अफ्रीका पर अप्रत्याशित जीत से सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहा। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहां, इंग्लैंड को बधाई। उन्होंने अच्छी चुनौती पेश की और वह चैंपियन बनने के हकदार थे। हमें यहां प्रत्एक मैच स्थल पर घर जैसा माहौल लगा। प्रत्एक मैच स्थल पर हमें भरपूर समर्थन मिला। हमने पहले दो मैच गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद सेमीफाइनल में पहुंचना शानदार रहा। उन्होंने अपने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा, मैंने अपने खिलाड़ियों से अपना नैसर्गिक खेल खेलने को कहा लेकिन हमने 20 रन कम बनाए थे। हमारे गेंदबाजों ने अच्छा मुकाबला किया। हमारी गेंदबाजी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक है। दुर्भाग्य से शाहीन शाह अफरीदी की चोट हमें भारी पड़ी लेकिन यह खेल का हिस्सा है।



### सैम करन बने टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**मेलबर्न।** पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सैम करन को टी20 विश्वकप 2022 का टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।
चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले करन को फाइनल में मैन ऑफ द मैच भी चुना गया। उन्होंने चार ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए। करन ने टूर्नामेंट में 13 विकेट लिए और उनका इकोनामी रेट 6.52 रन प्रति ओवर रहा। करन ने मैच के बाद कहा, एमसीजी में बड़ी स्क्वायर बाउंड्री है और मैं जानता था कि उन्हें विकेट के स्क्वायर क्षेत्र में शॉट मारने के लिए कैसी गेंदबाजी करनी है। हमें लगा कि विकेट उतना अच्छा नहीं था जितना हमने सोचा था। हम विश्व चैंपियन हैं और यह बहुत अच्छा अहसास है। बेन स्टोक्स ने बेहतरीन पारी खेली। टीम को जब उनकी जरूरत होती है तब सभी की निगाहें उन पर रहती हैं। ईमानदारी से कहूं तो मेरे पास कहने के लिए शब्द नही है। यह शानदार टूर्नामेंट रहा। मैं पहली बार विश्वकप में खेल रहा था और हमने इसे जीता।

### स्कोरबोर्ड

**पाकिस्तान पारी:** रिजवान बो करन 15, आजम का एवं बो राशिद 32, हारिस का स्टोक्स बो राशिद 08, मसूद का लिविगस्टन बो करन 38, अहमद का बटलर बो स्टोक्स 00, शादाब का वोक्स बो जॉर्डन 20, नवाज का लिविगस्टोन बो करन 05, वसीम का लिविगस्टोन बो जॉर्डन 04, अफरीदी नाबाद 05, रउफ नाबाद 01, अतिरिक्त: (बाई:01, लेग बाई: 01, नोबॉल 01, वाइड: 06) 09, कुल योग: (20 ओवर मे आठ विकेट पर) 137 रन, विकेट पतन: 1-29, 2-45, 3-84, 4-85, 5-121, 6-123, 7-129, 8-131, गेंदबाजी: स्टोक्स 4-0-32-1, वोक्स 3-0-26-0, करन 4-0-12-3, राशिद 4-0-22-2, जॉर्डन 4-0-27-2 लिविगस्टन 1-0-16-0

**इंग्लैंड पारी:** बटलर का रिजवान बो रउफ 26, हेल्स बो शाहीन 01, सॉल्ट का इफ्तिखार बो रउफ 10, स्टोक्स नाबाद 52, ब्रूक का शाहीन बो शादाब 20, अली बो वसीम 19, लिविगस्टन नाबाद 01, अतिरिक्त: (लेग बाई: 01, वाइड: 08) 09, कुल योग: (19 ओवर मे पांच विकेट पर) 138 रन, विकेट पतन: 1-7, 2-32, 3-45, 4-84, 5-132, गेंदबाजी: शाहीन 2.1-0-13-1, नसीम 4-0-30-0, रउफ 4-0-23-2, शादाब 4-0-20-1, वसीम 4-0-38-1, इफ्तिखार 0.5-0-13-0

## मैक्सवेल के पैर में फ्रेक्चर, भारत दौरे पर खेलना संदिग्ध

भाषा। मेलबर्न



**आस्ट्रेलियाई** आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल यहां जन्मदिन की पार्टी के दौरान एक दुर्घटना में अपने पैर में फ्रेक्चर करा बैठे जिससे उनके अगले साल भारत दौरे पर जाने पर संदेह के बादल छा गए हैं। मैक्सवेल (34 साल) अपने मित्र के 50वें जन्मदिन के जश्न के मौके पर अपने बाएं पैर की फिबुला में फ्रेक्चर करा बैठे और रविवार को इसकी सर्जरी कराई गई। यह घटना शनिवार की है जिसमें मैक्सवेल और उनका दोस्त घर के पिछले हिस्से में दौड़ रहे थे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों फिसलकर गिर गए जिसमें मैक्सवेल की टांग उनके दोस्त के नीचे आ गई। दोनों में से कोई भी नशे की हालत में नहीं थे और दूसरे व्यक्ति को चोट नहीं लगी है। आस्ट्रेलिया को अगले साल फरवरी से मार्च तक भारत दौरे के दौरान चार टेस्ट और तीन वनडे खेलने हैं। अब देखना होगा कि वह इन मैचों के लिए समय पर उबर पाएंगे या नहीं। इस आल राउंडर को लंबी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा जिससे वह महीनों तक खेल से दूर रहेंगे।

## स्टोक्स इंग्लैंड क्रिकेट की सबसे बड़े लम्हों में योगदान देते है: बटलर



**मेलबर्न।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टीम की टी20 विश्व कप जीत के बाद रविवार को कहा कि बेन स्टोक्स निश्चित रूप से इंग्लैंड के सबसे महान क्रिकेटर बनने की ओर अग्रसर हैं क्योंकि वह टीम के सबसे बड़े क्षणों में बहुमूल्य योगदान देते हैं। हरफनमौला स्टोक्स ने 2019 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 84 रनों की पारी खेलकर टीम को विश्व चैम्पियन बनाया था। उन्होंने रविवार को अपनी पारी की शुरुआत में पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष किया, लेकिन आखिर तक क्रीज पर डटे रहे और नाबाद 52 रनों की पारी खेल कर इंग्लैंड को दूसरी बार टी-20 विश्व कप खिताब जीतने में मदद की। मैच के बाद बटलर से जब पूछा गया कि क्या स्टोक्स इंग्लैंड के अब तक के सबसे महान क्रिकेटर बनने की राह पर हैं?, तो उन्होंने कहा, हां, वह निश्चित रूप से इस पर जब भी चर्चा होगी, उनका नाम भी आएगा। बटलर ने कहा, वह (स्टोक्स) हमेशा सबसे बड़े क्षणों में टीम के साथ खड़े होते है।

### रियल कश्मीर एफसी ने नेरोका को हराया

**इंफाल।** रियल कश्मीर एफसी ने रविवार को यहां मेजबान नेरोका एफसी को 1-0 से हराकर आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। रियल कश्मीर की तरफ से इसहाक नुहू ने 53वें मिनट में बेहतरीन गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

### नैपोली ने उडिनेसे को 3–2 से दी मात

**मिलान।** नैपोली ने सीरी ए फुटबॉल लीग में शनिवार को उडीनेसे फुटबॉल क्लब पर 3-2 की जीत दर्ज की जिससे टीम ने तालिका में शीर्ष पर 11 अंक की बढ़त हासिल कर ली। नैपोली के लिए विक्टर ओसिमहेन, पिओट्र जिलिंस्की और एलजिफ एलमास ने गोल दागे जिससे क्लब ने लगातार 11वीं जीत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त का अंतर दोहरे अंक का कर लिया।

### आर्सेनल की मैनचेस्टर पर पांच अंक की बढ़त

**लंदन।** इंग्लिश प्रीमियर लीग में विश्व कप के लिए ब्रेक होगा जिससे पहले आर्सेनल फुटबॉल क्लब ने मैनचेस्टर सिटी पर पांच अंक की बढ़त बना ली है। आर्सेनल के 37 अंक है। वही न्यूकासल की टीम 30 अंक से तीसरे स्थान पर बनी हुई है। विश्व कप के लिए छह हफ्ते के ब्रेक से पहले आर्सेनल ने वाल्वरहैम्पटन पर 2-0 से जीत दर्ज की। वही मैनचेस्टर सिटी को ब्रेंटफोर्ड से 1-2 से हार का मुंह देखना पड़ा।

### यू मुंबा ने पटना पाइरेट्स को 36–23 से हराया

**पुणे।** गुमान सिंह के शानदार प्रदर्शन से यू मुंबा ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में रविवार को यहां पटना पाइरेट्स को 36-23 से हराया। स्टार रेडर गुमान ने मैच में 13 अंक बनाए जबकि आशीष ने छह अंकों का योगदान दिया। पटना के रक्षकों ने शुरू में गुमान पर अंकुश लगाए रखा लेकिन वह लंबे समय तक उन्हें अंक जुटाने से नही रोक पाए। गुमान ने खेल के 17वें मिनट में दो अंक जुटाकर यू मुंबा को 13- 8 से बढ़त दिलाई।

### टेंडर हार्ट्स फुटबॉल लीग 17 नवंबर से

**लखनऊ।** 13 नवंबर 2022। टेंडर हार्ट्स फुटबॉल लीग का आयोजन आगामी 17 से 19 नवंबरए 2022 तक टेंडर हार्ट्स स्कूल कुर्सी रोड के परिसर में होगा। लखनऊ जिला फुटबॉल संघ के सहयोग से होने वाली इस लीग में लखनऊ के विभिन्न स्कूलों की अंडर.14 और अंडर.19 आयु वर्ग की 12.12 टीमें प्रतिभाग करेंगी। लीग का उद्घाटन मैच 17 नवंबर 2022 को सुबह 9.30 बजे खेला जाएगा जबकि लीग कम नॉक आउट आधार पर होने वाली इस लीग का फाइनल मैच 19 नवंबर 2022 को होगा।

### ब्लास्टर्स की गोवा पर 2016 के बाद पहली जीत

**कोच्चि।** केरल ब्लास्टर्स ने रविवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में एफसी गोवा को 3-1 से हराया जो उसकी अपने इस प्रतिद्वंदी के खिलाफ 2016 के बाद पहली जीत है। ब्लास्टर्स के लिए उसके विदेशी खिलाड़ियों एंड्रियन लुना (42वें), दिमित्रियोस डायमांटाकोस (45.1वें) और इवान कालिउजनी (52वें मिनट में) ने गोल दागे। इससे ब्लास्टर्स ने एफसी गोवा के खिलाफ 10 मैचों के बाद पहली जीत हासिल की।

## विवरांत के हरफनमौला खेल से जम्मू ने बड़ौदा को हराया, पंजाब व ओडिशा भी जीते

भाषा। मुंबई

**जम्मू कश्मीर** ने युवा विवरांत शर्मा के हरफनमौला खेल के दम पर रविवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी के बारिश से प्रभावित ग्रुप डी मैच में बड़ौदा को 94 रन से शिकस्त दी। जम्मू कश्मीर ने यहां के बांद्रा कुर्ला परिसर में छह विकेट पर 282 रन बनाने के बाद बड़ौदा को 43.2 ओवर में 188 रन पर आउट कर दिया। विवरांत ने पारी का आगाज करते हुए 87 गेंदों में 64 बनाने के बाद अपनी वामहस्त स्पिन से चार विकेट चटकाए। गीले आउटफील्ड के कारण इस मैच को 49-49 ओवर का कर दिया गया था। विवरांत ने अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया तो वही अब्दुल समद और फजल राशिद ने आक्रामक अर्धशतक लगाए। समद ने 52 गेंद में 64 और राशिद ने 52 गेंद में 55 रन बनाए।

### जगदीशन का शतक, तमिलनाडु की आंध्र पर आसान जीत

**बेंगलुरू।** विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन की 112 गेंदों पर 114 रन की पारी की मदद से तमिलनाडु ने विजय हजारे एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप सी के मैच में रविवार को यहां आंध्र को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। तमिलनाडु ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और फिर आंध्र को 205 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद जगदीशन ने 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से शतकीय पारी खेली। उनके अलावा बी सुदर्शन ने 73 रन बनाए जिससे तमिलनाडु ने 32.1 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर दिया। आंध्र एक समय एक विकेट पर 143 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज अभिषेक रेडी ने 85 और कप्तान भरत ने 51 रन बनाए। तमिलनाडु के लिए सिलाबरासन ने तीन जबकि साईं और संजय ने दो-दो विकेट लिए। इसके अलावा इस ग्रुप में केरल, हरियाणा और गोवा ने भी जीत दर्ज की। केरल ने अरुणाचल प्रदेश को नौ विकेट से, हरियाणा ने छत्तीसगढ़ को वीजेडी विधि से 35 रन से जबकि गोवा ने बिहार को 88 रन से हराया।

विजय हजारे ट्राफी

## धवन, ढुल, हिम्मत की पारियों से दिल्ली ने मेघालय को हराया

भाषा। कोलकाता

**अनुभवी शिखर** धवन, हिम्मत सिंह और युवा यश ढुल की अर्धशतकीय पारियों से दिल्ली ने विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय मैच में मेघालय को आठ विकेट से हराकर ग्रुप बी में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दिल्ली के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान, शिवांग वशिष्ठ और नीतीश राणा ने दो-दो विकेट लेकर मेघालय को 50 ओवर में सात विकेट पर 216 रन पर रोक दिया। मेघालय के लिए पुनीत बिष्ठ ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए। उन्होंने 80 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े। दिल्ली ने महज 32.2 ओवर में दो विकेट गंवाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। धवन ने 42 गेंद की पारी में 52 रन बनाए जबकि हिम्मत ने 88 गेंद में 85 रन का योगदान दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी की। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए ढुल ने 64 गेंद में 71 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड दौरे पर रवाना होने से पहले धवन को यहां बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास मिला। वह एकदिवसीय श्रृंखला में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। ग्रुप बी के अन्य मैचों में कर्नाटक ने विदर्भ को 66 रन जबकि राजस्थान ने सिक्किम को सात विकेट से हराया। झारखंड ने असम को आठ विकेट से मात दी।



### समर्थ व्यास के दोहरे शतक से सौराष्ट्र ने मणिपुर को 282 रन से हराया

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र ने सलामी बल्लेबाज समर्थ व्यास के शानदार दोहरा शतक और धर्मेंद्र सिंह जडेजा (10 रन देकर सात विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की मदद से रविवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मणिपुर को 282 रन से करारी शिकस्त दी। ग्रुप-ए के इस मैच में मणिपुर में टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया लेकिन सौराष्ट्र के बल्लेबाजों के सामने उसके गेंदबाजों की एक नहीं चली। व्यास ने 131 दिन हो पर 200 रन बनाए जबकि हार्विक देसाई ने 107 गेंदों पर 100 रन की पारी खेली जिससे सौराष्ट्र ने चार विकेट पर 397 रन का विशाल स्कोर बनाया। यह विजय हजारे ट्रॉफी में नया रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड गुजरात के नाम पर था जिसने पिछले सत्र में छह विकेट पर 363 रन बनाए थे। विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए मणिपुर की टीम धर्मेंद्र सिंह जडेजा की शानदार गेंदबाजी के सामने 115 रन पर ढेर हो गई। व्यास ने अपनी पारी में नौ छक्के और 20 चौके लगाए जबकि देसाई की पारी दो छक्के और नौ चौके शामिल हैं। भारतीय टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने 40 गेंदों पर 44 रन की पारी खेली। ग्रुप ए के अन्य मैचों में उत्तर प्रदेश में हिमाचल प्रदेश को पांच विकेट से जबकि त्रिपुरा ने हैदराबाद को सात विकेट से हराया।

### रोहिल्ला, चौहान की शतकीय पारियों से सेना ने मुंबई को आठ विकेट से हराया

**रांची।** सलामी बल्लेबाज शुभम रोहिल्ला और रवि चौहान की शतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 231 रन की साझेदारी की मदद से सेना ने रविवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप ई मैच में मजबूत मुंबई को आठ विकेट से हराया। सेना ने जीत के लिए मिले 265 रन के लक्ष्य को 45.3 ओवर में हासिल कर लिया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी का निमंत्रण मिलने के बाद युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की 122 गेंद में 13 चौके की मदद से खेली गई 104 रन की पारी के दम पर नौ विकेट पर 264 रन बनाए। टीम के लिए शम्स मुलानी ने 58 गेंद में 48 और कप्तान अजिंक्य रहाणे 67 गेंद में 43 रन का योगदान दिया। मुंबई ने शुरुआती सात ओवर में पृथ्वी साव (पांच) और हार्दिक तामोरे (एक रन) के विकेट गंवा दिए। जायसवाल ने इसके बाद कप्तान रहाणे के साथ तीसरे विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की। उन्होंने मुलानी के साथ छठे विकेट लिए 47 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला। आखिरी ओवरों में तनुष कोटियान की 16 गेंद में 26 रन की आक्रमक पारी से टीम का स्कोर 264 रन तक पहुंच सका। लक्ष्य का पीछा करते हुए बाएं हाथ के बल्लेबाज रोहिल्ला और दाएं हाथ के बल्लेबाज चौहान ने सेना को स्वप्निल शुरुआत दिलाई। रोहिल्ला इस दौरान ज्यादा आक्रामक रहे जिन्होने 119 गेंद की पारी में चार छक्के और 15 चौके जड़े। चौहान ने 120 गेंद की पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया। इस साझेदारी को अमन खान ने चौहान को आउट कर तोड़ा जबकि रोस्टन डायस ने रोहिल्ला की पारी का अंत किया। इन दोनों के आउट होने के बाद राहुल सिंह गहलोत (नाबाद 19) और अमित पछारा (नाबाद पांच रन) ने लक्ष्य हासिल कर जीत की औपचारिक्ता पूरी की। ग्रुप के अन्य मैचों में बंगाल ने मिजोरम को नौ विकेट जबकि रेलवे ने पुडुचेरी को तीन विकेट से हराया। बंगाल ने मिजोरम की पारी को 57 रन पर समेटने के बाद महज 6.2 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पुडुचेरी ने पारस डोगरा की 102 रन के दम पर नौ विकेट विकेट पर 289 रन बनाए लेकिन सलामी बल्लेबाजी शिवम चौधरी की 115 रन की पारी के दम पर रेलवे ने आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

### वॉलीबॉल खिलाड़ी बहनों और उनके पिता को प्रतिभा दिखाने की तलाश

**जयपुर।** राजस्थान के चुरू जिले के एक गांव की पांच बहनें अपने पिता के सपने को साकार करने और देश का नाम रोशन करने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबॉल खेलने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही हैं। जिगसाना ताल गांव की लड़कियों ने हाल में आयोजित राज्य स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक में तीसरा स्थान हासिल कर सुर्खियां बटोरीं। पांच बहनों में सबसे छोटी नितिका ने टीम की कप्तानी की जबकि प्रियंका सेटर के रूप में खेलीं और अर्बीना और आइना हमलावर (अटैकर) के रूप में खेलीं।

## भारत के निशानेबाजों ने चार स्वर्ण जीते



### ● एशियाई एयरगन चैंपियनशिप

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** निशानेबाजों ने कोरिया के डेगू में चल रही 15वीं एशियाई एयरगन चैंपियनशिप में रविवार को सभी चार टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम किया। भारत इस प्रतियोगिता में अब तक 10 स्वर्ण पदक जीत चुका है। अर्जुन बाबुता, किरण अंकुश जाधव और रुद्रांक बालासाहेब पाटिल की तिकड़ी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में कजाकिस्तान को 17-11 से हराकर स्वर्ण पदक के साथ दिन की शुरुआत की। महिला निशानेबाजों ने इसके बाद अपने पुरुष समकक्षों का अनुसरण किया। मेहुली घोष, एलावेनिल वलारिवन और मेघना सज्जनर ने अपने टीम स्पर्धा के खिताबी मुकाबले में मेजबान कोरिया को 16-10 से हराया। जूनियर पुरुष टीम को पीछे नहीं रही। दिव्यांश सिंह पंवार, श्रीकार्तिक सबरी राज रविशंकर और विदित जैन ने खिताबी मुकाबले में मेजबान कोरिया को 16-10 के अंतर से हराया। तिलोत्तमा सेन, रमिता और नैन्सी की भारतीय जूनियर महिला टीम ने दक्षिण कोरिया 16-2 से हराकर इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में एक और स्वर्ण जीता।

### गुजरात से केकेआर को ट्रेड किए गए लॉकी फर्ग्यूसन और रहमानुल्लाह गुरबाज

भाषा। नई दिल्ली

**गत चैम्पियन** गुजरात टाइटन्स ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन और अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को केकेआर को ट्रेड (खिलाड़ियों का आदान प्रदान) किया। टाइटन्स ने फर्ग्यूसन को इस साल के शुरू में हुई आईपीएल की नीलामी में 10 करोड़ रूपए में खरीदा था। न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी ने टीम के लिए 13 मैच खेले और 12 विकेट हासिल किए।

## लखनऊ सर्वाधिक 23 स्वर्ण के साथ बना कराटे का ओवरऑल चैंपियन



**लखनऊ।** मेजबान लखनऊ के खिलाड़ियों ने यूपी स्टेट सब जूनियर कराटे चैंपियनशिप.2022 में दमदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 23 स्वर्ण पदक अपने नाम करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्राफी अपने नाम कर ली। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुद्देशीय हाल में संपन्न चैंपियनशिप में मेजबान ने कुल 23 स्वर्ण व 14 रजत पदक जीते। चैंपियनशिप में वाराणसी की टीम कुल 20 स्वर्ण व 11 रजत पदक के साथ उपविजेता रही। गौतमबुद्धनगर की टीम को 15 स्वर्ण व 10 रजत पदक के साथ तीसरा स्थान मिला। चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पंकज गांधी एडिशनल कमिश्नर जीएसटी व अतिविशिष्ट अतिथि जे एस भाटिया द्रोणाचार्य अवार्डी, दिग्गज एथलेटिक्स कोच व विशिष्ट अतिथि अनूप डेडे जज वर्ल्ड कराटे फेडरेशनद्ध ने पुरस्कार वितरित किए। अध्यक्ष टीपी हवेलिया व महासचिव जसपाल सिंह ने प्रतिभागी टीमों में शामिल खिलाड़ियों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### तान्या, मानसी का जूनियर एथलेटिक्स में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** उत्तर प्रदेश की तान्या चौधरी और उत्तराखंड की मानसी नेगी ने रविवार को यहां 37वी एएफआई (भारतीय एथलेटिक्स महासंघ) राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः महिलाओं की तार-गोला फेंक थ्रो और 10000 मीटर पैदल चाल में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया। आयोजन के शुरुआती दो दिनो में कम आयु वर्ग के एथलीटों ने कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े। तान्या इस साल की शुरुआत में नडियाड में बनाए गए 57.04 मीटर के अपने अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड मे सुधार करते हुए तार-गोले को 58.30 मीटर दूर फेंकने में सफल रही। तान्या ने अपने पहले प्रयास में 2019 में मंगलागिरी में अनीशा दहिया द्वारा निर्धारित 50.74 मीटर के मीट रिकॉर्ड को को तोड़ा। इसके बाद उन्होंने पहली बार 58 मीटर से अधिक का थ्रो किया।

### खेलो इंडिया तैराकी में भव्या को चार स्वर्ण



**लखनऊ।** दिल्ली की भव्य सचदेवा ने 4 स्वर्ण पदक जीत खेलों इंडिया तैराकी में अपना दबदबा बनाया। चैंपियनशिप का समापन हो गया। इसके मुख्य अतिथि राजा जय प्रताप सिंह यूपी सरकार के पूर्व मंत्री रहे। दिल्ली की भव्य सचदेवा ने 4 स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियनशिप में किसी भी व्यक्ति द्वारा सबसे ज्यादा पदक जीतने का रिकॉर्ड बनया। यूपी की मंजरी जायसवाल को मिले 2 गोल्ड और 2 सिल्वर मेडल, यूपी की जिया यादव को 2 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल मिला। इस अवसर पर संजय सारस्वत निदेशक, साई बलराज शर्मा जोनल को.ऑर्डिनेटर सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मौजूद रहे।

## अफगानिस्तान सरकार सैद्धांतिक रूप से महिला क्रिकेट बहाल करने पर सहमत : आईसीसी

भाषा। दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को कहा कि अफगानिस्तान सरकार विश्व संस्था के संविधान का समर्थन करती है और उसने देश में महिला क्रिकेट की बहाली के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमति दे दी है। अफगानिस्तान क्रिकेट में विशेषकर महिलाओं के क्रिकेट में पिछले साल अनिश्चितता के बादल छा गए थे जब तालिबान के देश पर कब्जा करने के बाद राजनीतिक परिदृश्य में भारी बदलाव हुए। ऐसी भी खबरें थीं कि अफगानिस्तान की महिलाओं (जिसमें महिला क्रिकेट टीम भी शामिल है।) को तालिबान प्रशासन के अंतर्गत खेलने पर प्रतिबंधित कर दिया गया था। आईसीसी ने तब देश में क्रिकेट की स्थिति की समीक्षा के लिए एक कार्यकारी दल का गठन किया था। बोर्ड को अफगानिस्तान के कार्यकारी दल से अपडेट मिल गया है जिसमें अफगानिस्तान सरकार के प्रतिनिधियों और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से दोहा में हुई हालिया एक मुलाकात की विस्तृत जानकारी शामिल है। द्वनकी प्रतिबद्धता पूरी तरह से आईसीसी के संविधान का सम्मान करने और इसका अनुकरण करने की है जिसमें विशेष रूप से विविधता और समावेशिता शामिल है।

## सिंधू विश्व टूर के फाइनल्स से हटी

भाषा। नई दिल्ली



**ओलंपिक में** दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू सत्र की अंतिम बैडमिंटन प्रतियोगिता बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स से हट गई हैं क्योंकि वह बाएं टखने की चोट से अभी पूरी तरह नहीं उभरी हैं। इस प्रतियोगिता में 2018 की चैंपियन सिंधू अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान चोटिल हो गई थी। बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स चीन के ग्वांगझू में 14 दिसंबर से खेला जाएगा। सिंधू के पिता पी वी रमन्ना ने पीटीआई से कहा, उसके डॉक्टर ने उसे कुछ और दिन तक आराम करने के लिए कहा है ताकि वह नए सत्र से पहले पूरी तरह फिट हो जाए। उसने तमाम पहलुओं पर विचार किया। ग्वांगझू में कई तरह के प्रतिबंध हैं और नए सत्र को ध्यान में रखते हुए उसने यह फैसला किया। उसने दो सप्ताह पहले अभ्यास शुरू कर दिया था और जनवरी तो वह पूरी तरह फिट हो जाएगी। इन सब चीजों को ध्यान में रखते हुए उसने भारतीय बैडमिंटन संघ को पत्र भेजकर अपने फैसले से अवगत कराया।